RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 259
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 28 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जांच एजेंसियों को गुमराह करने का प्रयास कर रही कांग्रेस

राष्ट्रीय-9

# ईडी को गिरफ्तारी, जब्ती, कुर्की का अधिकार

● पीएमएलए के तहत प्रवर्तन निदेशालय के विभिन्न अधिकारों को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में बुधवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तारी, धनशोधन में शामिल संपत्ति की कुर्की और जब्ती से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारों को बरकरार रखा है। केंद्र सरकार द्वारा अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ईडी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के विपक्ष के आरोपों के बीच कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम समेत कम से कम 240 याचिकाकर्ताओं ने पीएमएलए के प्रावधानों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

इन याचिकाओं को खारिज करते हुए न्यायालय ने कहा कि यह देखते हुए कि यह दुनियाभर में एक सामान्य अनुभव है कि धनशोधन एक वित्तीय प्रणाली के अच्छे कामकाज के लिए खतरा हो सकता है और यह कोई साधारण अपराध नहीं है। कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पी चिदंबरम, उनके बेटे कार्ति चिदंबरम, शिवसेना के संजय राउत, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, तृणमूल सांसद और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी और दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन सहित कई नेता कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी के निशाने पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि पीएमएलए में कई कड़े प्रावधान 2012 में यूपीए शासन द्वारा ही पेश किए गए थे, उस समय पी चिदंबरम वित्त मंत्री थे। केंद्र इस बात पर जोर देता रहा है कि धनशोधन एक ऐसा अपराध है जो न केवल बेईमान व्यापारियों बल्कि आतंकवादी संगठनों द्वारा भी किया जाता है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 2002 अधिनियम के तहत अधिकारी पुलिस अधिकारी जैसे नहीं हैं और प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के बराबर नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी. टी. रवि कुमार की पीठ ने कहा कि संबंधित व्यक्ति को हर मामले में एक ईसीआईआर की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य नहीं है और किसी आरोपी को गिरफ्तार करते समय ईडी द्वारा इसके आधार का खुलासा किया जाना ही पर्याप्त है। मामले में याचिकाकर्ताओं ने आरोपी को ईसीआईआर की सामग्री का खुलासा नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया था। अदालत ने कहा कि पीएमएलए की धारा-45 संज्ञेय तथा गैर-जमानती अपराधों से संबंधित है और यह उचित है और मनमानीपूर्ण नहीं है। पीठ ने 545 पृष्ठ के अपने फैसले में कहा कि 2002 अधिनियम की धारा 19 की संवैधानिक वैधता को दी गई चुनौती भी खारिज की जाती है। धारा 19 में कड़े सुरक्षा उपाय दिए गए हैं। प्रावधान में कुछ भी मनमानी के दायरे में नहीं आता। न्यायालय ने कहा कि अधिनियम की धारा-5 के तहत धनशोधन में संलिप्त लोगों की संपति कुर्क करना संवैधानिक रूप से वैध है। पीठ ने कहा कि यह व्यक्ति के हितों को सुरक्षित करने के लिए एक संतुलित व्यवस्था प्रदान करता है और यह भी सुनिश्चित करता है कि अपराध से अधिनियम के तहत प्रदान किए गए तरीकों से निपटा जाए। इस सवाल पर कि क्या पीएमएलए में कुछ संशोधनों को संसद द्वारा वित्त अधिनियम के माध्यम से अधिनियमित नहीं किया जा सकता है, अदालत ने कहा कि इसकी जांच नहीं की गई है। पीठ ने कहा कि पीएमएलए की धारा 24 का अधिनियम द्वारा हासिल किए जाने वाले उद्देश्यों के साथ उचित संबंध है और इसे असंवैधानिक नहीं माना जा सकता है।

धारा 24 के अनुसार जब किसी व्यक्ति पर धनशोधन का अपराध करने का आरोप लगाया जाता है, तो यह साबित करने का दायित्व आरोपी पर होगा कि अपराध की आय बेदाग संपत्ति है। इसने कहा कि अधिनियम की धारा 63, जो झूठी सूचना या सूचना देने में विफलता के संबंध में सजा से संबंधित है, किसी भी तरह से मनमानीपूर्ण नहीं है। पीठ ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 द्वारा परिकल्पित विशेष तंत्र के मद्देनजर सीआरपीसी के तहत किसी ईसीआईआर को एफआईआर के बराबर नहीं (शेष पेज 8)

**न्यायालय की टिप्पणियां**

- धनशोधन वित्तीय प्रणाली के अच्छे कामकाज के लिए खतरा हो सकता है, यह कोई साधारण अपराध नहीं।
- ईसीआईआर को आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत एफआईआर के बराबर नहीं माना जा सकता।
- संबंधित व्यक्ति को हर मामले में एक ईसीआईआर की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य नहीं है।
- किसी आरोपी को गिरफ्तार करते समय ईडी द्वारा इसके आधार का खुलासा किया जाना ही पर्याप्त।
- धारा 24 के अनुसार धनशोधन के आरोपों पर यह साबित करने का दायित्व आरोपी पर होगा कि आय बेदाग संपत्ति।

# बीएसएनएल को 1.64 लाख करोड़ का पैकेज

● सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी के पुनरुद्धार के लिए कैबिनेट ने दी मंजूरी

● बीएसएनएल और बीबीएनएल के विलय को हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के पुनरुद्धार के लिए बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1.64 लाख करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने बीएसएनएल और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) के विलय करके सेवाओं में सुधार, स्पेक्ट्रम आवंटन, बहीखातों को मजबूत करना और कंपनी के फाइबर नेटवर्क के विस्तार के लिए नई पूंजी का समावेश शामिल है।

दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसले के बारे में पत्रकारों को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 26,316 करोड़ रुपये की कुल लागत से देश भर के अछूते गांवों में 4जी मोबाइल सेवाओं की संतृप्ति के लिए एक परियोजना को भी मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना दूरदराज और दुर्गम इलाकों के 24,680 गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि हम बीएसएनएल को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दूरसंचार एक रणनीतिक क्षेत्र है, जहां सरकार बीएसएनएल की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल को 2019 में दिए गए पहले पुनरुद्धार पैकेज से कंपनी में स्थिरता आई और इसके बाद उसने परिचालन लाभ दर्ज किया। आज के 1,64,156 करोड़ रुपए के पुनरुद्धार पैकेज के साथ बीएसएनएल एक व्यवहार्य इकाई बनेगी। बीएसएनएल निजी कंपनियों के हाथों तेजी से बाजार हिस्सेदारी खो रही है और अगर प्रौद्योगिकी तथा सेवाओं के उन्नयन के लिए सरकारी मदद नहीं मिलती, तो वह गहरे संकट में फंस जाती। वैष्णव ने कहा कि बीएसएनएल के 33,000 करोड़ रुपए के वैधानिक बकाए को इक्विटी में बदला जाएगा। साथ ही कंपनी इतनी ही राशि (33,000 करोड़ रुपए) के बैंक कर्ज के भुगतान के लिए बॉन्ड जारी करेगी। उन्होंने बताया कि पैकेज में 43,964 करोड़ रुपए का नकद हिस्सा शामिल है। पैकेज के तहत 1.2 लाख करोड़ रुपए गैर-नकद रूप में चार साल के दौरान दिए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि 4जी सेवाओं की पेशकश के लिए बीएसएनएल को स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन किया जाएगा। इसके तहत 900,1800 मेगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम का आवंटन इक्विटी निवेश के जरिए किया जाएगा, जिसकी लागत 44,993 करोड़ रुपए होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार 4जी प्रौद्योगिकी का ढांचा विकसित करने के लिए अगले चार साल के दौरान 22,471 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय करेगी। वैष्णव ने कहा कि पुनरुद्धार पैकेज से बीएसएनएल को सेवाओं में सुधार करने और 3-4 वर्षों में शुद्ध लाभ दर्ज करने में मदद मिलेगी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी अगले एक-डेढ़ साल में 5जी सेवाएं शुरू करेगी। इसके अलावा सरकार बीएसएनएल को 2014-15 से 2019-20 के दौरान व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य ग्रामीण वायरलाइन संचालन के लिए 13,789 करोड़ रुपए देगी। उन्होंने कहा कि भारतनेट के तहत स्थापित बुनियादी ढांचे के व्यापक उपयोग के लिए बीबीएनएल का बीएसएनएल में विलय किया जाएगा। भारतनेट के तहत बना बुनियादी ढांचा एक राष्ट्रीय संपत्ति बना रहेगा, जो सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध होगा। एमटीएनएल और बीएसएनएल के विलय पर वैष्णव ने कहा कि इसकी योजना है लेकिन इसके लिए जटिल वित्तीय पुनर्गठन की जरूरत है।

# नोएडा और गाजियाबाद में मिले मंकीपॉक्स के दो संदिग्ध मरीज

● उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड अस्पतालों में मंकीपॉक्स पीड़ितों के लिए दस बिस्तर आरक्षित रखने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद/लखनऊ

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के बाद करीब शहरों नोएडा और गाजियाबाद में मंकीपॉक्स के दो संदिग्ध मरीज मिले हैं। जिला एवं स्वास्थ्य प्रशासन ने दोनों मरीजों के सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे भेज दिए हैं। मरीजों पर चिकित्सक निगरानी बनाए हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के कुछ हिस्सों में मंकीपॉक्स संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर राज्य में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के कोविड अस्पतालों में मंकीपॉक्स प्रभावित मरीजों के लिए कम से कम 10-10 बिस्तर आरक्षित रखे जाएं।

ग्रेटर नोएडा में एक 47 वर्षीय महिला टीचर में मंकीपॉक्स के लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने पीपीपी किट पहनकर सैंपल लिया। महिला दिल्ली में शिक्षिका है। जिला एवं स्वास्थ्य प्रशासन उसकी ट्रैवल हिस्ट्री (यात्रा विवरण) की जानकारी जुटा रही है, क्योंकि देश में अभी तक जितने भी मंकीपॉक्स के मरीज मिले हैं, वे दूसरे देशों से आए हैं। यदि महिला की ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिलती तो चौंकाने वाली बात होगी। वहीं गाजियाबाद में मंगलवार को जिला एमएमजी अस्पताल की ओपीडी में मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज मिला है।

परिवार के साथ अर्थला में रहने और साहिबाबाद की कंपनी में काम करने वाला यह 28 वर्षीय मरीज फिलहाल घर पर है। जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि अर्थला का एक व्यक्ति ओपीडी में पहुंचा था। चिकित्सकों ने मरीज के शरीर के दाने देखकर चिकनपॉक्स मानते हुए तुरंत परामर्श लिख दिया, लेकिन चिकित्सकों ने इसकी जानकारी सीएमओ (शेष पेज 8)

# अमेरिका ने श्रीलंका की सहायता करने पर भारत को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अमेरिका** ने बुधवार को श्रीलंका के ताजा संकट के दौरान भारत द्वारा मदद पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की है। अमेरिका ने कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे द्वीपीय (आइलैंड) देश को भारत ने महत्वपूर्ण उपायों और बेहद तत्परता से मदद पहुंचाई है। वहीं इस मुश्किल घड़ी में चीन द्वारा मदद रोकने पर भी अमेरिका ने सवाल उठाए। अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए काम करने वाली अमेरिकी एजेंसी (यूएसएआईडी) की प्रशासक सामंथा पावर ने यह भी कहा कि श्रीलंका को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करने में बीजिंग पीछे रह गया है। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि जबकि बीजिंग ने श्रीलंका को लाइन ऑफ क्रेडिट के रूप में अधिक मदद का वादा करने के बावजूद महत्वपूर्ण राहत रोक दी। उन्होंने कहा कि सभी का सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बीजिंग अन्य द्विपक्षीय लेनदारों की तरह अपने ऋण का पुनर्गठन (रिस्ट्रक्चरिंग) करेगा। दिल्ली आईआईटी में (शेष पेज 8)

# कर्नाटक भाजपा के युवा नेता की हत्या, सांप्रदायिक तनाव



कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भाजयुमो नेता को श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग

● संघ परिवार ने हत्या के विरोध में कई जगह बंद का आह्वान किया

भाषा। मेंगलुरु, बेंगलुरु

**दक्षिण** कन्नड़ जिले में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के सदस्य की हत्या के बाद बुधवार को कई स्थानों पर तनाव उत्पन्न हो गया। कई जगहों पर पथराव और पुलिस लाठीचार्ज की खबरें आई हैं। संघ परिवार ने हत्या के विरोध में बुधवार को पुत्तुर, कदाबा और सुलिया तालुक में बंद का आह्वान किया है। गौरतलब है कि मंगलवार रात को जिला भाजपा युवा मोर्चा समिति के सदस्य प्रवीन नेत्तारु की बेल्लारे में उसकी दुकान के सामने मोटरसाइकिल पर आए अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे का रहने वाला नेत्तारू मंगलवार देर शाम को अपनी दुकान बंद (शेष पेज 8)

# ईडी ने सोनिया से तीन घंटे की पूछताछ, नया समन नहीं



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े कथित धन शोधन के मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से बुधवार को लगातार तीसरे दिन तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। हालांकि, उन्हें कोई नया समन जारी नहीं किया गया है, जो इस बात का संकेत है कि उनसे एजेंसी की पूछताछ पूरी हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूछताछ के साथ सोनिया गांधी से गत तीन दिन में 11 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई है और उन्होंने करीब 100 सवालों का सामना किया है। उन्होंने बताया कि गांधी से पहले दौर की पूछताछ 21 जुलाई को हुई थी। सोनिया गांधी अपनी बेटी प्रियंका गांधी वाद्रा और बेटे राहुल गांधी के साथ पूर्वाह्न (शेष पेज 8)

# निलंबित सांसदों ने शुरू किया 50 घंटे तक का विरोध प्रदर्शन

● निलंबन वापसी के लिए विपक्षी नेताओं ने राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू से की मुलाकात, उन्होंने रख दी माफी की शर्त

● राहुल का प्रधानमंत्री पर कटाक्ष, लोकतंत्र के मंदिर में सवालों से डरते हैं राजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सदन** की कार्यवाही बाधित करने के लिए राज्यसभा से निलंबित किए गए 20 विपक्षी सांसदों ने बुधवार को संसद परिसर में 50 घंटे तक विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। सांसदों के निलंबन और अन्य मुद्दों पर हंगामे के चलते बुधवार को ऊपरी सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका।

कई विपक्षी दलों के नेताओं ने राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात कर सांसदों का निलंबन रद्द करने की मांग की और कहा कि ऐसा होता है तो संसद में अच्छी उपस्थिति दर्ज होगी और मुद्दों पर सार्थक बहस हो सकती है, लेकिन नायडू ने स्पष्ट किया कि ऐसा तभी हो सकता है जब सांसद अपने व्यवहार पर खेद व्यक्त करें। सरकार ने संकेत दिया है कि महंगाई पर अगले हफ्ते संसद में चर्चा हो सकती है। हालांकि, सरकार अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना पर बहस के लिए उत्सुक नहीं दिखती है। वह इस आधार पर इस मामले से बच सकती है कि यह विचाराधीन है। बीते 18 जुलाई को मॉनसून सत्र शुरू होने के बाद से ही विपक्षी दल कीमतों में वृद्धि और जीएसटी जैसे मुद्दों पर तत्काल चर्चा के लिए दबाव बनाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे संसद में कार्यवाही ठप हो गई है।

नायडू से मिलने वालों में कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे और केसी वेणुगोपाल, राम गोपाल यादव (सपा), डेरेक ओ ब्रायन (तृणमूल), तिरुचि शिवा (डीएमके), संजय राउत (शिवसेना), इलामारम करीम (सीपीएम), बिनॉय विश्वम (सीपीआई), (शेष पेज 8)

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,816 | ↑ 547 | |
| निफ्टी | 16,641 | ↑ 157 | |
| सोना | 51,166 | ↑ 115 | /10g |
| चांदी | 55,485 | ↑ 482 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में लालू यादव के पूर्व ओएसडी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के सहयोगी भोला यादव को रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। प्रसाद जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में रेल मंत्री थे तब यह कथित घोटाला हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने बुधवार को यादव के चार परिसरों में छापेमारी भी की। इनमें दरभंगा और पटना में दो-दो परिसर शामिल हैं। यादव 2005 और 2009 के बीच तत्कालीन रेल मंत्री प्रसाद के विशेष कार्य अधिकारी थे। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी ने एक रेलवे कर्मचारी हृदयानंद चौधरी को भी गिरफ्तार किया है, जो घोटाले के कथित लाभार्थी हैं।

# मिथुन चक्रवर्ती का दावा, तृणमूल के 38 विधायक भाजपा के संपर्क में



भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने बुधवार को दावा किया कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 38 विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि 38 विधायकों में से 21 सीधे उनके संपर्क में हैं। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कम से कम 38 तृणमूल विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। उनमें से 21 व्यक्तिगत रूप (शेष पेज 8)

# संभले नहीं तो शीघ्र कम पड़ जाएंगे प्राकृतिक संसाधन

● अंधाधुंध दोहन के चलते साल भर चलने वाला संसाधन आठ माह में हो रहा खत्म, इसमें भारत भी शामिल

● 2030 तक मनुष्यों को दो पृथ्वी पर पैदा होने जितने संसाधनों की पड़ेगी आवश्यकता

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली

**प्राकृतिक** संसाधनों का जितनी तेजी से दोहन हो रहा है उतनी तेजी से उनकी भरपाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में भारत की निगाहें नवीनीकरण ऊर्जा के भविष्य की ओर टिकी हैं। चाहे देश चलाना हो या घर, हमारे लिए हमेशा अपने बजट के भीतर खर्च करना आवश्यक है। पृथ्वी का भी अपना बजट है- पारिस्थितिकी बजट, जहां आय और खर्च प्राकृतिक संसाधन के रूप में होते हैं। हर बजट की तरह पृथ्वी का बजट भी सीमित है। आज मनुष्य पृथ्वी के संसाधनों को केवल सात से आठ महीनों में खर्च कर रहा है जबकि उनका इस्तेमाल एक साल तक किया जाना चाहिए।

अर्थ ओवरशूट डे वह तारीख है जब साल के लिए पृथ्वी के सभी पारिस्थितिकी संसाधनों और सेवाओं का उपभोग कर लिया जाता है। इस साल यह 28 जुलाई को आ रहा है। ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क की एक रिपोर्ट के अनुसार, 1971 में अर्थ ओवरशूट डे 25 दिसंबर को था और हर साल यह दिन पहले ही आ रहा है। वर्तमान में मनुष्य एक साल के संसाधनों का इस्तेमाल 1.7 गुना अधिक कर रहा है। 2030 तक मनुष्यों को दो पृथ्वी पर पैदा होने जितने संसाधनों की आवश्यकता पड़ेगी। भारतीय संदर्भ में देश को 2030 तक अपनी मांग पूरी करने के लिए 2.5 गुना अधिक प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता पड़ेगी।



तेजी से बढ़ती आबादी द्वारा किए जा रहे संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने मांग और आपूर्ति के संबंध को पलट दिया है। अगर उसकी जन्म दर कम भी होती है तब भी 2030 तक भारत की आबादी करीब 1.51 अरब होगी। ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क की रिपोर्ट के अनुसार, अधिक मछलियां पकड़ने, वनों की अंधाधुंध कटाई और कार्बन डाइऑक्साइड के अत्यधिक उत्सर्जन पृथ्वी पर संसाधनों की कमी की मुख्य वजहें हैं। पृथ्वी कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करके वातावरण को स्वच्छ करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड हटाने के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधन पारिस्थितिकी फुटप्रिंट का 60 फीसदी हैं। 150 वर्ष पहले यह फुटप्रिंट न के बराबर था। दुनिया अपनी ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड द्वारा जारी जीवाश्म ईंधन पर काफी हद तक निर्भर करती हैं।

बीपी स्टैटिस्टिकल रिव्यू ऑफ वर्ल्ड एनर्जी के अनुसार, 2021 में करीब 61.74 फीसदी बिजली की मांग जीवाश्म स्रोतों से पूरी की गई थी। भारत में करीब 78.5 प्रतिशत बिजली जीवाश्म ईंधनों से पैदा की जाती है। इसके बाद 19 प्रतिशत बिजली की जरूरत नवीनीकरण स्रोतों और 2.5 फीसदी परमाणु स्रोतों से पूरी की जाती है। भारत में बिजली आपूर्ति का सबसे बड़ा, 44 प्रतिशत स्रोत कोयला है। भारत 2050 तक ऊर्जा क्षेत्र से उत्सर्जन कम करके और नवीनीकरण ऊर्जा (शेष पेज 8)

# पार्थ चटर्जी की सहयोगी के एक और फ्लैट से मिली भारी मात्रा में नकदी

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अर्पिता मुखर्जी के एक और फ्लैट से बुधवार को भारी मात्रा में नकदी मिली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुखर्जी को राज्य के उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी माना जाता है, जिन्हें एजेंसी ने इसी मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी ने मुखर्जी को उनके दक्षिण कोलकाता स्थित फ्लैट से 21 करोड़ रुपए की नकदी मिलने के एक दिन बाद 23 जुलाई को गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने बताया कि इस बार उत्तर कोलकाता के बेलघरिया स्थित फ्लैट से नकदी मिली है जिसकी मालकिन मुखर्जी हैं। अधिकारी ने कहा कि बेलघरिया के रथाला इलाके में अर्पिता के दो फ्लैट को ताला तोड़कर खोला गया क्योंकि (शेष पेज 8)

# सितंबर तक तैयार होगा पर्थला फ्लाईओवर

## परियोजना का 62 प्रतिशत काम पूरा, 10 लाख से ज्यादा लोगों को होगा लाभ

● 412 करोड़ की पांच परियोजनाओं का भी मिलेगा उपहार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज के तर्ज पर बने रहे पर्थला फ्लाईओवर का निर्माण छह माह तक पूरा हो जाएगा। इस फ्लाईओवर बनने से पहले दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और भविष्य में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लगभग 100 से अधिक सेक्टरों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा। यही नहीं इसी के साथ 10 लाख से ज्यादा लोगों को इसका फायदा होगा।

बता दें कि पर्थला चौक पर बन रहे फ्लाईओवर का निर्माण एमपी 3 मार्ग के सामने हो रहा है जिसका लगभग 62 प्रतिशत पूरा हो गया है। यह छह लेन का फ्लाईओवर है। प्राधिकरण का कहना है कि सितंबर तक इसका काम पूरा होगा।

ये फ्लाईओवर बन जाने से सेक्टर 51, 52, 61, 70 से 79 सेक्टर तक और 121, 122 के लोगों को आने जाने में आसानी होगी। इसके अलावा दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़ और ग्रेनो वेस्ट के लोग बिना सिग्नल के सफर कर सकेंगे।

गौरतलब है कि नोएडा में पांच परियोजनाओं पर काम जारी है. इसमें 1 फ्लाईओवर, 2 अंडरपास और 2 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल है। अधिकारियों का माने तो प्राधिकरण सितंबर तक 412 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देगा। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज की तर्ज पर नोएडा में बनने वाले निर्माणाधीन पर्थला फ्लाईओवर से लाखों लोगों को आसानी होगी।

इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण शहर में 2 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनवा रही है जिससे नोएडा के 100 से ज्यादा सेक्टर में रहने वाले लोगों को फायदा होगा। नोएडा प्राधिकरण बालोलपुर अंडरपास का निर्माण करवा रही है ये बहलोलपुर गांव में बनाया जा रहा है।

इस निर्माणाधीन अंडरपास का काम लगभग 88 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस अंडरपास के बन जाने के बाद सेक्टर 63, 64, 65 और 69 जाने वाले लोगों को फायदा होगा क्योंकि इस अंडरपास की मदद से लोग बिना सिग्नल के बहलोलपुर से इन सेक्टरों की तरफ जा सकेंगे। इसके अलावा नोएडा एक्सप्रेसवे से 19.4 किलोमीटर पर बन रहे कोंडली अंडरपास का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। इस परियोजना के पूरा होने से लगभग 6 सेक्टर में रहने वाले लोगों को फायदा होगा।

कोंडली, गढ़ी और साथ में सेक्टर 150, 149, 148, 153, 151 और 152 में रहने वाले लोगों को 75 मीटर चौड़ी सड़क से फायदा होगा। इसी के साथ रोजाना 80 मिलियन लीटर की क्षमता वाला सेक्टर-123 में बन रहा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम भी लगभग पूरा हो चुका है, इससे लगभग 28 सेक्टर में रहने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा।

वहीं सेक्टर 168 में 100 मिलियन लीटर की क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से शहर के 91 सेक्टरों में रहने वाले लोगों को फायदा होगा।

### कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न पर होने पर डीएम ने दी बधाई


**गाजियाबाद।** जिले में कांवड़ यात्रा व श्रावण मेला शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने पर डीएम आरके सिंह ने सभी प्रशासन के अधिकारी, पुलिस के अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन व सिविल डिफेंस के वार्डन को बधाई दी है। 22 जुलाई से जिले में शुरू हुई कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में कांवडिया मेरठ मार्ग से होते हुए गाजियाबाद से गुजरे थे।

ऐसे में शिवभक्तों को कोई समस्या न हो इसके लिए खुद डीएम आरके सिंह और एसएसपी मुनिराज ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रखी। रातदिन अधिकारी और कर्मचारी कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए लगे रहे। कांवड़ यात्रा और श्रावण मेला सम्पन्न हो गया है। इस दौरान जिले से कहीं भी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। शांतिपूर्ण कांवड़ यात्रा संपन्न होने पर जिलाधिकारी ने सभी को बधाई दी है।

# नोएडा के मेट्रो हॉस्पिटल पर इनकम टैक्स का छापा

● आयकर रिटर्न दाखिल करने में हेराफेरी का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को मेट्रो अस्पताल समूह के नोएडा एवं गुरुग्राम के ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा टीम ने एक अन्य निजी अस्पताल के नई दिल्ली, फरीदाबाद तथा हरिद्वार में छापेमारी की। आयकर विभाग की टीम ने सुबह सेक्टर-12 स्थित मेट्रो हॉस्पिटल एवं हार्ट इंस्टीटयूट तथा सेक्टर-11 स्थित मेट्रो मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एक साथ छापेमारी की।

यहां पर आयकर विभाग की दिल्ली यूनिट ने एक साथ दोनों अस्पतालों में छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक अस्पताल प्रबंधन के पिछले 5 वर्षों के दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करने के दौरान करोड़ों रुपये की कर चोरी का पता चला है। इसी के मद्देनजर अस्पताल समूह के सभी ठिकानों पर सघन छापेमारी की जा रही है।

छापेमारी के दौरान प्रबंधन के किसी भी व्यक्ति के हास्पिटल परिसर से बाहर जाने और बाहर से किसी के भीतर दाखिल होने पर रोक है। अस्पताल परिसर के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया है। इसके अलावा एक और निजी अस्पताल के फ रीदाबाद, दिल्ली, जयपुर तथा हरिद्वार के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी की जा रही है।

# अगस्त से 5 रूट पर संचालित होंगी ई-बस

● दिल्ली से उत्तर प्रदेश के लिए मिलेगी बेहतर कनेक्टवेटी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ई-बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अब गाजियाबाद ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के बेड़े में 20 और ई-बसों को अगस्त माह में शामिल किया जाएगा।

निजी कंपनी से ई-बस मिलने के बाद शहर के तीन रूट के बदले पांच रूटों पर ई-बसों का संचालन किया जाएगा। मौजूदा समय में तीन रूट पर कुल 29 ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। इसके बाद ही शहर के दो रूट का सर्वे किया जा रहा है। जल्द ही सर्वे पूरा कर लिया जाएगा। अगस्त माह से शहर के पांच रूट पर ई-बसों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए ई-बस डिपो प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा राजनगर एक्सटेंशन, राजनगर और भजनपुरा रूट का सर्वे किया जा रहा है। मौजूदा समय में शहर के तीन रूट कौशांबी, मोदीनगर, दिलशाद गार्डन, मसूरी और लोनी से पुराना बस अड्डा रूट पर ई-बसों का संचालन हो रहा है। राजनगर और राजनगर एक्सटेंशन से दिल्ली जाने के लिए कोई सीधी सवारी नहीं हैं। ऐसे में यहां के लोगों को दिल्ली आवाजाही करने में साधन बदलने पड़ते है। इसके साथ ही इस रूट पर ऑटो का संचालन नहीं होने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग कैब या निजी वाहन से आवाजाही करते हैं।

कौशांबी तक ई-बसों का संचालन किया जाएगा। वहीं, पुराना बस अड्डे से दिल्ली के भजनपुरा तक ई.बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। इससे गाजियाबाद से दिल्ली जाने वाले लोगों को तुलसी निकेतन बॉर्डर पर ऑटो बदलने के झंझट से छुटकारा मिल जाएगी।

### विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**नोएडा।** पुलिस खाड़ी देशों में नौकरी लगाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी 30 से 50 हजार रुपये लेकर फर्जी वीजा और नौकरी के नियुक्ति पत्र देकर ठगी करते थे।

वैशाली से पुलिस ने दोनों आरोपी उस समय दबोचे जब वह ऑफि स से सामान निकालने की फिराक में थे। गिरोह का सरगना तथा एक अन्य आरोपी अभी फ रार हैं। सीओ इंदिरापुरम अभय कुमार मिश्रा के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के 8.10 लोगों ने कौशांबी थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके साथ सऊदी अरब, दुबई, कतर आदि देशों में नौकरी के नाम पर ठगी हुई है।

# अंधेरे में डूबी ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सड़कें, प्राधिकरण सख्त

● कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सड़कों को रोशन करने का जिम्मा उठा रही सूर्या रोशन लिमिटेड को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की गयी है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नागरिकों की शिकायत पर प्राधिकरण ने भी कड़ा रूख अपनाया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नागरिकों का आरोप है कि क्षेत्र की कोई भी ऐसी सड़क नहीं है जहां स्ट्रीट लाइट पूरी तरह जलती हो। तिगड़ी से सूरजपुर रोड, लिंक रोड हो या चार मूर्ति से तिलपता या फिर सेक्टरों के अंदर की रोड यहां पर स्ट्रीट लाइट ना जलने की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा की जाती है।

ग्रेनो प्राधिकरण व सूर्या रोशनी के बीच हुए कांट्रेक्ट के मुताबिक 3 दिन के अंदर कंपनी को खराब लाइटें ठीक करनी होती हैं। लेकिन कंपनी कई हफ्तों तक लाइट ठीक नहीं करवाती। वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पीली लाइटों को एलईडी में बदले हुए अभी 3 महीने भी नहीं हुए हैं और आधे से ज्यादा लाइटें बंद पड़ी हुई हैं। कंपनी को स्मार्ट पैनल भी लगाने थे ताकि प्राधिकरण उन्हें कमांड सेंटर से कंट्रोल कर सकें लेकिन कंपनी ने स्मार्ट पैनल भी लगाये।

निवासियों के मुताबिक ग्रेनो वेस्ट के चारमूर्ति से हिन्डन ब्रिज तक, हिन्डन ब्रिज की सभी लाइटें से चारमूर्ति के बीच, गौर सिटी-1 के पास ताज हाईवे, गौर सिटी-2 से तिगड़ी गेट तक ताज हाईवे, 130 रोड पर इटेडा गोलचक्कर और इटेडा गोलचक्कर से शाहबेरी वाली सड़क, गैलेक्सी वेगा से तिलपता की ओर बढ़ते ही 130 वाली सड़क, टेकजोन.7 और सेक्टर.10 के बीच की सड़कए डी.पार्क के पास 130 सड़क, चारमूर्ति से ऐस एस्पायर वाली सड़क, मिलेनियम स्कूल के पास छोटे डी पार्क से 130 के डी पार्क को जोडने वाली सड़क, न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर वाली सड़क, सेक्टर.2 के अंदरूनी सड़क की पूरी लाइटें नहीं जलती है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक ईएडएम-1 गुरविंदर सिंह ने स्ट्रीट लाइटों के खराब होने को लेकर सूर्या रोशनी लिमिटेड को पिछले दिनों चेतावनी भी दी थी। शिकायतें पर कार्यवाही करते हुए प्राधिकरण ने कंपनी पर अर्थदंड भी लगाया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि यदि कंपनी ने अनुबंध के अनुसार काम नहीं किया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# छात्रा को अगवा कर रेप, मुठभेड़ में आरोपी को लगी गोली

● स्कूल जा रही थी, पीड़िता

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में स्कूल जा रही 13 वर्षीय छात्रा के साथ एक युवक ने रेप किया। घटना के बाद पीड़ित किशोरी ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ सेक्टर 24 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बुधवार दोपहर बाद आरोपी के साथ पुलिस मुठभेड़ हुई जिसमें आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया कि आरोपी का मेडिकल कराकर पुलिस उसे थाने ला रही थी। इस दौरान पुलिस की जीप से कूदकर भागने लगा। वे सेक्टर-25 के जंगलों की तरफ भागा। आरोपी ने पत्थर उठाकर पुलिस पर फेंका। घेराबंदी कर पुलिस ने सरेंडर करने का कहा। वह नहीं माना जवाबी कार्यवाही में आरोपी सनी के पैर में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया है। सेक्टर 24 थाना क्षेत्र निवासी किशोरी बुधवार सुबह साइकिल से सेक्टर.12 स्थित अपने स्कूल जा रही थी।

आरोप है कि इस दौरान उनके घर से कुछ दूर रहने वाले एक युवक किशोरी को बहला-फुलाकर वेव सिटी के पास जंगल में एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ जबरन रेप किया। घटना के बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। किशोरी ने घर पहुंच कर मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। पीड़ित छात्रा परिजनों के साथ सेक्टर 24 थाना पहुंची और आरोपी के खिलाफशिकायत की है। शिकायत के बाद सेक्टर 24 थाना पुलिस ने छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# नामांतरण पॉलिसी को लेकर नया मोड़, बोर्ड में जाएगा प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● शुल्क राशि को लेकर हुआ विवाद

नामांतरण शुल्क को लेकर पैदा हुए विवाद के बाद नगर निगम अब बड़ा फैसला लेने जा रहा है। नगर निगम इस प्रकरण को अब निगम बोर्ड के समक्ष रखेगा।

हाल ही में नामांतरण को लेकर शुल्क को लेकर नगर निगम में बड़ा विवाद पैदा हो गया था। दरअसल नगर निगम ने नई पॉलिसी को लागू की है। जिसमें कहा गया कि अगर किसी ने पूर्व में तीन बार हुई रजिस्ट्री के दौरान नामांतरण नहीं कराया है और चौथी बार किसी ने प्रॉपर्टी की खरीद की तो उसे चार बार प्रॉपर्टी खरीद में लगे स्टांप शुल्क का एक प्रतिशत पैसा नगर निगम को देना होगा।

बैठक में पार्षद हिमांशु मित्तल ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। उनका कहना था कि इस पॉलिसी को खारिज किया जाए। नगर निगम ने बोर्ड की इस भावना के विपरीत जाते हुए इस पर आपत्ति और सुझाव मांगे।

## संक्षिप्त समाचार



समाधान दिवस पर जनसुनवाई करतीं सीईओ ऋतु माहेश्वरी।

### तिरंगी रोशनी से सराबोर होगा नोएडा

**नोएडा।** आजादी के अमृत महोत्सव पर नोएडा को तिरंगी लाइटों से रोशन करने के उद्देश्य से नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के अफसरों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के चारों खंडों के वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि 10 अगस्त तक सभी विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के अनुरक्षण कार्य पूरे कर लिया जाएं। इसके अलावा प्रत्येक खंड में 100-100 तिरंगा लाइटें लगाई जाए तथा आठ नए फाउंटेन स्थापित किये जाएं। इसके अलावा फिल्म सिटी फ्लाईओवर तथा महामाया फ्लाईओवर पर सभी फसाड लाइट लगा दी जाएं। सीईओ ने निर्देश दिए कि सेक्टर-38 के पास डीएलएफ मॉल तथा गोल्फकोर्स के आसपास तिरंगा लाइट लगा दी जाए। बता दें कि विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के चारों खंडों में कुल 2037 तिरंगा लाइट स्थापित की जा चुकी हैं। इसके अलावा चौराहों तथा सड़क के किनारे स्थित स्ट्रीट लाईट पोल पर भी तिरंगा लाइटें लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### कंपनी ने केरल नहीं भेजी कार, और रुपये भी मांग रही

**नोएडा।** पैकर्स-मूवर्स कंपनी के अधिकारियों ने एक व्यक्ति से 15 हजार रुपये लेकर उनकी कार केरल भेजने का वादा किया। आरोप है कि कंपनी की तरफ से कार केरल नहीं भेजी गई। अब कार मालिक से 41 हजार रुपये की मांग की जा रही है। पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-50 निवासी संजय प्रताप ने बताया कि उन्होंने पैकर्स.मूवर्स नाम की एक कंपनी से संपर्क किया। उन्होंने अपनी कार केरल भेजने के लिए उनसे बात की। कंपनी अधिकारियों ने कार को केरल भेजने के लिए 15 हजार रुपये मांगे। इस पर संजय ने हामी भर दी। साथ ही, उन्हें 15 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। संजय ने अपनी कार उन्हें केरल भेजने के लिए दे दी। संजय का आरोप है कि उनकी कार उनके बताए गए स्थान पर नहीं पहुंची है। इसको लेकर पीड़ित ने संबंधित कंपनी के अधिकारियों से बात की। आरोप है कि अधिकारी अब संजय से 41 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। आरोपी 41 हजार रुपये लेने के बाद ही कार को संबंधित स्थान पर भेजने की बात कह रहे हैं।

### महिला समेत दो को सांप ने काटा

**नोएडा।** शहर में दो अलग-अलग जगहों पर युवक और महिला को सांप ने काट लिया। उन्हें अत्यंत गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सेक्टर.116 में रहने वाले वाले सचिन बुधवार रात को सांप ने काट लिया। वह आम्रपाली ड्रीम वैली सोसाइटी में रहते हैं। हालत खराब होने पर परिजनों को घटना का पता चला। फिर सचिन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां पर हालत में सुधार न होने पर सचिन को उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अभी उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं, सेक्टर 168 स्थित छपरौली गांव में रहने वाली 30 वर्षीय आशा देवी को भी रात को घर के पास ही सांप ने काट लिया। इससे उनकी हालत भी बेहद खराब हो गई। परिजनों ने पहले उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, यहां से उन्हें दिल्ली के अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

# सेफ्टी बेल्ट का हुक टूटने से 100 फीट नीचे गिरा हेल्पर, मौत

रैपिड ट्रेन निर्माण हादसा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

निर्माणाधीन रैपिड ट्रेन के गाजियाबाद स्टेशन पर काम के दौरान हेल्पर की 100 फीट नीचे गिरने से मौत हो गई।

हादसा 25 जुलाई को दोपहर बाद तीन बजे सेफ्टी बेल्ट का हुक टूटने के कारण हुआ, जिसमें मृतक के भाई ने कार्यदायी संस्था पर लापरवाही का आरोप लगा थाना सिहानी गेट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे पहले भी कार्यदायी संस्था की लापरवाही सामने आ चुकी है। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के पीएसओ की कार पर 20 किलो का सरिया गिर गया था। चंदन कुमार ने बताया कि वह छोटे भाई अमन 22 के साथ यहां दो माह पहले काम करने आए थे। अमन वायडक्ट के पास शटरिंग की प्लाई हटा रहा था। इसी दौरान सेफ्टी बेल्ट का हुक टूटा और वह 100 की ऊंचाई से जमीन पर आ गिरा।

# किरायेदार ने फ्लैट खाली करने के लिए मांगा समय, सामान रखने की नहीं दी इजाजत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पीड़ित मकान मालिक परिवार

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी में बुजुर्ग दपती अभी भी फ्लैट के बाहर सीढ़ियों पर डेरा डाले बैठे हुए हैं। वहीं, किरायेदार ने बुजुर्ग दंपती से फ्लैट खाली करने के लिए पांच दिन का समय मांगा है। इस पर बुजुर्ग दपती ने अपनी सहमति जताते हुए फ्लैट के एक कमरे में अपना सामान रखने को कहा। पीड़ित राखी गुप्ता ने बताया कि किरायेदार ने उनके इस प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया है।

निराश व हताश बुजुर्ग दंपती बार.बार किरायेदार से अपने ही घर के किसी कोने में सामान रखने की गुहार लगा रहे हैं। वहीं, बुजुर्ग दंपती के समर्थन में सोसायटी के लोग भी आगे आ गए हैं। लोगों ने बीती रात को कैंडिल मार्च निकाल कर महिला के फ्लैट कब्जा करने का विरोध किया था। मंगलवार की रात बुजुर्ग महिला राखी गुप्ता की तबीयत भी बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भर्ती कराना पड़ा। हालांकि, प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें एक घंटे बाद ही छुट्टी दे दी। राखी गुप्ता ने बताया कि वह ब्लड प्रेशर व डायबटीज बीमारी से ग्रस्त हैं। पिछले चार दिनों में उनकी दो बार हालत बिगड़ चुकी है।

### मधुबन-बापूधाम में ज्वैलर्स के साथ लूट

**गाजियाबाद।** मधुबन-बापूधाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैक्टर-23 ई.ब्लॉक में स्थित नक्षत्र ज्वैलर्स की दुकान से एक लुटेरा लगभग ढाई लाख की कीमत की सोने की तीन चेन लूटकर भाग गया। लगभग साढ़े दस बजे हुई इस लूट की वारदात के बाद घटनास्थल के आसपास दहशत का माहौल व्याप्त हो गया, वहीं पुलिस प्रशासन में भी हडकंप मच गया।

वारदात की सूचना मिलते ही सैक्टर-23 चौकी प्रभारी, एसएचओ मुनेश सिंह, सीओ अवनीश कुमार व एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल सहित पुलिस के अन्य अफसर भी घटनास्थल पर पहुंच गये।

### भाजपा कार्यकर्ता पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** सर्फाबाद गांव में भाजपा नेता के घर पर हमला कर सरेआम गोली चलाने के मामले में बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि सर्फाबाद गांव में रहने वाले घनश्याम यादव भाजपा कार्यकर्ता हैं।

उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह 19 जुलाई की रात को अपने दोनों बेटे और अपनी पत्नी के साथ घर में खाना खा रहे थे। इसी बीच गांव के विजेंद्र, कपिल, अन्नू, रोहतास उर्फ गब्बू और गज्जू हथियार से लैस होकर आए। आरोप है कि इन लोगों ने घर में घुसकर उन पर और उनके बच्चों और पत्नी के साथ मारपीट कर गाली गलौज की।

**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
सीआईएन : एल65929डीएल1947पीएलसी001240 ; ई मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9 10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002
फोन : +91 7303495375 ; वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com

सूचना

कम्पनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरण

एतद्द्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के साथ पठित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, अंतरण और वापसी) नियमावली, 2016 और उसके संशोधन (नों) ("आईईपीएफ नियमावली") के अनुसरण में कम्पनी द्वारा ऐसे सभी शेयर, आईईपीएफ नियमावली के अनुसार, निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरित कर दिए जाएंगे, जिनके संबंध में शेयरधारकों द्वारा सात लगातार वर्षों अथवा अधिक से लाभाश की मांग नहीं की गई है।
संबंधित शेयरधारकों को कम्पनी रेकार्ड्स में उपलब्ध उनके अंतिम ज्ञात पते पर व्यक्तिगत सूचनाएं प्रेषित की जा चुकी हैं, जिसमें अन्य के साथ आईईपीएफ को अंतरित किए जाने के भागी शेयरों का विवरण उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे उपयुक्त कार्यवाही कर सकें।
संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना मांगा नहीं गया लाभाश 28 अक्टूबर, 2022 को अथवा पूर्व मांग लें, जिसमें असफल रहने पर उनके शेयर नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आईईपीएफ में अंतरित कर दिए जाएंगे। कम्पनी आईईपीएफ को अंतरित किए जाने के भागी शेयरों का विवरण अपनी वेबसाइट www.pnbfinanceandindustries.com पर अपलोड कर चुकी है।
संबंधित शेयरधारक वेब फार्म आईईपीएफ 5 में आवेदन देकर अपने शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण से वापस प्राप्त करने के हकदार हैं, जैसाकि उपरोक्त नियमावली में निर्धारित किया गया है तथा जो आईईपीएफ की वेबसाइट नामत: www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।
यदि शेयरधारकों को उपरोक्त के विषय और आईईपीएफ नियमावली के बारे में कोई संदेह है, वे अपने प्रश्न कम्पनी को मेल आईडी : pnbfinanceindustries@gmail.com पर भेज सकते हैं अथवा स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट), डी 153ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज 1, नई दिल्ली 110020, फोन : 011 26812682/83, ई मेल : parveen@skylinerta.com से सम्पर्क कर सकते हैं।
शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कृपया अपना ई मेल पता कम्पनी अथवा आरटीए के पास ऊपर दिए ई मेल पते पर पंजीकृत करवा लें।

वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
श्वेता सक्सेना
कम्पनी सेक्रेटरी एवं निदेशक

तिथि : 27 07 2022
स्थान : नई दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आभाष कुमार झा, प्रीति, मकान नंबर 2183, बी ब्लॉक, आगार नगर, किराड़ी सुलेमान नगर, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, खाता नंबर : LBJAI00004896636 | फ्लैट नंबर एन 103 एन 104, प्रथम तल, पिंक प्राइड - दि सुइट्स, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा, बास भांकरोता, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर- 303902 | 09-06-2022 रू. 24,25,951/- | 03-02-2022 |
| 2. | कुणाल गुप्ता, नीलाम गुप्ता, फ्लैट नंबर 403, ट्यूपिल टावर, ओमैक्स ग्रीन वैली, सेक्टर-41-42, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा खाता नंबर : LBJAI00003429103 | प्लॉट नंबर एस 106, एस 107, प्रथम तल, पिंक प्राइड, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा, बास भांकरोता, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर- 303902 | 14-06-2022 रू. 21,51,712/- | 04-08-2021 |
| 3. | कुणाल गुप्ता, नीलाम गुप्ता, फ्लैट नंबर 403, ट्यूपिल टावर, ओमैक्स ग्रीन वैली, सेक्टर-41-42, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा खाता नंबर : LBJAI00003459574 | प्लॉट नंबर एस 106, एस 107, प्रथम तल, पिंक प्राइड, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा, बास भांकरोता, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर- 303902 | 14-06-2022 रू. 1,12,169.5/- | 04-08-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 28 जुलाई, 2022
स्थान : दिल्ली (गुरूग्राम, फरीदाबाद)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# तीन रुपये प्रति यूनिट दर से चार्ज होंगी गाड़ियां

## मुख्यमंत्री ने सात चार्जिंग स्टेशनों का किया उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वायु प्रदूषण से निपटने की दिल्ली सरकार लगातार कोशिश कर रही है। इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उसने सात डिपों में सभी सुविधाओं से लैस चार्जिंग स्टेशन शुरू किए हैं।

यह चार्जिंग स्टेशन डीटीसी के राजघाट डिपो के अलावा आईपी एस्टेट, कालकाजी, नेहरू प्लेस, महरौली, द्वारका सेक्टर-2 और द्वारका सेक्टर-8 में चालू किए गए हैं। इन पर दो तरह से वाहन चार्ज किए जा सकेंगे। धीमी चार्जिंग वाले में 3 रुपये और फास्ट चार्जिंग के लिए 10 रुपये प्रति यूनिट की दर इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज किए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवारको राजघाट डिपो से इन सात डिपो में दी जाने वाली ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली वाले इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना शुरू कर दिया है। पिछले दो साल में 60846 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे जा चुके हैं। वर्ष 2020 में जब दिल्ली ईवी पॉलिसी बनाई थी, तब उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतना जबरदस्त रिस्पॉस मिलेगा। स्वीच दिल्ली अभियान के अंतर्गत शुरू किए गए सात चार्जिंग स्टेशनों में तीन तरह से चार्जिंग शामिल हैं। जिसमें भारत एसी001, भारत डीसी001 और फास्ट कंबो चार्जिंग स्टेशन हैं।

तीनों चार्जिंग स्टेशन के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं जहां दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज किए जा सकेंगे। इस दौरान परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने चार्जिंग स्टेशनों की विशेषताओं और तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ईवी वाहन कैसे चार्ज होते हैं और एक ईवी चार्ज होने में कितना समय लेता है। इस साल इवी की बिक्री में 115 फीसद की हुई वृद्धि मुख्यमंत्री ने दावा किया कि दिल्ली वाले अब लोग धीरे-धीरे अपने पुराने वाहनों को छोड़कर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना रहे हैं। पिछले दो साल में 60846 इलेक्ट्रिक वाहन दिल्ली में खरीदे जा चुके हैं। पिछले साल 25809 ईवी वाहन खरीदे गए थे और इस साल अभी सात महीने ही हुए और इन सात महीनों में 29848 वाहन खरीदे गए हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 115 फीसद की वृद्धि हुई है। साल के अंत तक और ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है। एक बार जब जनता अपनाना शुरू कर देती है, तो उसके बाद अपने आप बदलाव आना शुरू हो जाता है।

### ऐप बताएगा कहां है नजदीकी चार्जिंग स्टेशन

*मुख्यमंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों की सुविधा के लिए एक एप भी बनाया गया है। अगर आपके पास इलेक्ट्रिक वाहन है, तो आप यह एप डाउनलोड कर लें। अगर आपको अचानक ईवी को चार्ज करने की जरूरत है, तो पूरी दिल्ली में आपके आसपास जो चार्जिंग स्टेशन होगा, एप बता देगा। एप पर यह भी दिखेगा कि किस चार्जिंग स्टेशन पर अभी गाड़ियां चार्ज हो रही हैं और कौन सा स्टेशन अभी खाली है। यह एप बहुत ही अच्छा है और जनता को इससे सुविधा हो रही है। देश में दिल्ली में इस किस्म का पहला चार्जिंग स्टेशन है। इतनी सारी सुविधाओं से लैस और इतना मॉडर्न चार्जिंग स्टेशन देश में और कहीं नहीं हैं। अब एक तरह से दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहनों की राजधानी बनती जा रही है।*

# सदन संचालन के लिए नियमों में हो बदलाव

● उपराज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को भेजा संदेश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विधानसभा अध्यक्ष से जीएनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम, 2021 के तहत सदन के कामकाज और प्रक्रिया के नियमों में बदलाव करने को कहा है। जिससे एलजी के साथ सत्तापक्ष के साथ एक और विवाद उत्पन्न हो सकता है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, 2021, निर्वाचित सरकार पर उपराज्यपाल को प्रधानता प्रदान करता है। कानून के अनुसार, दिल्ली में सरकार का मतलब उपराज्यपाल है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार जीएनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम, 2021 के लागू होने के 14 महीने बाद भी, दिल्ली विधानसभा ने अपने प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों में आवश्यक संशोधनों को लंबित रखा है। आम आदमी पार्टी की सरकार या दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल की ओर से घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सूत्रों ने कहा कि उपराज्यपाल ने अध्यक्ष को अपने संदेश में, जीएनसीटीडी अधिनियम के प्रावधान का हवाला दिया, जिसके तहत विधानसभा प्रशासनिक निर्णयों के संबंध में राजधानी के दिन-प्रतिदिन के प्रशासन या जांच करने के मामलों पर विचार करने के लिए खुद को या अपनी समितियों को सक्षम करने के लिए कोई नियम नहीं बनाएगी। राजनिवास कार्यालय के सूत्रों ने विस अध्यक्ष को भेजे गए एलजी के संदेश का हवाला देते हुए कहा विधानसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों में आवश्यक संशोधन या इस विषय पर किसी अन्य मौजूदा नियम को संशोधित अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप बनाने की तत्काल आवश्यकता है।

# शराब नीति पर भाजपा और आप में घमासान

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल के नई आबकारी नीति को लेकर सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद केजरीवाल सरकार भाजपा के निशाने पर है। इस मुद्दे पर भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा नेता का कहना है कि दिल्ली सरकार ने नई आबकारी नीति जब से लागू की है तब से महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इस नीति के तहत केजरीवाल ने जो भ्रष्टाचार किया है, उसकी उलटी गिनती शुरु हो गई है। वहीं आप गुजरात में शराब से हुई मौत पर भाजपा पर निशाना साधा है। आप नेता ने कहा कि शराब बंदी के बावजूद गुजरात के हर घर-गली में शराब उपलब्ध है। इससे स्पष्ट है भाजपा की राज्य सरकार के संरक्षण में पूरे गुजरात में गैर-कानूनी शराब का नेटवर्क चल रहा है। संसद में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश करते हैं तो सत्ता पक्ष मुद्दा ही बदल देते हैं।



आप कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।



गुजरात में शराब मुद्दे पर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

## केजरीवाल सरकार की शराब माफियाओं से मिलीभगत: प्रवेश

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि नई शराब नीति में शराब माफियाओं से मिली भगत करके केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को बर्बाद करने का ना केवल काम किया है बल्कि 850 से ज्यादा दुकानें खोलने के लिए हजारों करोड़ का कमीशन भी अवैध रूप से शराब माफियाओं से लिया हैं।

बुधवार को आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के बाहर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की बर्खास्तगी की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अब ज्यादा दिन अपनी नई शराब नीति के घोटालों को छुपा नहीं सकते, क्योंकि सीबीआई जांच की मांग की गयी है और सीबीआई जांच शुरू होते ही दिल्ली सरकार के सारे शराब माफियाओं के मित्र जेल में होंगे।

केजरीवाल ने 144 करोड़ रूपये शराब माफियाओं का मांफ किया क्योंकि भ्रष्ट सिसोदिया के शराब कारोबारी मित्र कोरोना काल में शराब नहीं बेच पाए थे। लेकिन दिल्ली में छोटे-2 उद्योग चला रहे लोगों का एक रुपया भी माफ नहीं किया, लोगों के बिजली बिल मांफ नहीं किया गया।

## गुजरात की हर घर-गली में शराब उपलब्ध: सौरभ

**नई दिल्ली।** गुजरात में शराब सू हुई मौत पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा को घेरा है। आम आदमी पार्टी ने गुजरात में भाजपा के संरक्षण बेची जा रही जहरीली शराब पीने से लगातार हो रही मौतों के खिलाफ भाजपा कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

साथ ही गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का इस्तीफा मांगा। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शराब बंदी के बावजूद गुजरात की हर घर-गली में शराब उपलब्ध है। इससे स्पष्ट है बीजेपी की सरकार के संरक्षण में पूरे गुजरात में एक गैर-कानूनी शराब का नेटवर्क चल रहा है। सीबीआई की जांच दिल्ली में हो रही है और शराब माफिया गुजरात में फल-फूल रहा है। आप विधायक दिलीप पांडेय ने कहा कि भाजपा दिल्ली में भी गुजरात जैसा माहौल पैदा करना चाहती है इसलिए दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति का बार-बार विरोध करती है।

गुजरात में हुई इन मौतों की जिम्मेदारी भाजपा लेने के लिए तैयार नहीं है। गुजरात में बीजेपी की सरकार है, उन्हीं के संरक्षण में जहरीली शराब लगातार बेची जा रही है। पूरे देश के लोगों को भाजपा का असली चरित्र पता चल रहा है।

## विहिप कार्यालय को उड़ाने की धमकी, युवक हिरासत में

**नई दिल्ली।** झंडेवालान इलाके में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यालय को कथित रूप से उड़ाने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को बुधवार को हिरासत में ले लिया गया।

व्यक्ति की पहचान मध्य प्रदेश निवासी प्रिंस पांडेय (26) के रूप में हुई जो खुद को संघ का समर्थक कहता है। पुलिस उपायुक्त (केंद्रीय) श्वेता चौहान ने कहा, पांडेय शुक्रवार को फतेहपुर बेरी इलाके में रहने वाली अपनी मौसी के साथ दिल्ली आया था। दावा है कि उसके गांव के एक परिवार ने ईसाई धर्म अपना लिया है और वह इस बात से नाराज था कि कोई इसके बारे में कुछ नहीं कर रहा है। पांडेय ने दावा किया कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का समर्थक रहा है।

# सोनिया से ईडी पूछताछ पर कांग्रेस का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ पर प्रदेश कांग्रेस ने विरोध में जगह-सत्याग्रह किया। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना कि कि 10 साल पहले बंद हुए नेशनल हेराल्ड मामले को पुन: पुनर्जीवित करके ई.डी. द्वारा बिना सबूत पूछताछ करना विशुद्ध राजनीति से प्रेरित द्वेषपूर्ण कार्यवाही लोकतंत्र की हत्या है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण सत्याग्रह तब तक जारी रहेगा जब तक ई.डी. कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से बेबुनियाद पूछताछ बंद नही कर देती। केन्द्र सरकार द्वारा द्वेष भावना से दवाब की राजनीति की शुरुआत करना विपक्षी पार्टियों को देश के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के उदेश्य की कार्यवाही है, ताकि कांग्रेस देश के हित में किसानों के मुद्दे, महंगाई, बेरोजगारी और देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को न उठा सके। देश में बिगड़ते हालातों पर राहुल गांधी द्वारा महंगाई, बेरोजगारी पर पूछे सवालों का जवाब प्रधानमंत्री मोदी कब देंगे।

# धनशोधन केस: सत्येंद्र के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

● प्रर्वतन निदेशालय ने चार्जशीट में छह लोगों और चार कंपनियों को बनाया आरोपी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रर्वतन निदेशालय ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में धन शोधन के आरोपी और दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

इस ईडी ने चार्जशीट में छह लोगों और चार कंपनियों को आरोपी बनाया है। मामले की सुनवाई 29 जुलाई को होगी। ईडी ने चार्जशीट में जिन आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

उनमें सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन, सत्येंद्र के करीबी वैभव जैन, अंकुश जैन, सुनील कुमार जैन, अजित कुमार जैन के अलावा अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आईडियल नाम कंपनियों के नाम शामिल हैं। इस मामले में सत्येंद्र जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन पहले से न्यायिक हिरासत में हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सत्येंद्र जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था जबकि वैभव जैन और अंकुश जैन को एक जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।


### निलंबन का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज




**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धनशोधन के मामले में प्रदेश के मंत्री सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के मद्देनजर उन्हें मंत्रिमंडल से निलंबित करने का अनुरोध करने वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने भाजपा के पूर्व विधायक नंद किशोर गर्ग की याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

# मंकीपॉक्स के संदिग्ध ने की थी विदेश यात्रा

● नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे से रिपोर्ट आने का इंतजार




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में भर्ती मंकीपॉक्स के संदिग्ध रोगी ने करीब एक महीने पहले विदेश की यात्रा की थी। गाजियाबाद के रहने वाले व्यक्ति को पिछले एक सप्ताह से बुखार और घाव थे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे से उसकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है। संदिग्ध रोगी को मंगलवार दोपहर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह अभी अस्पताल के पृथक वार्ड में है।

देश में अब तक मंकीपॉक्स संक्रमण के चार मामले सामने आए हैं। इसमें अकेले केरल में तीन मामले और दिल्ली का एक मामला शामिल है। इस बीच, पश्चिमी दिल्ली का व्यक्ति जो राजधानी का पहला मंकीपॉक्स का मामला था एलएनजेपी अस्पताल के पृथक वार्ड में स्वस्थ हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, उसकी हालत स्थिर है और उसके पूरी तरह से ठीक हो जाने के बाद उसे छुट्टी दे दी जाएगी। केंद्र द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, संक्रमित लोगों को अलग वेंटिलेशन वाले एक अलग कमरे में रहना होगा। इसके साथ ही उन्हें त्रिस्तरीय मास्क पहनना होगा और त्वचा के घावों को दूसरों के साथ संपर्क के जोखिम को घटाने के लिए जहां तक हो सके शरीर को ढंक कर रखना होगा। रोगियों को तब तक अलग-थलग रहना होगा जब तक कि सभी घाव ठीक नहीं हो जाते और उनकी पपड़ी पूरी तरह से गिर नहीं जाती।

# थिएटर सोसाइटी का उर्दू नाम बदलने को लेकर छिड़ा विवाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● प्राचार्य ने आरोपों का किया खंडन

डॉ भीमराव आंबेडकर कॉलेज के छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर आरोप लगाया है कि थिएटर सोसाइटी का नाम इसलिए बदल दिया गया क्योंकि वह उर्दू में था।

कॉलेज के अधिकारियों ने इस आरोप का खंडन किया है। छात्रों के अनुसार, थिएटर सोसाइटी का नाम इल्हाम था जिसे बदलकर आरंभ कर दिया गया है। प्राचार्य आर एन दुबे ने आरोप का खंडन किया और इसे अपने विरुद्ध राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। थिएटर समूह के एक सदस्य ने कहा कि कुछ सप्ताह पहले कॉलेज के एक अधिकारी ने उन्हें बताया कि इल्हाम नाम प्रबंधन को मंजूर नहीं है अपना नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर एक छात्र ने कहा कि कॉलेज ने धमकी दी कि अगर थिएटर सोसाइटी का नाम बदलने पर उसके सदस्य राजी नहीं हुए उसके कोष फ्रीज कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, शुरुआत में, सोसाइटी के सदस्य इसके विरोध में थे लेकिन हमें बताया गया कि अगर नाम नहीं बदला गया तो छात्रों की उपस्थिति दर्ज नहीं की जाएगी।

## आईपी में ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपी) ने बुधवार को कहा कि उसने स्नातक के दो पाठ्यक्रमों बी.टेक और बी.आर्क के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने कहा कि दोनों पाठ्यक्रमों के लिए योग्य आवेदक पांच अगस्त तक ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए आवेदन शुल्क एक हजार रुपए जमा करा सकते हैं।

जो आवेदक पहले 1,200 का शुल्क जमा नहीं कर सके थे, वे भी पांच अगस्त तक काउंसलिंग भागीदारी शुल्क के साथ इसे जमा कर सकते हैं। शुरुआत में विश्वविद्यालय ने कहा था कि उसने 35 शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जुबैर की याचिका पर पुलिस को मिला समय



**नई दिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2018 में एक हिंदू देवता पर कथित आपत्तिजनक ट्वीट से संबंधित एक मामले में ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी और तलाशी तथा जब्ती कवायद के खिलाफ याचिका पर जवाब देने के लिए दिल्ली पुलिस को बुधवार को समय दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील वृंदा ग्रोवर ने उच्च न्यायालय को सूचित किया कि निचली अदालत ने उन्हें इस महीने की शुरुआत में जमानत दे दी थी और उन्होंने पीठ से याचिका में किए गए अनुरोध पर उन्हें राहत देने का आग्रह किया।

### कामनवेल्थ गेम्स डाक्यूमेंट्री का पोस्टर लॉन्च

**नई दिल्ली।** एफआईएमटी- पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के स्टूडेंट्स द्वारा कामनवेल्थ गेम्स पर निर्मित डाक्यूमेंट्री का पोस्टर एवं टीजर कालेज की निदेशक डॉ सरोज व्यास ने लांच किया। गौरतलब है कि लेखक-पत्रकार-एसिसटेंट प्रोफेसर एस.एस.डोगरा के निर्देशन में बारह विद्यार्थियों की टीम ने मिलकर एन एमेजिंग जर्नी आफ कामनवेल्थ गेम्स डाक्यूमेंट्री को दो महीने की मेहनत से तैयार किया है। इस अवसर पर, डॉ.प्रोफेसर एस.पी.सिंह, डॉ शालिनी कुमार, डॉ शिखा शर्मा, एसिस्टेंट प्रोफेसर अनुप्रिया, सुषमा, पूजा सहित विद्यार्थियों रमन, अक्षय, ईशा, युक्ता, आदित्य, प्रखर, आर्यन, संजनी, हार्दिक ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। डॉ सरोज व्यास ने पूरे बीजेएमसी विभाग तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हत्या का आरोपी 13 साल बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तिलक नगर इलाके में लगभग 13 साल पहले एक व्यक्ति की हत्या कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी संदीप उर्फ रिंकू के खिलाफ वर्ष 2009 में केस दर्ज किया गया था। संदीप इस मामले में चौथा आरोपी है जिसे धरा गया गया है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर तिलक नगर क्षेत्र में नवंबर 2009 में एक व्यक्ति का शव डीडीए बाजार के पास पाया गया था। उस दौरान पुलिस को एक व्यक्ति ने बताया था कि उसे एक ऑटो रिक्शा चालक से पता चला था कि डीडीए बाजार में एक इमारत के पास किसी ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

### प्रगति मैदान में गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो का आगाज

**नई दिल्ली।** बी2बी गिफ्टिंग और प्रमोशनल सॉल्यूशंस प्रदर्शनी के साथ एमईएक्स एक्सहिबीशन्स ने गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो के अपने अगले संस्करण का भव्य शुभारम्भ किया। मेला 30 जुलाई 2022 तक चलेगा। हिमानी गुलाटी, निदेशक, एमएक्स प्रदर्शनी ने कहा, 'मुझे 20वें संस्करण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, इस एक्सपो के माध्यम से, हम बड़े और छोटे दोनों ब्रांड्स को आगे आने और लाभ के लिए अपनी रचनाओं को प्रदर्शित करने के लिए व्यापार और नेटवर्किंग अवसर प्रदान करेंगे।

# तस्करों के ठिकाने से मिले 14,000 चाकू

## चीन से आयात किए जाते थे प्रतिबंधित चाकू, पार्सल के जरिए ग्राहक तक आपूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पुलिस ने चीन से देश में चाकूओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ करके पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने बटन से चलने वाले कुल 14,053 चाकू जब्त किए हैं। भारत में ऐसे चाकू रखना अवैध है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 18 जुलाई को पुलिस को फोन करके सड़क पर पड़े एक कुरियर पैकेज के बारे में बताया गया। जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, तो पता चला कि बॉक्स एक डिलीवरी बॉय की मोटर साइकिल से गिरा था। चाकुओं के पैकेट पर इसे भेजने वाले दिल्ली के



मालवीय नगर के निवासी मोहम्मद साहिल का नाम लिखा था।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) बेनिता मैरी जैकर ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली इलाके में एक गोदाम पर छापेमारी की गई और साहिल (28) व उसके कर्मचारी वसीम (18) को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि वहां से कुल 533 बटन वाले चाकू जब्त किए गए। साहिल ने चाकू ऑनलाइन बेचे थे। पुलिस ने कहा कि यूसुफ (29) ने उसकी मदद की, जो सदर बाजार में आशीष चावला (43) से चाकू खरीदता था और उन्हें साहिल के गोदाम में ले जाता था। पुलिस ने कहा कि यूसुफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। जैकर ने कहा कि बाद में, चावला को भी गिरफ्तार कर लिया गया और सदर बाजार में उसके गोदाम से 13,440 बटन से चलने वाले चाकू जब्त किए गए।पुलिस ने कहा कि चावला ने खुलासा किया कि वह चाकुओं का ऑर्डर देता था और भुगतान मयंक बब्बर (32) द्वारा किया गया था, जो एक आयातक है और चीन में उसका एक कार्यालय है। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क विभाग द्वारा पकड़े जाने से बचने के लिए बब्बर खेप को रसोई में इस्तेमाल होने वाले चाकू बताता था। पुलिस ने बताया कि बब्बर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# प्रशिक्षण के लिए 15 अगस्त तक आवेदन करें महिला चालक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● परिवहन विभाग ने कैब एग्रीगेटर्स से कहा- ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को प्रोत्साहित करें

परिवहन विभाग ने महिलाओं को व्यावसायिक चालक के रूप में प्रशिक्षित करने की लागत का 50 प्रतिशत वहन करने के लिए ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग सेवाएं देने वाले मंच को आमंत्रित किया है।

सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने 18 जुलाई को घोषणा की थी कि वह उन्हें वाणिज्यिक चालकों के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए लागत का 50 प्रतिशत तक वहन करेगी। परिवहन विभाग के अनुसार, एक सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, परिवहन विभाग, दिल्ली में कार्यरत फ्लीट ओनर्सएग्रीगेटर्स से रोजगार की तलाश में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए पात्र और इच्छुक महिलाओं, दिल्ली के लोगों के प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित करती है।

महिला चालकों के प्रशिक्षण पर होने वाले खर्च को परिवहन विभाग और फ्लीट मालिकों या एग्रीगेटर्स के बीच आधा-आधा साझा किया जाएगा। महिला चालकों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर फ्लीट द्वारा काम पर रखा जाएगा।

# संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी : स्मृति ईरानी

## मोदी सरकार के आठ साल की उपलब्धियों को आवाम तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कार्यकर्ता** अपनी पूरी क्षमता से संगठन के लिए काम करें। संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना हमारी जिम्मेदारी है। मोदी सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएं और उनसे संपर्क करके योजनाओं की जानकारी दें। यह बात बुधवार को केंद्रीय मंत्री व अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार स्मृति ईरानी ने गुरुग्राम स्थित भाजपा के गुरुकमल प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी ने की। इस मौके उनके साथ डी. पुरूंदेश्वरी, राष्ट्रीय महामंत्री उपस्थित रहीं।



गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का स्वागत करते मोर्चा के पदाधिकारी।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से रूबरू होते हुए कहा कि आज मैं आपको लोगों को कुछ सुनाने नहीं, बल्कि आपके विचार व मुद्दे सुनने आई हूं। आप लोग 40 करोड़ (अल्पसंख्यक) आवाम के साथ काम करने वाले लोग हैं। उनकी क्या समस्याएं उनको आप लोग अच्छे तरीके से जानते हैं।

कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा। उन पर मंथन करने के लिए आपको मंत्रालय भी बुलाया जाएगा, ताकि किसी भी समस्या पर विचार किया जा सके और उस पर पॉलिसी बनाई जा सके। श्रीमती ईरानी ने कहा कि संगठन ने काम करने का मौका दिया है तो हम सभी का दायित्व है कि हम समाज व देश के हर तबके लिए काम करें। सरकार की पॉलिसी को अपने समाज व गरीब लोगों तक पहुंचाकर उनको लाभ दिलाएं ताकि लोगों का झुकाव पार्टी की ओर बढ़े।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में 2 करोड़ लोग काम करते हैं, जिनमें 70 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को स्कॉलरशिप नहीं मिली रही। सरकार की तरफ से अब तक 16 हजार करोड़ रुपये स्कॉलरशिप के रूप में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को दिए जा चुके हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वे डेटा तैयार करें कि अल्पसंख्यकों की क्या-क्या आवश्यकता है और उन्हें सरकार की तरफ से क्या-क्या मदद मिलनी चाहिए।

### मुझे मैडम कहकर संबोधित ना करें

**अल्पसंख्यक** मोर्चा प्रशिक्षण शिविर के दौरान रूबरू होते हुए एक कार्यकर्ता ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को मैडम कर संबोधित किया। तभी स्मृति ईरानी ने उसे टोकते हुए कहा कि मैडम तो बस देश में एक ही है, वह है सोनिया गांधी। मुझे तो सिर्फ दीदी या फिर नाम लेकर ही बुलाएं। उन्होंने पदाधिकारियों के मन को छूते हुए कहा कि मैं आज आप लोगों को कुछ सिखाने नहीं आई, बल्कि आज सीखकर जा रही हूं। स्मृति ईरानी की बात पर पदाधिकारियों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया।

# राजनीति में काम करने से बढ़ता है कद, चापलूसी से नहीं : विनोद तावड़े



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे हरियाणा प्रभारी विनोद तावड़े का स्वागत करते स्थानीय नेता।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व हरियाणा प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा कि राजनीति में चापलुसी करने से नहीं, बल्कि काम करने से आगे बढ़ा जा सकता है। संगठन व पार्टी के लिए किया गया काम ही कार्यकर्ता को मंच तक पहुंचाता है। राजनीति में महत्वाकांक्षी होना स्वाभाविक है, लेकिन यह महत्वकांक्षा पार्टी से ऊपर नहीं होनी चाहिए। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर कही। इस मौके पर उनके साथ राष्ट्रीय महामंत्री व अल्पसंख्यक मोचाz प्रभारी डी. पुरूंदेश्वरी व अल्पसंख्यक मोचाz के राष्ट्रीयअध्यक्ष जमाल सिद्दिकी भी उपस्थित थे।

विनोद तावड़े ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग में वोट के लिए कार्यकर्ताओं को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। अल्पसंख्यक वर्ग खासकर मुस्लिम समाज से पार्टी के लिए वोट एकजुट करना कठिन है, लेकिन असंभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहले सजगता से अपनी भूमिका तय करें, क्या देखते हैं और क्या बोलते हैं उस पर मंथन करें तभी फील्ड में उतरें। विनोद तावड़े ने कहा कि कार्यकर्ता अपने समाज के लोगों के दिल में उतरकर उनका विश्वास जीते और मोदी सरकार की अल्पसंख्यकों के लिए बनाई गई योजनाओं की जानकारी दें। पार्टी में किसी भी धर्म को लेकर कोई शंका नहीं है। 1947 के बाद जो यहां रह रहा है वह भारत का नागरिक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सुझाव देते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें और आवाम को जानकारी दें कि मोदी सरकार का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल अपग्रेड पर दमदमा के ग्रामीणों ने जताया मंत्री का आभार



केन्द्रीय मंत्री राव इन्दजीत को मिठाई खिलाते ग्रामीण।

**सोहना।** खंड के गांव दमदमा के ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से दिल्ली निवास पर मिलकर गांव का स्कूल अपग्रेड करने पर आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव व आसपास के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए गांव से बाहर जाना पड़ता था। अब गांव में ही स्कूल में उच्च शिक्षा यहां के छात्र-छात्राओं को मिल पाएगी। दमदमा गांव के सरपंच श्योराज ने कहा कि गांव के शहीद राज सिंह खटाना के नाम पर स्कूल पहले ही केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के प्रयासों से हो गया था और अब गांव का स्कूल अपग्रेड होकर सीनियर सेकेंडरी हो गया है। इसके लिए केंद्रीय मंत्री के विशेष प्रयास करने पर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सतवीर पहलवान, पूर्व सरपंच विजय, ब्लॉक समिति सदस्य अजीत, मनोज सहजावास, गोपी सूबेदार, सुरेंद्र सूबेदार, जगमाल सूबेदार, गजराज लंबरदार, जोगिंदर खटाना, वीरेंद्र खटाना आदि उपस्थित थे।

### किसान समृद्धि योजना से जोड़ने के लिए विभाग कर रहा जागरूक



सोहना के गांव सांचौली में कृषि विभाग के कर्मचारी किसानों को केन्द्र सरकार की योजना के बारे में जागरूक करते हुए।

**सोहना।** कृषि विभाग ने क्षेत्र के किसानों को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया है। विभाग अधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को योजना के लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण कराने के लिए उत्साहित करेगा। क्षेत्र का किसान केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना से मिलने वाली एक साल में छह हजार रुपये सहायता राशि के लिए अपना पंजीकरण नहीं करा रहा है। जिससे सोहना ब्लॉक में 2600 किसानों ने इस योजना को नहीं अपनाया है। जबकि इसके लिए किसानों को स्वयं ही सरल केन्द्रों पर जाकर अपना पंजीकरण कराना होता है। केन्द्र सरकार की योजना का अधिक से अधिक किसान लाभ ले सके। इसके लिए कृषि विभाग के स्थानीय अधिकारी ने अपनी टीम गठित की हैं। यह टीम खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों में रहने वाले किसानों को जागरूक करेंगी। कृषि विभाग की तरफ से सांचौली, अलीपुर, घामडौज, अभयपुर, कादरपुर कुलियाका और इशाकी के किसानों के बीच में बैठकर उन्हे योजना की जानकारी दी। योजना से मिलने वाली राशि को प्राप्त करने के नियमों के विषय में जागरूक किया। कृषि विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी अरुण सोलंकी ने बताया कि किसानों को योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने का उनका प्रयास साबित हो रहा है। गांवों में लगाए जा रहे जागरूक कैंप के बाद किसान योजना से जुड़ने के लिए अपना पंजीकरण कराने लगे हैं। उनकी टीम एक दिन में 5 से 6 गांवों का दौर करेगी।

### सीएम विंडो की 70 शिकायतों का नहीं मिल रहा है जबाव

**सोहना।** नगर परिषद के अधिकारी सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों की सुध न लेने से आम नागरिकों को समय पर जबाव नहीं मिल रहा है। वर्तमान समय में परिषद कार्यालय में सीएम विंडो की 70 शिकायत लंबित पड़ी हुई हैं। नगर परिषद कार्यालय के सीएम विंडो कंप्यूटर में 70 शिकायत दर्ज हैं, लेकिन परिषद अधिकारी सीएम विंडो में लगाने वाले आम नागरिकों को उनका जवाब देने में पूरी लारवाही बरते हुए हैं। जानकारी के अनुसार सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतें अतिक्रमण, अवैध कब्जे, सफाई, स्ट्रीट लाइट आदि से सम्बंधित हैं। जिन पर अधिकारियों ने आज तक भी कोई कार्रवाई नहीं की है। ऐसा होने से सीएम विंडो मात्र दिखावा बनकर रह गई है। नागरिक अपनी शिकायतों को हल कराने के लिए स्मरण पत्र भेजने की तैयारी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह नगर निगम कमिश्नर मुकेश कुमार आहुजा ने शहर का विकास कार्यों को लेकर दौरा भी किया था। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद के अधिकारी भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि विकास कार्यों का दौरा करने के बाद निगम कमिश्नर ने परिषद कार्यालय में वापस आने पर एक अधिकारी को कार्यों में लापरवाही बरतने पर फटकार भी लगाई थी। जिससे यह साफ होता है कि परिषद अधिकारी अपने कार्य के प्रति कितने संवेदन शील हैं। सोहना विधानसभा क्षेत्र के सीएम विंडो संयोजक गौरव चुंग ने बताया कि परिषद कार्यालय में पार्षद-चेयरमैन चुनाव से पूर्व 68 शिकायतें सीएम विंडो की दर्ज थीं। जिनका जवाब बनाने के लिए परिषद अधिकारियों को कहा भी गया था, लेकिन जल्द ही अब सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों का जबाव दिया जाएगा।

# मेधावी विद्यार्थियों का लायंस पब्लिक स्कूल में सम्मान



गुरुग्राम के लायंस पब्लिक स्कूल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10ए ने अपने मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह-2022 का आयोजन किया। जिन विद्यार्थियों ने दसवीं तथा बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 2021-22 में 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उन सितारों को सम्मानित किया। सभी को गौरवान्वित करने वाले इन प्रतिभावान छात्रों के माता-पिता को भी समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन लायन केएस ढाका, पूर्व चेयरमैन लायन डीवी तनेजा, मैनेजर राजीव कुमार, प्रधानाचार्या दिपिंदर कौर, उप-प्रधानाचार्या इंदु कौशिक, शिक्षा अधिकारी रेणु वर्मा, विद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. नीलिमा प्रकाश, विद्यालय के प्रेजिडेंट प्रेमजीत सिंह, सेक्रेटरी सतीश सोनावने, स्कूल की कार्यकारिणी समिति के सदस्य राजीव जैन, यशपाल, कमल कान्त विरमानी, संजय यादव, अंजलि, एकता चौरैया, अंजु, विद्यालय की को-ऑर्डिनेटर किरन बाला, डिप्टी को-ऑर्डिनेटर अनीता वाधवा उपस्थित रहे। इस गौरवशाली वेला पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दिपिंदर कौर ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा दसवीं व बारहवीं कक्षा के शानदार परिणाम पर गर्व व्यक्त किया।

चेयरमैन लायन केएस ढाका ने बच्चों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी और शिक्षकों के प्रयास व समर्पण की प्रशंसा की। पूर्व चेयरमैन लायन डीवी तनेजा ने बच्चों से स्कूल में निहित मूल्यों को हमेशा याद रखने का आग्रह किया जो उन्हें एक सफल जीवन जीने में मदद करेगा। स्कूल प्रबंधक राजीव कुमार ने छात्रों, शिक्षकों के प्रयास व अभिभावकों के सहयोग की सराहना की तथा बच्चों के उज्ज्वल जीवन की कामना की। विद्यालय के पूर्व चेयरमैन लायन विजय बुद्धिराजा, वर्तमान वाईस चेयरमैन लायन भीम वासुदेव, ट्रेजरार लायन तरुण वाधवा ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की। उपप्रधानाचार्या इंदु कौशिक तथा शिक्षा अधिकारी रेणु वर्मा ने बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी और सभी अतिथिगणों को विद्यालय में पधारने के लिए आभार प्रकट किया।

# जूनियर वूमेंस स्वीमिंग सीरिज प्रतियोगिता के पंजीकरण एक अगस्त से

## खेलो इंडिया के तहत होगी जूनियर वूमेंस स्वीमिंग सीरीज प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**खेलो** इंडिया के तहत जूनियर वूमेंस स्वीमिंग सीरीज प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया जा रहा है। आगामी 20 और 21 अगस्त को होने वाली इस प्रतियोगिता को चार जोन में बांटा गया है। प्रतियोगिता के लिए एक अगस्त से पंजीकरण शुरू होंगे।

यह जानकारी स्वीमिंग एसोसिएशन गुरुग्राम जिला प्रधान नवीन गोयल ने दी। श्री गोयल ने बताया कि जोन-1 में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और लद्दाख को शामिल किया गया है। जोन-1 यानी नार्थ जोन की जूनियर वूमेंस स्वीमिंग सीरीज 20 और 21 अगस्त को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं। साल 2004, 2005 और 2006 में जन्म लेने वाली महिला तैराकों का अलग ग्रुप है और साल 2007 से साल 2011 तक जन्म लेने वाली महिला तैराकों का अलग ग्रुप बनाया गया है।



नवीन गोयल।

स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत पंजीकृत तैराक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तैराकों को अपनी एसएफआई आईडी के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एक अगस्त से 15 अगस्त तक करवाना होगा। 15 अगस्त के बाद रजिस्ट्रेशन बंद कर दिए जाएंगे। केवल रजिस्ट्रेशन करवाने वाली महिला तैराक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। नवीन गोयल ने बताया कि हरियाणा तैराकी संघ के प्रधान सांसद धर्मबीर सिंह की दूरदर्शी सोच और तैराकी में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन हो रहा है। उन्होने भी सभी महिला तैराकों को इस आयोजन में भाग लेकर अपना जौहर दिखाने के किये उत्साहवर्धन भी किया है।

# परिषद साल भर डोर टू डोर कूड़ा उठाने पर दो करोड़ 92 लाख रुपये खर्च करेगी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद ने डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका एक साल के लिए दो करोड़ 92 लाख रुपये में पूजा केंश्यूलेशन कंपनी के नाम छोड़ा है। कंपनी के 81 कर्मचारी कूड़ा उठाने का कार्य करेंगे। नगर परिषद ने पूजा केंश्यूलेशन कंपनी को एक वर्ष के लिए डोर टू डोर का ठेका छोड़ा है। कंपनी 1985 रुपये प्रति क्विंटल के दर से डोर टू डोर कूड़ा उठाएगी। जिसका एक साल में दो करोड़ 92 लाख रुपये नगर परिषद कंपनी को अदायगी करेगी। कंपनी का ठेका 12 अगस्त से शुरू होगा।

**निजी कूड़ा डालने पर पुलिस को शिकायत :** नगर के वार्ड-13 में नगर परिषद के बने कूड़े केन्द्र पर चार लोग अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में कूड़ा भरकर ला रहे थे। परिषद की अनुमति के बिना ही चार लोग कूड़ा डाल रहे थे। कूड़ा आरोपी पास लगते रोजका मेव औद्यौगिक क्षेत्र से इकट्ठा करके ला रहे थे। जिन्हें यहां पर तैनात परिषद के कर्मचारियों ने कई बार मना भी किया। लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे।



सोहना में नगर परिषद के कूड़ा केन्द्र पर अवैध रूप से कूड़ा डालते हुए।

परिषद के जेई डिगम्बर सिंह ने अज्ञात चारों आरोपियों के कूड़ा डालते हुए फोटो करने के बाद शहर थाना में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस ने परिषद से मिली शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। नगर परिषद के जेई डिगंबर सिंह ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी को 11 अगस्त तक तय शर्तों के अनुसार अपनी पूरी तैयारियां करने का समय दिया है। ताकि कूड़ा उठाने के कार्य में कंपनी कर्मचारियों द्वारा किसी प्रकार की कमियां देखने को नहीं मिल सके।

# जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने बांटे सदस्यों के आई कार्ड

**गुरुग्राम।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन, गुरुग्राम की मासिक बैठक का आयोजन बुधवार को सेक्टर-15 पार्ट-2 कम्यूनिटी सेंटर स्थित कार्यालय में हुआ। इस दौरान बैठक में मौजूद सदस्यों को एसोसिएशन की ओर से बनवाए गए उनके आईकार्ड भी वितरित किए गए। आईकार्ड वितरण कार्यक्रम में सेक्टर-10ए आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष रिटायर्ड कमांडर उदयबीर यादव भी पहुंचे। संस्था की कार्यकारिणी व सदस्यों से परिचय करने के साथ ही उन्होंने अपने सैनिक जीवन से लेकर सामजिक जीवन के ओजस्वी विचार भी सांझा किए।

कमांडर यादव ने कहा कि समाज में संगठन से बड़ी कोई शक्ति नहीं है। पत्रकार समाज में सदा ही अहम भूमिका निभाता रहा है। उन्हें उम्मीद है कि पत्रकारों का ये संगठन एसोसिएशन के साथ ही समाज हित में अपनी भूमिका को और अधिक सक्रियता के साथ निभाने का कार्य करेगा।

# निप्पोन पेंट ने एयरकेयर वीजी और सूमो एक्स्ट्रा डस्ट शील्ड लॉन्च किया

पायनियर समाचाचार सेवा। नई दिल्ली

**एशिया** के अग्रणी पेंट निर्माता, निप्पोन पेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (डेकोरेटिव डिवीजन) ने एयरकेयर वीजी और और सूमो एक्स्ट्रा डस्ट शील्ड का लॉन्च किया है। एयरकेयर वीजीइंटीरियर सतहों के लिए है और इसमें सिल्वर आयन और यूनिकएब्जॉर्पशन टेक्नॉलॉजी है, जो घर के अंदर के वातावरण को सुरक्षित व स्वच्छ बनाने में मदद करती है। सूमो एक्स्ट्रा डस्ट शील्ड को वाटर-बेस्ड एक्सटीरियर इमल्शन के साथ कलर लॉक टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल करके बनाया गया है। यह सालों तक दीवारों को चमकदार और स्वच्छ बनाकर रखता है। निप्पोन पेंट के सभी उत्पाद ईको-फ्रेंडली हैं और जापानी टेक्नॉलॉजी द्वारा बनाए गए हैं। निप्पोन के ये आधुनिक इनोवेटिव पेंट आज दिल्ली में महेश एस. आनंद, प्रेसिडेंट, एवं मार्क टाईटस, असिस्टैंट वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग और अंकुर भारद्वाज, असिस्टैंट वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स, निप्पोन पेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिटी होटल में पेश किए गए।




**निप्पोन पेंट AirCare VG**

- इस अत्याधुनिक उत्पाद में यूनिकएब्जॉर्पशन टेक्नॉलॉजी (UAT) है, जो हवा में से लगातार नुकसानदायक फार्मेल्डिहाइड को अवशोषित करती रहती है और यह एक polymer बैकबोनमें समाहित है, जिससे स्वच्छ व ताजा हवा मिलती है।
- इसमें सिल्वर आयन टेक्नॉलॉजी है, जो वायरस और बैक्टीरिया से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
- यह उन लोगों के लिए उत्तम पेंट है, जिन्हें formaldehyde या पेंट की महक से एलर्जी है।

**निप्पोन पेंट सूमो एक्स्ट्रा डस्ट शील्ड**

- इसमें अद्वितीय DPUR - डर्ट पिक-अप रजस्टिेंस प्रॉपर्टीहै, जो धूल को सतह पर जमने नहीं देती।
- इसकी अद्वितीय कलर लॉक टेक्नॉलॉजी यूवी किरणें पड़ने पर रंग को फींका पड़ने से रोकती है और दीवारों को चमकदार एवं जीवंत बनाकर रखती है।
- वाटर रजिस्टैंट फिल्म पानी को सतह में रिसने से रोकती है, जिससे दीवार पर पपड़ी नहीं छुटती और दीवार का रंग बना रहता है।
- यह उन लोगों के लिए उत्तम पेंट है, जिन्हें फार्मेल्डिहाईट या पेंट की महक से एलर्जी है।

बाजार में इस उत्पाद की जरूरत पर बल देते हुए निप्पोन पेंट (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड (डेकोरेटिव डिवीजन) के प्रेसिडेंट, महेश एस आनंद ने कहा, निप्पोन पेंट आपकी दीवारों की सुरक्षा करने और उनकी खूबसूरती बढ़ाने वाले ईकोफ्रेंडली उत्पादों व सेवाओं का विकास कर पेंट उद्योग में क्रांति ला रहा है।

# सभी विभाग मिलकर जलभराव की समस्या का समाधान करें : एसडीएम

**सोहना।** एसडीएम ने शहर में बरसाती नालों से निकाले कचरे का उठाव न होने पर लोक निर्माण विभाग को नोटिस दिया है। विभाग को तीन दिन में कूड़े-कचरे के ढेरों का उठाव न होने पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। विभागीय अधिकारी नोटिस मिलने के बाद हरकत में आ गए हैं। विभाग द्वारा बरसाती नाले के साथ-साथ पड़े कूड़े-कचरे के ढेर उठाने की कवायद शुरू कर दी है।



सोहना में बरसाती नालों से निकाली गंदगी उठाते बीएण्डआर विभाग के कर्मचारी।

पिछले दिनों हुई बरसात में शहर भर में हुए जलभराव से नगर परिषद से लेकर जनस्वास्थ्य विभाग और बीएण्डआर विभाग की पोल खुल गई। बीएण्डआर विभाग द्वारा एलिवेटेड मार्ग के साथ करीब एक किलोमीटर बरसाती नाले से निकाले गए कचरे का एक सप्ताह से उठाव नहीं किया। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने दौरा किया। शहर में सीवर लाइनें चौक होने और उनसे निकलता गंदे पानी ने नागरिकों का जीवन नरकीय बना दिया है। जबकि नगर परिषद के अधीन बरसाती नालों से कूड़ा कचरा निकालने का अभी तक अभियान नहीं चला है। जिससे शहर के बाजारों से लेकर आम रास्ते व घर, दुकानों में जलभराव हो रहा है। दौरे में नगर परिषद, जनस्वास्थ्य विभाग और बीएण्डआर विभाग के अधिकारियों को अपने साथ लिया। जिन्हें मौके पर जाकर सभी विभागों के अधिकारियों को उनके द्वारा बरती जा रही लापरवाही और अनदेखी किए जाने पर कड़ी फटकार लगाई। बीएण्डआर विभाग के एसडीओ को कार्य में लापरवाही का नोटिस दे दिया। जिसमें तीन दिन के अंदर कूड़े ढेर साफ करने की सख्त हिदायतें दी गई हैं। गुरुग्राम-नूंह मार्ग के साथ बने बरसाती नाले के साथ करीब एक सप्ताह पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा निकाले कचरे को उठाने की कवायद शुरू कर दी है। बीएण्डआर विभाग ने मंगलवार को ही जेसीबी लगाते हुए कूड़े के ढेर उठाने का कार्य बुधवार को भी जारी रखा।

# सदर्न हेल्थ फूड्स ने मन्ना गो ग्रेन क्रंचीज को बाजार में उतारा

## बच्चों के ब्रेकफास्ट के लिए बिल्कुल नया और पौष्टिक तत्वों से भरपूर मल्टीग्रेन प्रोडक्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**बेहद** लोकप्रिय ब्रांड मन्ना के नाम से अपने उत्पादों की बिक्री करने वाली कंपनी, सदर्न हेल्थ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने मन्ना गो ग्रेन क्रंचीज के लॉन्च के साथ बच्चों के ब्रेकफास्ट के क्षेत्र में कदम रखा है, जो पौष्टिक तत्वों से भरपूर अपने मल्टीग्रेन प्रोडक्ट है। मन्ना गो ग्रेन क्रंचीज बेहद सावधानीपूर्वक तैयार किया गया अनाज है जिसमें सूक्ष्म पोषक तत्व, यानी माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। इसे 2 सुपर-ग्रेन सहित 9 अनाज को मिलाकर बनाया गया है, जिसकी एक सर्विंग में सभी जरूरी माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का 50 प्रतिशत RD मौजूद होता है, और इससे 12 घंटों तक बच्चे की पोषण संबंधी जरूरतों की पूर्ति होती है। मन्ना गो ग्रेन क्रंचीज को अलग-अलग अनाजों (रागी, बाजरा, ज्वार, गेहूं, को दो बाजरा, बार्नयार्ड मिलेट्स (सांवा), क्विनोआ, चौलाई और ओट्स) के विशेष मिश्रण से तैयार किया जाता है, जिसमें पोषण देने के लिए सभी जरूरी विटामिन एवं मिनरल्स मौजूद होते हैं, साथ ही साबुत अनाज के प्रोटीन और फाइबर बच्चों को संतुष्टि का अहसास होता है।

लॉन्च के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, एस मुरुगन नारायणस्वामी, सीईओ, सदर्न हेल्थ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा कि, SHFPL (मन्ना) मिलेट्स एवं मल्टीग्रेन न्यूट्रिशन फूड्स कंपनी है जिसने माताओं को अपने बच्चों के लिए स्वादिष्ट पौष्टिक भोजन परोसने में मदद करने का बीड़ा उठाया है। मन्ना गो ग्रेन क्रंचीज पौष्टिक तत्वों से भरपूर अनाज है, जिसके लॉन्च के साथ हमने यही कोशिश की है कि रोजाना पोषक तत्वों की पूर्ति के साथ बच्चे दिन-भर की व्यस्त दिनचर्या का आसानी से सामना कर सकें।



इस प्रोडक्ट को हमारे पोषण विशेषज्ञों ने विशेष रूप से तैयार किया है, जिसके अंतर्गत नौ साबुत अनाज, असली फल, नट्स और चॉकलेट शामिल हैं, ताकि कुल मिलाकर बच्चों के शारीरिक विकास व प्रगति में मदद मिल सके। अपने इस प्रोडक्ट तथा लॉन्च कैंपेन के जरिए, कंपनी का लक्ष्य ऐसे बच्चों के लिए पोषक तत्वों से भरे स्वास्थ्यवर्धक नाश्ते की अहमियत को बढ़ाना है, जिनकी दिनचर्या बेहद व्यस्त है और उन्हें दिन भर अपने जोश व उत्साह को बरकरार रखने के लिए सेहतमंद ऊर्जा की जरूरत होती है। मन्ना गो ग्रेन क्रंचीज को चार अलग-अलग वेरिएंट्स - चोकोनट, नटी बड़ी, फ्रूट एंड नट (ब्लूबेरी) और फ्रूट एंड नट (रोज आमन्ड) में पेश किया गया है, जो देश भर में मौजूद स्टोर्स और हमारी वेबसाइट www.manafoods.in के साथ-साथ अमेजन, फ्लिपकार्ट और दूसरे ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा।

# एचआईवी पॉजिटिवों के लिए जिले में नहीं है ऑपरेशन की सुविधा

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए चाहे जितने भी दावे किये जाएं, लेकिन सच्चई इसके विपरीत है। शहर में मरीजों को दवा की सुविधाएं तो उपलब्ध हो गई, लेकिन उनके लिए ऑपरेशन की सुविधा जिले में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में उन्हें निजी अस्पतालों, दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल या एम्स जैसे बड़े अस्पतालों में स्वयं जाकर ऑपरेशन कराना पड़ता है। ऐसा ही एक मरीज के संग जिले में हो रहा है।

## नहीं हुआ ऑपरेशन

**एनआइटी** विधानसभा क्षेत्र में रहना वाला एक व्यक्ति पिछले चार साल से एचआईवी पॉजिटिव है। वह दवाइयां लगातार ले रहा है, लेकिन अब उसके हाथ में फैक्चर होने पर उसको इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। वह कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार गया था। जहां उसे एक बाइक वाले ने टक्कर मार दी थी वापस लौटकर उसने बीके अस्पताल में दिखाया, तो चिकित्सकों उसको ऑपरेशन की बात कही। जिस पर मरीज ने बताया कि वह एचआईवी पॉजिटिव है।

### ऑपरेशन न होने पर कर दिया जाता है, जिले से दिल्ली रेफर


डॉ. सविता यादव।


डॉ. शीला भगत।


डॉ. अखिल महाजन।

ऐसे में चिकित्सक ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया और दिल्ली में जाकर ऑपरेशन करवाने की सलाह दी।

**नहीं हुए टेस्ट :** चिकित्सक ने मात्र प्लास्टर वाली पट्टी करके मरीज के कई टेस्ट लिख दिए। जिस पर मरीज बुधवार को अस्पताल की ओपीड़ी में टेस्ट करवाने पहुंचा। खुद को पॉजिटिव बताने पर ओपीड़ी में मौजूद प्रयोगशाला के टेक्नीशियनों ने टेस्ट करने से मना कर दिया और बाहर से टेस्ट कराने की सलाह दी। मरीज ने बताया कि बाहर से उसने टेस्ट के रेट पता किए, तो वह करीब साढ़े तीन हजार रुपये के टेस्ट थे। जबकि वह इतने महंगे टेस्ट कराने में असमर्थ है।

**पीएमओ का कथन :** बीके अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि ऐसे मरीजों के लिए अलग व्यवस्था होती है। लेकिन यहां अन्य मरीजों और चिकित्सकों के लिए उक्त एक मरीज का ऑपरेशन करने से खतरा बढ़ सकता है। जिस कारण मरीज का ऑपरेशन यहां नहीं किया जा सकता। वहीं उन्होंने बताया कि एचआईवी पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी यहां होती है।

**अधिकारी का कथन :** डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने बताया कि मरीजों के लिए दवाओं की व्यवस्था तो सेक्टर-आठ स्थित एआरटी सेंटर में मौजूद है, लेकिन अभी तक पॉजिटिव मरीजों के ऑपरेशन की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यहां से मरीजों को दिल्ली ही भेजा जाता है। पहले दवाईयों के लिए भी दिल्ली भेजा जाता था, लेकिन जब से यहां दवा की सुविधा हुई है।

**दवा और पैसे :** सेक्टर-आठ ईएसआई अस्पताल के प्रभारी डॉ. अखिल महाजन ने बताया कि एंटी रेट्रोवायरल थैरेपी (एआरटी) सेंटर में एचआईवी पीड़ितों को दवा उपलब्ध हो रही है। इससे पहले एचआईवी पीड़ितों को दवा के लिए रोहतक स्थित पीजीआई और दिल्ली स्थित एआरटी सेंटर जाना पकड़ता था। वहीं यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को 2200 रुपये मासिक पेंशन मिल रहा है।

# ज्वैलर्स से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने फिरोती मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुरुग्राम की शीतल कॉलोनी में रहने वाला आरोपी फरीदाबाद में रहने वाले एक ज्वैलर्स को जान से मारने की धमकी देकर दस लाख रुपये की फिरौती मांग रहा था। फिरौती मांगते समय आरोपी पीड़ित व्यक्ति को अपना परिचय एक गैंगस्टर के रूप में दे रहा था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। अब पुलिस आरोपी के दूसरे साथी की सरगर्मी के साथ तलाश कर रही है।

### आरोपी के खिलाफ फिरोती मांगने और ठगी के मामले पहले से ही दर्ज हैं

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सतीश मूल रूप से बिहार के चंपारण जिले के गांव पठहोली का तथा वर्तमान में गुरुग्राम के सेक्टर-5 की शीतला कॉलोनी में किराए पर रहता है। आरोपी ने 15 जुलाई को ईशानी ज्वैलर्स के मालिक को जान से मारने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। जिसकी सूचना ईशानी ज्वैलर्स के मालिक ने थाना सराय ख्वाजा में सूचना दी थी। जिसपर तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। क्राइम ब्रांच टीम को अपने सूत्रों से आरोपी का गुरुग्राम का पता लगा।


फिरौती मांगने के आरोप में गिरफ्तार सतीश।

जिस पर आरोपी को गुरुग्राम के सेक्टर-5 के एरिया से काबू किया है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने संतोष व अन्य साथियों के साथ मिलकर लोगों से फिरौती मांगने और ठगी करने की वारदतों को अंजाम देता है। आरोपी ने अब तक बैंक के 20 खातों में लगभग अपने दोस्तों के साथ मिलकर 500 लेन-देन किए हैं। आरोपी का साथी संतोष अपने गांव जोकटिया से ही ऑपरेट करता है। आरोपी संतोष पहले भी कई बार फिरौती व ठगी के मामलों में जेल जा चुका है। आरोपी को पकड़ने के लिए दो बार आरोपी के गांव जोकटिया बिहार में रेड की गई। लेकिन आरोपी फरार हो गया। आरोपी सतीश से वारदात में प्रयोग दो फोन व चार सिम कार्ड बरामद हुए है। आरोपी संतोष पर बिहार में पहले दो मुकदमे ठगी और योजना के तहत फ्रॉर्ड करने के मामले दर्ज हैं। आरोपी दोनों मामलों में फरार चल रहा है। आरोपी की तलाश जारी है। जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पिस्तौल के बल पर दुष्कर्म करने का आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने देसी कट्टे से डराकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी फरजाद उर्फ नदीम फरीदाबाद के गांव फतेहपुर का रहने वाला है। आरोपी नाबालिंग लडकी के पड़ोस में रहता है। पीड़ित लड़की के साथ पहले देसी कट्टे के दम पर कई बार दुष्कर्म कर चुका है। आरोपी नाबालिंग लड़की को 03 जुलाई को कट्टे से डराकर अपने साथ भगाकर ले गया था। जिसकी सूचना पीड़ित लड़की के परिजनों ने थाना धौज में दी। जिसपर थाना पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी। मामले की कार्रवाई क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 को मिली जिसपर आरोपी की सूचना असम की मिली लेकिन रेड करने पर आरोपी वहां से फरार हो गया था। आरोपी की अब उत्तर प्रदेश के



वाराणसी होने की सूचना मिली जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच इंचार्ज ने कर्मबीर, सुमन, यूनुस खान, सिपाही दीपेंद्र की टीम बनाई। जिसने रेड कर आरोपी को वाराणसी से गिरफ्तार कर नाबालिंग लड़की को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। आरोपी से मौके पर तलाशी के दौरान देसी कट्टा व तीन कारतूस बरामद हुए थे। लड़की के अदालत में बयान दर्ज कराए गए। आरोपी को अदालत में पेश कर मामले में पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह टैक्सी गाड़ी चलाता है।

# स्कायबैग्स ने लॉन्च किया बैकटूकूल अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बैगपैक** की रंगीन दुनिया में स्कायबैग्स ने बहुत ही कम समय में अपनी एक अलग ही पहचान कायम कर ली है। वीआईपी इंडस्ट्रीज के मशहूर ब्रांड स्कायबैग्स कोरोना काल के पश्चात लोगों को एक फिर से सामान्य और स्टाइलिश जीवन जीने का एहसास कराने के लिए आतुर है। ऐसे में युवाओं को नये सिरे से अपने साथ जोड़ने के लिए ब्रांड की ओर से अब एक नये और बोल्ड बैकटूकूल अभियान की शुरुआत की है।

स्कायबैग्स की नई रेंज को बैकटूकूल अभियान के जरिए लॉन्च करने का मकसद युवाओं को ना सिर्फ स्कायबैग्स 2022 के नये कलेक्शन से अवगत कराना है, बल्कि कोरोना के चलते दो साल के अंतराल के बाद उन्हें फिर से स्टाइल और फैशन की दुनिया में ले जाना है। ठीक वैसे ही जैसे दो साल के पहले तक युवा सामान्यतः हर तरह के स्टाइल और फैशन का लुत्फ उठा रहे थे। ऐसे में बैकटूकूल कैम्पेन के जरिए दर्शाये गये आकर्षक स्कायबैग्स को युवाओं की चाहतों का प्रतीक बनाकर पेश किया गया है। इस पूरे कैम्पेन को बेहद उस्फूर्त रंगों, जोशीले अंदाज और अनूठी शैली में शूट किया गया है, जो निश्चित ही आज के युवाओं को काफी पसंद आएगा। इसमें दिखाया गया है कि कैसे अलग-




अलग तरह के आकर्षक स्कायबैग्स लिये तमाम दोस्त एक-दूसरे से मेल-जोल रखते हैं और युवा कैसे साथ में किसी स्पोर्ट्स को देखने, पार्टी करने, लम्बे अंतराल के बाद एक-दूसरे से मिलने जैसी सामान्य क्रियाओं का भरपूर लुत्फ उठाते हैं।

बैकटूकूल अभियान के बारे में बात करते हुए वीआईपी इंडस्ट्री लिमिटेड के वीआईपी इंडस्ट्री के वाइस-प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, प्रफुल्ल गुप्ता कहते हैं, एक बैगपैक के तौर स्कायबैग्स आज की युवा पीढ़ी की पहली पसंद बन गया है। कोरोना काल के पश्चात स्कायबैग्स का उद्देश्य युवाओं की ज़िंदगी को स्टाइलिश और पहले की तरह सहज व सामान्य बनाना है। इस कैम्पेन के साथ-साथ कलेक्शन 2022 युवाओं की स्टाइल और फ़ैशन का प्रतिबिम्ब भी है। गौरतलब है कि हमारे इस बेहद ख़ास कलेक्शन के पीछे दशकों की मेहनत और अद्भुत इंजीनियरिंग का कमाल है। हम अपने अनूठे कलेक्शन को एक बेहद मजेदार ढंग से उपभोक्ताओं के सामने लाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

# नई थेरेपी और सर्जरी से बढ़ रही है कैंसर मरीजों की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) दिल्ली नॉर्थ जोन के साथ मिलकर राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) द्वारा शहर के डॉक्टरों के लिए आयोजित कॉन्टिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) प्रोग्राम में आरजीसीआईआरसी के दो कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर के इलाज की नई दवाओं और नए तरीकों के बारे में जानकारी दी।

हेमैटो ओंकोलॉजी एंड बीएमटी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. नरेंद्र अग्रवाल ने ब्लड कैंसर के प्रकार मल्टीपल मायलोमा के इलाज के नए तरीकों के बारे में बात की। साथ ही सीनियर कंसल्टेंट एवं चीफ ऑफ ब्रेस्ट सर्जिकल ओंकोलॉजी यूनिट-2 डॉ. वैशाली झामरे ने लोगों को ओंकोप्लास्टिक ब्रेस्ट सर्जरी के बारे में जानकारी दी, जिससे स्तन कैंसर के इलाज के दौरान स्तनों को सुरक्षित रखना संभव हो पाता है। डॉ. नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि टार्गेटेड और इम्यूनोथेरेपी ज्यादातर बड़ी उम्र में होने वाले ब्लड कैंसर के एक प्रकार मल्टीपल मायलोमा के मामले में जीवनरक्षक सिद्ध हो रही हैं। टार्गेटेड और इम्यूनोथेरेपी दवाएं जटिलताओं को कम करती हैं और बीमारी को बढ़ने से रोकती हैं, जिससे मरीज के



जीवित रहने की संभावना 10 साल से अधिक तक बढ़ जाती है। जहां टार्गेटेड थेरेपी से कैंसर कोशिकाओं को सीधे लक्ष्य बनाया जाता है और इम्यूनोथेरेपी दवाओं से इम्यून कोशिकाएं मजबूत होती हैं, जिससे वे कैंसर कोशिकाओं पर हमला करने में सक्षम हो पाती हैं।

मल्टीपल मायलोमा के लक्षणों में हड्डियों व विशेषतौर पर रीढ़ की हड्डी में दर्द, थकान, पैरों में कमजोरी आदि शुमार हैं। हडि्डयों में लगातार दर्द की स्थिति में कैंसर विशेषज्ञ से मिलना चाहिए। 65 साल से ज्यादा उम्र के पुरुषों में मल्टीपल मायलोमा का खतरा ज्यादा रहता है। बहुत ज्यादा वजन और रेडिएशन या हर्बिसाइड्स के निर्माण में प्रयोग होने वाले घातक रसायनों के संपर्क में आने से भी खतरा बढ़ता है।

डॉ. वैशाली झामरे ने बताया कि नई तकनीकों को अपनाने से उन महिलाओं की सर्जरी में भी स्तनों को संरक्षित रख पाना संभव हुआ है, जिनके लिए स्तन कैंसर के इलाज का एकमात्र तरीका स्तनों को काटकर अलग करना (मास्टेक्टोमी) हुआ करता था। पहले ज्यादा बड़े ट्यूमर और स्तन में निपल एयरोलर कॉम्प्लेक्स के ठीक पीछे ट्यूमर होने की स्थिति में पूरा स्तन काटकर हटाना पड़ता था। नई तकनीकों को अपनाने से स्तनों को संरक्षित रखना संभव हुआ है। विशेषतौर पर यदि महिलाएं बीमारी के शुरुआती स्टेज पर ही संपर्क कर लें, तो स्तनों को संरक्षित रखने की संभावना बढ़ जाती है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि यदि स्तनों को संरक्षित रखते हुए सर्जरी की जाए, तो न केवल मरीज के जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है, बल्कि उसकी मानसिक-सामाजिक स्थिति भी बेहतर होती है। इन तकनीकों को कई अध्ययनों में ज्यादा सुरक्षित भी पाया गया है। दुर्भाग्य से स्तन को संरक्षित रखने की सर्जरी होते हुए भी स्तन कैंसर से पीड़ित ज्यादातर महिलाओं को मास्टेक्टोमी का ही सुझाव दिया जाता है। परिवार के सदस्यों या इलाज कर रहे डॉक्टर की कम जानकारी के कारण महिलाओं पर मास्टेक्टोमी का दबाव रहता है। हमें यह समझना होगा कि स्तनों को संरक्षित रखते हुए की गई सर्जरी भी उतनी ही सुरक्षित होती है।

### ब्रेस्ट कंजर्वेशन सर्जरी से स्तनों को सुरक्षित रखने में मिल रही मदद

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि रीजनल आउटरीच ब्यूरो चंडीगढ़ द्वारा भेजे गए दल हंस रंग वाहिनी कला मंच करनाल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में अटल भूजल योजना के तहत नुक्कड़ नाटक गीत रागनियां द्वारा जन जागरुकता अभियान का शुभारंभ बुधवार से किया गया। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला फरीदाबाद के बल्लभगढ़ ब्लॉक के गांव कैली और सीकरी के स्कूलों में बुधवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया।


उन्होंने कहा कि अटल भूजल योजना के तहत ग्राम स्तर में जल कुशल प्रथाओं के लिए भूजल की कमी और सामुदायिक स्वामित्व पर सामान्य जागरुकता पैदा करने के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया। अटल भूजल योजना का उद्देश्य, कार्यक्रम की सफलता के लिए सामुदायिक भागीदारी को संलग्न करना है। यह न केवल गांव के सदस्यों के बीच जागरुकता पैदा करेगा, बल्कि कृषि, घरेलू उपयोग और अन्य उपयोगों जैसे दैनिक उद्देश्यों में भूजल के उपयोग को विनियमित करने के लिए एक स्वामित्व भी लाएगा। टीम लीडर सोनी कुमार व टीम लीडर सुमित कुमार, कलाकार प्रमोद शर्मा रहे।

# सीएम फ्लाइंग ने पनीर की फैक्ट्री पर मारा छापा, लिए सैंपल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गुप्तचर** इकाई, पलवल द्वारा सूचना दी गई कि बहीन से गांव आलीमेव को जाने वाली सड़क पर शकील पुत्र दीन मोहम्मद निवासी गांव आली मेव थाना बहीन जिला पलवल के मकान में एक पनीर डेयरी चल रही है। जिसके पानी से आसपास क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है तथा डेयरी संचालक द्वारा जन स्वास्थ्य विभाग की पाइप लाइन से अवैध रूप से पानी का कनेक्शन लेकर व्यवसायिक उपयोग में लाया जा रहा है।

प्राप्त सूचना के आधार पर सचिन शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी फरीदाबाद, रणदीप संधू एसडीओ पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड पलवल, गुरमेज सिंह जेई पब्लिक हेल्थ, उपमंडल पुन्हाना जिला मेवात व स्थानीय पुलिस थाना बहीन की संयुक्त टीम के साथ मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम द्वारा उपरोक्त पनीर डेयरी का औचक निरीक्षण


मौके पर कार्रवाई करती मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम।

किया गया। औचक निरीक्षण पर पाया गया कि इस स्थान पर आदिल पुत्र अता मोहम्मद निवासी गांव माचा थाना तिजारा जिला अलवर द्वारा पनीर बनाने की डेयरी खोली हुई है।

सचिन शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तैयारशुदा (100+200=300 कि. ग्रा.) पनीर के दो अलग-अलग सैंपल तथा एक हजार दूध में से एक सैंपल लिया गया। (कुल 3 सेम्पल) श्री सचिन शर्मा के निरीक्षण पर पनीर दूध से बनाया जाता मीला, जो प्रथम दृष्टया हानिकारक प्रतीत नहीं हुआ। वहीं रणदीप संधू एसडीओ पोलूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा पनीर बनाए जाने के उपरांत बचे अवशेष का एक सैंपल लिया गया तथा पनीर डेयरी में दूध गर्म करने के लिए लगाए हुए बॉयलर के संबंध में डेयरी संचालक को अलग से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। गुरमेज सिंह जेई पब्लिक हेल्थ के निरीक्षण पर पाया कि इस मकान में जन स्वास्थ्य विभाग की पाइप लाइन से पीने का पानी का अवैध कनेक्शन लिया हुआ है जिस के संबंध में त्रुटिकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तदनुसार सभी विभागों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाणगी।

## हेपेटाइटिस इंतजार नहीं कर सकता : डॉ. सहरावत

**फरीदाबाद।** मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से पेट एवं लीवर रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ. बीर सिंह सहरावत ने बताया कि हर वर्ष 28 जुलाई को वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है। इस बार विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम हेपेटाइटिस इंतजार नहीं कर सकता रखी गई है। हमें हेपेटाइटिस के बढ़ने का इंतजार नहीं करना है। समय रहते इस रोग के लक्षणों की पहचान कर सही समय पर उचित इलाज करना है ताकि बीमारी से किसी प्रकार की समस्याएं न आयें। हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी बीमारी है जो वायरल इन्फेक्शन के कारण होती है। इस रोग में लिवर की कोशिकाओं में सूजन आ जाती है, जिससे वे क्षतिग्रस्त होने लगती हैं। हेपेटाइटिस प्रमुख रूप से पांच प्रकार के वायरस ए, बी, सी, डी और ई से फैलता है। हेपेटाइटिस बी, डी और सी वायरस ब्लड या मां से बच्चे में या असुरक्षित यौन संबंध से फैलते हैं। हेपेटाइटिस ए और ई वायरस दूषित भोजन या पानी के इस्तेमाल से फैलते हैं। शराब के अधिक सेवन के कारण भी हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ जाता है।

# डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन ने परिवहन मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** लंबित मांगों को लेकर डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन फरीदाबाद के पदाधिकारियों ने हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा तथा उनसे अनुरोध किया कि वे उनके मांग पत्र पर अपनी सिफारिश देते हुए पशुपालन मंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजें। एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉक्टर राजबेल देशवाल, जिला सचिव भीष्म कुमार के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पशुपालन मंत्री एवं मुख्यमंत्री से पशुपालन विभाग में कार्यरत विभाग की रीड की हड्डी कहे जाने वाले कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को हल करने की मांग की गई उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की मुख्य मांगे खंड पशुधन विस्तार अधिकारी को राजपत्रित घोषित करन ग्रेड पे 4600 वीएलडीए का पद नाम व सर्विस रूल बदलना जोखिम बता देना महानिदेशक पद पर आईएएस की नियुक्ति कॉन्ट्रैक्ट पर लगे कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाना आदि मांगें काफी समय से लंबित हैं जिस बारे में पशुपालन निदेशालय जानबूझकर इन मांगों को पूरी करने में अड़चन पैदा कर रहा है, जिस वजह से पूरे प्रदेश के वीएलडीए कर्मचारियों में भारी आक्रोश है तथा 15 जून से कर्मचारी लगातार आंदोलन करते हुए पशुपालन निदेशालय के सामने डेरा डाले हुए हैं तथा पशुपालन मंत्री के भिवानी कार्यालय पर आक्रोश रैली भी कर चुके हैं फिर वह अभी तक मांगों का समाधान नहीं हुआ है।


लम्बित मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपते डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएसन के पदाधिकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### नृत्य और नुक्कड़ नाटक का शानदार मंचन



**फरीदाबाद।** कारगिल विजय दिवस पर सबका रंगमंच द्वार पहला सांस्कृतिक कार्यकर्म अयोजित कराया गया जिसमे नाटक, कविता, नृत्य और नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। दर्शकों ने नाटक लाहौर के कबूतर को बोहोत ही प्यार दिया। नाटक के निर्देशक मुकेश भाटी ने बताया है कि ऐसे नाटकों की प्रस्तुति समय-समय पर होती रहनी चाइए। जिससे लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना पैदा हो। कार्यकर्म में मुख्य अतिथि के रुप में त्रिलोक गुलियानी और राजीव बत्रा (पंजाबी विकास सभा) मौजूद रहे। डॉ. बबिता गर्ग किरण ने भी अपनी कविता से लोगों के अन्दर देशभक्ति की भावना पैदा की वही पर इशमीत वर्मा और कुलदीप सिंह ने अपने नृत्य से लोगों का दिल जीता लिया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति संभार्य फाउंडेशन की तरफ से की गई जिसमे तैयब आलम, प्रियंका, ओमकार, एसके शुक्ला और मैंडी ने अपनी प्रस्तुति दी। अथिति के रूप में दर्शन लाल कुकरेजा, डॉ. अजय गर्ग, जगजीत कौर पन्नू, आदित्य कृष्ण मोहन और अजय कुमार और सतपाल मुंजाल (प्रधान, सनातन धर्म मन्दिर) मौजूद रहे। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम नरेश ठाकुर और वरुण पासी ने कराया और आगे भी कार्यक्रम कराते रहेंगे।

### गांव चंदावली में जूट और पेपर के बैगों का वितरण



**फरीदाबाद।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के निर्देशन में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा 14 से 28 जुलाई 2022 तक प्राचार्य डॉश कृष्णकांत के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण पखवाड़ा मनाया जा रहा हैद्ध इस अभियान के तहत कई गतिविधियों जैसे वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी, स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया ताकि लोगों को ग्लोबल वार्मिंग और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके। 27 जुलाई को स्वच्छता सेनानी टीम के समन्वयक डॉ. सारिका, डॉ. रेखा और सुश्री मोहिनी ने पर्यावरण संरक्षण और संरक्षण पर जागरुकता फैलाने के लिए सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंदावली का दौरा किया। स्ट्रीट आर्ट म्यूरल क्लब और स्वच्छता सेनानी टीम के समन्वय से इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक किया गया। कॉलेज की 'टीम बाटी' के विद्यार्थियों ने स्कूली बच्चों के सामने पर्यावरण बचाओ पर एक नाटिका प्रस्तुत की। उन्होंने प्लास्टिक के बजाय कागज और जूट के थैलों का उपयोग करने का संदेश दिया और इस प्रकार पर्यावरण को बचाने में मदद की। समन्वयकों और छात्रों ने स्कूली बच्चों और शिक्षकों के बीच जूट और पेपर बैग वितरित करके उन्हें जागरूक किया। उन्होंने स्कूली छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें पर्यावरण को बचाने के महत्व को समझने में मदद की। नुक्कड़ नाटक एक बड़ी सफलता थी। विद्यालय की प्रधानाचार्य बिमलेश ने पूरा सहयोग किया और छात्रों को उनके मामले में मार्गदर्शन करने का वादा किया।

### बीके अस्पताल में लगाए 35 पौधे


उज्जवल एजुकेशन प्वाइंट के द्वारा 35 पौधे पीमएओ डॉ. सविता यादव के संग मिलकर लगवाते हुए।

**फरीदाबाद।** हरियाली पर्व के तहत महीने भर उज्जवल एजुकेशन प्वाइंट के द्वारा बीके अस्पताल में पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें अस्पताल में 35 पौधे उज्जवल एजुकेशन के द्वारा पीएमओ के हाथों लगवाये। इस मौके पर अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव, अस्पताल की स्टाफ नर्स, कर्मचारी और समाजसेवी सतीश चौपड़ा मुख्य रूप से मौजूद रहे। पीएमओ डॉ. सविता यादव ने पौधारोपण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उज्जवल एजुकेशन के प्रयासों की सराहना की। अस्पताल में करीब दो घंटे तक चले इस पौधारोपण कार्यक्रम में 35 पौधे लगाए गए। जिसमें पीपल, बरगद, नीम, जामुन के वृक्ष लगाए गए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह पक्षियों और मरीजों को छाया व फल देंगे। वहीं उन्होंने मौके पर मौजूद सभी माली को इन पौधों का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि पौधों की देखभाल ठीक से होने पर वह जल्द ही छायादार हो जाए।

### 'हर घर तिरंगा' को लेकर निकालेंगे जागरुकता रैली

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर जिला प्रशासनिक अधिकारी चार अगस्त को साइकिल यात्रा करके फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर लोगों को प्रेरित करके जागरुकता अभियान चलाएगा। देश शान हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर तथा इमारत पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। फरीदाबाद में सात लाख घरों और एक लाख अन्य सभी प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहराएगा। डीसी जितेन्द्र यादव ने यह जानकारी बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में अधिकारियों के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों के साथ मंत्रणा करते हुए दी। उन्होंने बताया कि यह जन जागरण साइकिल यात्रा चार अगस्त को दोपहर बाद तीन बजे सेक्टर-12 से शुरू की जाएगी। जो कि फरीदाबाद के विभिन्न स्थानों से गुजर कर लोगों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए भागीदार बनाने के लिए आमजन को प्रेरित करेगी। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल आदि अधिकारी गणों ने भाग लिया।

### जेल से जमानत पर आए अपराधियों की जांच

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा अपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अपराध में संलिप्त और रह चुके हिस्ट्रीशीटर, दुशचरित्र व जेल से जमानत पर आए आरोपियों को चेक करने के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए डीसीपी एनआईटी नीतिश अग्रवाल ने एनआईटी जोन के अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों चेक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि विभिन्न अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आदतन अपराधियों पर कंट्रोल रखना अति आवश्यक है। अपराधियों में कानून का भय बना रहे इसलिए उन्हें समय-समय पर पुलिस द्वारा चेकिंग की जाती है। इसका उद्देश्य यह चेक करना होता है कि हिस्ट्रीशीटर, अपराधी, थाना के पूर्व रिकॉड में अपराधी रहे एरिया में उपस्थित है या नहीं। वह पुलिस को सूचित किया बिना एरिया से बाहर नहीं जा सकते और यदि वह ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाती है। इसी के तहत डीसीपी एनआईटी ने आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे, जमानत पर जेल से बाहर आए आपराधिक प्रवृत्ति के 58 व्यक्तियों से पूछताछ की। अपराधिक प्रवृत्ति के यह व्यक्ति एनआईटी जोन के थानों में हिस्ट्रीशीटर हैं जो हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, लूट, लड़ाई झगड़ा, अपहरण, फिरौती आदि विभिन्न प्रकार के जघन्य अपराधों में शामिल रहे हैं। अपराधिक प्रवृत्ति के इन व्यक्तियों पर विभिन्न मुकदमे दर्ज जो अदालत में विचाराधीन है। पुलिस उपायुक्त ने अपराधियों द्वारा पूर्व में किए गए अपराधों में सजा काट चुके अपराधी भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक वारदात में शामिल न होने की चेतावनी दी।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 28 जुलाई, 2022



## विपक्ष की शैली

### सांसदों को सज़ा

**कुछ** विपक्षी नेताओं पर नाटकबाजी के कारण संसद सत्र में भाग लेने से रोका गया है। अब संसद में अव्यवस्था लगभग सामान्य बात हो गई है। वास्तव में यह कोई नई बात नहीं है और पिछले काफी समय से जारी है। अतीत में इसके कारण पूरे पूरे सत्र नष्ट हुए हैं। संसद की कार्यवाही पर खबरों में अक्सर आने वाले शब्दों में शोर-शराबा, आपाधापी, चीखना-चिल्लाना, नारेबाजी, आदि सामान्य हो गए हैं। इसलिए कुछ सांसदों को सत्र में भाग लेने से प्रतिबंधित करना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। वैसे भी जो लोग भाग लेते हैं, उनके भाषणों से भी देश को कोई खास जानकारी नहीं मिलती है। सोमवार को कांग्रेस के चार लोकसभा को पूरे मानसून सत्र के लिए प्रतिबंधित किया गया जो 12 अगस्त को समाप्त होगा। इसके अगले दिन विपक्षी पार्टियों के रिकार्ड 19 राज्यसभा सदस्यों को इस सप्ताह के लिए प्रतिबंधित किया गया। ये लोकसभा सदस्य तख्तियां लेकर सदन के भीतर मुद्रास्फीति का विरोध कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की यह चेतावनी अनदेखी कर दी कि सदन के भीतर तख्तियां न दिखाई जाएं। इसके कारण उनको बर्खास्त किया गया। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उचित ही गंगलवार को कार्यवाही में बाधा डालने वाले विपक्षी नेताओं की आलोचना की। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने रिपोर्टरों को बताया, 'राज्यसभा सभापति ने विपक्षी दलों के कुछ नेताओं को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। हमने बार-बार कहा है कि हम मूल्यवृद्धि समेत किसी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं और इस मुद्दे पर चर्चा की मांग पर सहमति जताई थी। लेकिन वे लगातार सदन की कार्यवाहियों में बाधा डाल रहे थे।' लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला



ने भी सोमवार को ऐसी ही बात कही थी, 'यदि आप तख्तियां दिखाना चाहते हैं तो सदन के बाहर ऐसा करें। मैं चर्चा के लिए तैयार हूं।' यह विचित्र स्थिति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार मुद्रास्फीति पर चर्चा के विचार के पक्ष में है, लोकसभा अध्यक्ष भी इसकी अनुमति दे रहे हैं, लेकिन विपक्ष बहस और चर्चा से भाग रहा है, जबकि इस पर वह आर्थिक नीति की कमियां उजागर कर सकता था। वह क्या कर रहा है? चीखने-चिल्लाने के साथ वह तख्तियां दिखा रहा है जिसका उद्देश्य मूल्यवृद्धि के मुद्दे पर फोटो खिंचवाने का अवसर पाना है। इससे राजनीतिक संवाद एक शिगूफा बन जाता है तथा एक घटना में बदल कर रह जाता है। ये लोग ही सरकार पर आरोप लगाते हैं कि उसने प्रशासन को 'इवेंट मैनेजमेंट' में बदल दिया है। सरकारी स्त्रोतों का हवाला देते हुए पीटीआई ने पिछले साल अगस्त में खबर दी थी, 'मानसून सत्र शुरू होने के बाद विपक्षी दलों द्वारा पेगासस जासूसी व अन्य मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन के कारण संसद पूर्व निर्धारित 107 घंटों में से केवल 18 घंटे ही काम कर सकी। इसके परिणामस्वरूप करदाताओं के 133 करोड़ से अधिक पैसे का नुकसान हुआ।' हालांकि, संसद में लगातार अफरातफरी के कारण होने वाला पैसे का नुकसान प्रमुख मुद्दा नहीं है। असली मुद्दा यह है कि विपक्ष सरकार के कार्यकारी अधिकार पर नियंत्रण रखने के अपने दायित्व से हट रहा है। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की जांचकर नीतियों व निर्णयों में गलतियां बताने के बजाय संभवत: विपक्षी नेता अखबारों में अपनी तस्वीरें छपवाने या खबरिया चैनलों में दिखने में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। वे सोच सकते हैं कि यह महान काम है। लेकिन यथार्थ में वे वास्तव में सरकार की सहायता कर रहे हैं जिसे विपक्ष की नाटकबाजी के कारण नियंत्रण से मुक्ति मिल जाती है।

# क्या संविधान से ऊपर है नेहरू परिवार?

कांग्रेस के प्रथम परिवार ने सोनिया गांधी से पूछताछ के समय ईडी कार्यालय के बाहर अपने कार्यकर्ताओं व नेताओं को विरोध प्रदर्शन के लिए लामबंद किया।



**राजेंद्र प्रसाद गुप्ता**
(लेखक बिहार विधान परिषद सदस्य हैं)




**पांच** दशक से अधिक समय तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस पार्टी की पूरी राजनीति नेहरू परिवार तक केन्द्रित हो गई है। उन्होंने स्वयं को राजा की तरह समझा है जो लोकतांत्रिक भारत के संविधान तथा कानून से ऊपर है। देश के संविधान की यह अनदेखी एक बार फिर पूरी तरह दिखाई पड़ी। यह स्थिति उस समय पैदा हुई जब वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सोनिया गांधी को प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में पूछताछ के लिए बारी-बारी से बुलाया। दोनों मामलों में कांग्रेस के प्रथम परिवार ने पूछताछ के समय ईडी कार्यालय के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं, संसद सदस्यों, विधायकों व पार्टी पदाधिकारियों को विरोध प्रदर्शन के लिए लामबंद किया। प्रदर्शन धारा 144 लागू होने के बावजूद जारी रहा। इसमें कांग्रेस नेताओं ने स्वयं को नेहरू परिवार का विश्वसनीय प्रदर्शित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

साढ़े छ: साल पहले 19 दिसंबर, 2015 को जब सोनिया गांधी व राहुल गांधी इसी मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के समक्ष पेश हुए थे, तब उन्होंने कांग्रेस कार्यालय से अदालत तक मार्च किया था। ऐसे में लोगों द्वारा यह सवाल आश्चर्यजनक नहीं है कि विपक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने ऐसी एकजुटता कभी जनता की समस्याओं के प्रति क्यों नहीं दिखाई? गांधी परिवार के तथाकथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कोई नई बात नहीं है। इसकी नीव 47 साल पहले 12 जून, 1975 को उस समय डाली गई थी जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रायबरेली से चुनाव को राज्य मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप में रद्द कर दिया था। अदालत ने उनके छ: साल तक चुनाव लड़ने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद परिवार के समर्थकों ने नारा गढ़ा था, 'इंदिरा इज़ इंडिया एंड इंडिया इज़ इंदिरा।'

जब भी नेहरू परिवार के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है, कांग्रेस कानूनी प्रक्रिया का मजाक उड़ाती है। 23 अक्टूबर, 1977 को जब इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया तब भी यही हुआ था। 19 दिसंबर, 1978 को विशेषाधिकार हनन तथा सदन की निन्दा के आरोप में इंदिरा को गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेजा गया था। उनके बेटे संजय गांधी को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर 1979 में जबरन वंध्याकरण, सरकारी काम में बाधा डालने, मारुति कंपनी विवाद व आपातकाल के दौरान फिल्म 'किस्सा कुर्सी का' के प्रिंट जलाने व सुनवाई में गवाहों पर दबाव डालने के आरोपों में तिहाड़ जेल भेजा गया था। इन सभी मामलों में कांग्रेस आरोपी नेहरू परिवार के बचाव में सड़कों पर उतरी थी। ऐसे में यह सवाल पूछना उचित होगा कि जब अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी मंत्री व नेता गिरफ्तार किए गए तो पार्टी ने कोई विरोध प्रदर्शन क्यों नहीं किया? क्या यह केवल नेहरू परिवार के लिए था? कांग्रेस पार्टी और उसके नेता अब भूल गए हैं कि गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग किया था। वे 10 मार्च, 2010 को गुजरात दंगा मामलों में विशेष जांच एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे। इस एसआईटी के प्रमुख तथा पूर्व सीबीआई निदेशक आर.के. राघवन ने अपनी जीवनकथा 'अ रोड वेल ट्रेवल्ड' में लिखा कि एक दिन में मोदी से पूछताछ के दौरान 100 से अधिक सवाल पूछे गए थे और इसमें लगभग 9 घंटे समय लगा था। पूछताछ के दौरान जब जांच अधिकारियों ने भोजन के लिए अवकाश का अनुरोध किया तो मोदी ने यह कह कर इनकार कर दिया कि वे कानूनी कार्यवाहियों के दौरान कोई अवकाश नहीं लेना चाहते हैं। ऐसी स्थितियों में मोदी तथा नेहरू परिवार के बीच मूलभूत अंतर समझ में आता है। उस समय मोदी ने पूछताछ के लिए जाने से पहले मीडिया से कहा था, 'भारत का संविधान व देश का कानून सर्वोच्च है। एक नागरिक व मुख्यमंत्री के रूप में मैं भारत के संविधान व भारत के कानून का पालन करने को प्रतिबद्ध हूं। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है।' दूसरी ओर राहुल गांधी ने पूछताछ के पहले अपने पार्टी साथियों के साथ योजना बनाई थी कि कि सत्याग्रह के नाम पर हिंसक प्रदर्शन कर वे कैसे सुर्खियों में आ जाएं।

**नेहरू परिवार लंबे समय से संविधान का उल्लंघन कर अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए सत्ता पर कब्जा करता रहा है। कांग्रेस सरकार में आपातकाल लागू किया गया तथा धड़ल्ले से कानून-व्यवस्था मशीनरी के साथ छेड़छाड़ की गई। यह अकारण ही नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने 2013 में देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी को 'पिंजड़े में बंद तोता' कहा था। नेहरू परिवार अपने नाम में गांधी जोड़ कर जनता को भ्रमित करता रहा है।**

गुजरात के तत्कालीन गृह मंत्री अमित शाह को 2010 में गिरफ्तार कर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने उनसे कई बार पूछताछ की थी। सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बावजूद उनको तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दबाव में गुजरात जाने की अनुमति नहीं मिली। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी, मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती व विश्व हिंदू परिषद के नेता अशोक सिंहल को सीबीआई ने अनेक अवसरों पर पूछताछ के लिए बुलाया। इन सभी मामलों में न भाजपा ने सीबीआई पर सवाल उठाए और न कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों का आयोजन किया। सभी लोगों ने पूरी तरह संबंधित जांचों में प्रशासन के साथ पूरी तरह सहयोग किया। अपराधियों व भ्रष्ट लोगों के साथ समझौता करने के अलावा कांग्रेस उनको अपनी छतरी के नीचे लाई। उदाहरण के लिए, 20 दिसंबर, 1978 को लखनऊ से दिल्ली उड़ान भर रहे भोला नाथ पांडे व देवेंद्र पांडे ने शाम 5.45 बजे 132 यात्रियों के साथ इंडियन एयरलाइन्स के बोइंग 737 विमान का अपहरण कर लिया और उसे वाराणसी में उतरने पर मजबूर किया। उन्होंने इंदिरा गांधी की रिहाई के साथ उनके व उनके बेटे संजय गांधी के खिलाफ सारे मामले वापस लेने की मांग की। सत्ता में आने पर कांग्रेस ने अपने इन दोनों प्रतिबद्ध समर्थकों के खिलाफ दर्ज सारे मामले वापस ले लिए जो नेहरू परिवार की पूजा करते थे। दोनों को पुरस्कार स्वरूप टिकट दे कर उनको विधायक व सांसद बनाया गया। सभी दृष्टिकोण से यह निन्दनीय राजनीति थी। कांग्रेस केवल इतने पर ही नहीं रुकी। जब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम बोफोर्स घोटाले में सामने आया तो सरकार ने लोकसभा में 29 अगस्त को मानहानि विधेयक पेश किया। 30 अगस्त, 1988 को लोकसभा में विधेयक पास होने के बाद देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इन प्रदर्शनों के कारण सरकार को मजबूरी में विधेयक वापस लेना पड़ा।

नेहरू परिवार लंबे समय से संविधान का उल्लंघन कर अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए सत्ता पर कब्जा करता रहा है। कांग्रेस सरकार में आपातकाल लागू किया गया तथा धड़ल्ले से कानून-व्यवस्था मशीनरी के साथ छेड़छाड़ की गई। यह अकारण ही नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने 2013 में देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी को 'पिंजड़े में बंद तोता' कहा था। नेहरू परिवार अपने नाम में गांधी जोड़ कर जनता को भ्रमित करता रहा है। राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए यह सुनियोजित रणनीति है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर गंदी व छुद्र राजनीति उनके कार्यों का अपमान है। वर्तमान समय में जब परिवार के 'राजकुमार' लोकतंत्र तथा भारत की सांस्कृतिक विरासत की बात करते हैं तो वे हास्यास्पद लगते हैं। इसलिए जब राहुल गांधी जैसा कोई व्यक्ति भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपने गुस्से का प्रदर्शन करता है तो देश की जनता उसे करारा धक्का देती है क्योंकि वह परिवार तथा उसके राजकुमार का अतीत और वर्तमान अच्छी तरह जानती है।

# मानव प्रकृति का प्रवाह एवं स्थिरता

**"नैतिक विकास का भविष्य तदनुसार अनंत है, लेकिन इसका चरित्र हर कदम पर अधिक से अधिक निर्धारित होता है।"**

**जॉर्ज संतायन**
(लेखक स्पैनिश अमेरिकी दार्शनिक हैं)



**प्र**गति, परिवर्तन में शामिल होने से बहुत दूर, अवधारण पर निर्भर करती है। जब परिवर्तन निरपेक्ष होता है तो सुधार करने के लिए कोई अस्तित्व नहीं रहता है और संभावित सुधार के लिए कोई दिशा निर्धारित नहीं होती है : और जब अनुभव को बरकरार नहीं रखा जाता है, जैसे कि जंगली लोगों के बीच, शैशवावस्था शाश्वत होती है। जो लोग अतीत को याद नहीं रख सकते हैं, वे इसे दोहराने के लिए निंदा करते हैं।

जीवन के पहले चरण में मन तुच्छ और आसानी से विचलित होता है; यह लगातार और दृढ़ता में विफल होने से प्रगति को याद करता है। यह बच्चों और बर्बर लोगों की स्थिति है, जिनमें वृत्ति ने अनुभव से कुछ नहीं सीखा है। दूसरे चरण में पुरुष घटनाओं के प्रति विनम्र होते हैं, नई आदतों और सुझावों के प्रति प्लास्टिक होते हैं, फिर भी उन्हें मूल प्रवृत्ति पर ग्राफ्ट करने में सक्षम होते हैं, जिससे वे पूर्ण संतुष्टि प्राप्त करते हैं। यह मर्दानगी और सच्ची प्रगति का विमान है। अंतिम चरण आता है जब अवधारण समाप्त हो जाता है और जो कुछ होता है वह एक बार में भुला दिया जाता है, व्यर्थ, क्योंकि अव्यावहारिक, अतीत की पुनरावृत्ति प्लास्टिसिटी और उपजाऊ पुन: अनुकूलन का स्थान लेती है। चलती दुनिया में पुन: अनुकूलन दीर्घायु की कीमत है।

कठोर खोल, प्राणिक सिद्धांत की रक्षा करने से दूर, इसे धीरे-धीरे मरने और धीरे-धीरे ठंडा होने की निंदा करता है; इस तरह के मामले में अमरता पहले ही सुरक्षित हो गई होगी, समकालीन दुनिया को एक पीढ़ी के प्लास्टिक को जन्म देकर और इसके सबक को बनाए रखने में सक्षम। इस प्रकार बुढ़ापा उतना ही भुलक्कड़ है जितना कि युवा, और अधिक अपूरणीय; यह शर्तों के प्रति समान



असावधानी प्रदर्शित करता है; उसकी स्मृति स्वत:-पुनरावर्ती हो जाती है और पक्षी के चहकने की तरह एक सहज प्रतिक्रिया में बदल जाती है। हालांकि, सभी पुन: अनुकूलन प्रगति नहीं है, आदर्श पहचान को खोना नहीं चाहिए। इतालवी में पारित होने पर लैटिन भाषा की प्रगति नहीं हुई। वह मर गया। इसके मिलनसार उत्तराधिकारी हमें इसके जाने के लिए सांत्वना दे सकते हैं, लेकिन इस तथ्य को दूर न करें कि उनके माता-पिता विलुप्त हो गए हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति, राष्ट्र और धर्म की अनुकूलन की अपनी सीमा होती है; जब तक इसे प्राप्त होने वाली वृद्धि सुपाच्य है, जब तक पहले से प्राप्त संगठन को विस्तारित और विस्तारित किए बिना विस्तारित किया जाता है, तब तक विकास चलता रहता है; लेकिन जब बुनियाद ही हिलती है, परिधि पर जो प्राप्त होता है वह केंद्र में खो जाता है, प्रवाह फिर से प्रकट होता है और प्रगति वास्तविक नहीं होती है। इस प्रकार पीढ़ियों या भाषाओं या धर्मों के उत्तराधिकार में तब तक कोई प्रगति नहीं होती जब तक कि शुरुआत में मौजूद कुछ आदर्श अंत तक प्रेषित नहीं होते और वहां बेहतर अभिव्यक्ति तक नहीं पहुंचते; इस स्थिरता के बिना मूल में कोई सामान्य मानक मौजूद नहीं है और मूल्य के साथ मूल्य की सभी तुलना बाहरी और मनमानी होनी चाहिए। अवधारण, हमें दोहराना चाहिए, प्रगति की शर्त है।

मानव स्वभाव जिस विविधता के लिए खुला है, वह किसी भी दिशा में भिन्नता नहीं है। ऐसे परिवर्तन हैं जो इसे नष्ट कर देंगे। जब तक यह सहन करता है तब तक इसे वह सब बनाए रखना चाहिए जो इसे अभी बनाता है, वह सब जो उसने अब तक इकट्ठा किया है और अपने सार में काम किया है। प्रगति की वंशावली मनुष्य के समान है, जो एक भी पूर्वज को कभी नहीं ठुकरा सकता। यह शुरू होता है, इसलिए बोलने के लिए, एक बिंदु से, कोई भी दिशा लेने के लिए स्वतंत्र। हालांकि, जब एक बार, विकास ने एक ही कदम उठाया है, जैसे कि कशेरुकियों की दिशा में, उस कदम को प्रजातियों के विलुप्त होने के बिना वापस नहीं लिया जा सकता है।

ऐसी विलुप्ति हो सकती है जबकि अन्य पंक्तियों में प्रगति जारी है। मृत और जीवित शाखा के फोर्किंग से पहले जो कुछ भी था, वह उतना ही प्रतिनिधित्व किया जाएगा और जीवित विकिरणों द्वारा वैध रूप से जारी रखा जाएगा जैसा कि कशेरुकियों द्वारा किया जा सकता था जो अब नहीं हैं, लेकिन ऐसे में कशेरुकी आदर्श हमेशा के लिए खो जाता है, और उस रेखा के साथ आगे कोई प्रगति संभव नहीं है।

नैतिक विकास का भविष्य तदनुसार अनंत है, लेकिन इसका चरित्र हर कदम पर अधिक से अधिक निर्धारित होता है ...

## आप की बात

### मोदी की सलाह

**24** जुलाई को दिल्ली में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव जीतने के लिये सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को मुख्य एजेंडा बनाने का मंत्र दिया। मुख्यमंत्रियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय और व्यक्तिगत स्तर पर निगरानी करने का निर्देश दिया। मोदी की यह बात सभी दलों को गौर करने योग्य है। लोग शासन से वादे नही परिणाम चाहते हैं। देश में प्रतीकात्मक राजनीति का समय समाप्त हो गया है। जागरूक जनता को रेवड़ियां बांट कर प्रभावित नही किया जा सकता। लंबे समय तक चुनाव जीतने और शासन करने के लिये जनता का दिल जीतना होगा। गरीबों के लिये चलाई जा रही योजनाओ का लाभ गरीबो तक पहुंचे। इसके लिये जरूरी है योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर हो। मोदी ने मुख्यमंत्रियों से कह सत्ता सुख भोगने का जरिया नही बल्कि जिम्मेदारी है। बीते 8 सालों में बीजेपी को जनता का समर्थन नकारात्मक प्रचार के बावजूद भी मिला है। मोदी जी को यह भी ध्यान रखना चाहिये। जनता को कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासनिक अधिकारियों की ही मुख्य भूमिका होती है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### क्षीण न हो मनोबल

**भारत** के स्टार खिलाड़ी जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के मांसपेशियों के खिंचाव के कारण कॉमनवेल्थ गेम की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगे। ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने हाल ही में संपन्न विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया था एवम कॉमन वेल्थ गेम में नीरज चोपड़ा का गोल्ड पक्का माना जा रहा था। भारतीय खेल जगत नीरज चोपड़ा के चोटिल होने कॉमनवेल्थ गेम में भागना लेने से निराश और बेहद दुखी हैं. भारत ने नीरज चोपड़ा की उपलब्धियों को ध्यान में रखकर कॉमनवेल्थ गेम के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक के रूप में मनोनीत किया था विशेष परिस्थिति वश नीरज ने असमर्थता जाहिर की है। यह घटनाक्रम नीरज चोपड़ा और उसके परिवार के लिए बड़ी कष्टप्रद स्थिति है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में किसी खिलाड़ी के द्वारा जोरदार तैयारी के बावजूद हिस्सा ना ले पाना खिलाड़ी को अंदर तक झकझोर कर रख देता है मनोबल टूट जाता है। भारत सरकार के खेल मंत्रालय, ओलंपिक संघ एवं जैवलिन थ्रो संघ जैसे संस्थाओं को आगे आकर नीरज चोपड़ा कि बनो स्थिति को समझना होगा और मनोबल को कमजोर नहीं होने देना चाहिए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली


### ममता का बयान

**अपने** मंत्री की गिरफ्तारी पर ममता जी का बयान आम जनों की अपेक्षा के विपरीत है, कि टीएमसी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के दो दिन बाद ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा है कि दोषी को सजा जरूर मिले, मैं करप्ट लोगों का बचाव नहीं करती। जबकि अभी तक सोनिया गांधी से लेकर जितने भी नेताओं की जांच पड़ताल ईडी कर रहा है वे सभी अपनी राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन कर केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का ठीकरा फोड़ रहे है। सोनिया जी को भी ईडी दफ्तर में बुलाए जाने पर सड़कों पर हुड़दंग मचाया जा रहा हैं। कांग्रेस शाशित राज्यों में ज्यादा ही हुड़दंग हो रहे हैं। वहां के मुख्यमंत्री तक दिल्ली आकर सड़कों पर धरने दे रहे हैं। यदि ये नेता बेकसूर है तो उन्हें ईडी की जांच पड़ताल से आपत्ति क्यों है? इस मामले में ममता बनर्जी ने विपक्ष को पीछे छोड़ कर अपने मंत्री की कोई तरफदारी नहीं की है। यदि अन्य भी ऐसा करें तो भ्रष्टाचारियों को सपोर्ट मिलना बंद हो जाएगा और वे घोटाला करने से पहले 10 बार सोचेंगे!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**कई** बार विपक्षी दल सरकार के काम में बाधा डालते हैं क्योंकि जब वे सत्ता में थे तब अपने निर्णय लागू नहीं कर पाए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**संस्कृति** की बात करने वाले भाजपा नेताओं ने देश की महिलाओं, खासकर राष्ट्रीय पार्टी की 75 वर्षीय अध्यक्ष के खिलाफ बार-बार आपत्तिजनक शब्द प्रयोग किए हैं।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**मैं** अनेक ईसाइयों द्वारा मूल निवासियों के प्रति किए अपराधों के लिए विनमृता से माफी मांगता हूं।

– **फ्रांसिस**
पोप

# राजभवन में सरकार ने की विकास कार्यों पर चर्चा

**● सीएम ने राज्यपाल के व्यक्तित्व पर आधारित पुस्तक 'प्रतिबद्धता के पदचिह्न' का किया विमोचन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में योगी सरकार को चाय पर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ राजभवन पहुंचे और इस दौरान राजभवन स्थित सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सीएम योगी के समक्ष हर मंत्री ने थोड़ी-थोड़ी देर का अपने विभाग से जुड़ा प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान कई सुझाव भी आए जिस पर एक कार्य योजना बनाकर काम करने के लिए कहा गया। इस दौरान एक एमओयू भी शिक्षा विभाग ने साइन किया तथा सीएम ने राज्यपाल के व्यक्तित्व पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया।

राजभवन के गांधी सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंकिंग के संबंध में 'उत्तर प्रदेश कैडर फार रैंकिंग एक्रीडियेशन मेंटरशिप' नाम से राजधानी लखनऊ में विशिष्ट केंद्र की स्थापना के लिए एनआईडी फाउंडेशन और उच्च शिक्षा विभाग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। प्रथम चरण में यूपीसीआरएएम के अन्तर्गत चण्डीगढ़ विवि के साथ 11 विवि क्रमशः चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ, महात्मा ज्योतिबाफूले रूहेलखण्ड विवि बरेली, लखनऊ विवि लखनऊ, छत्रपति साहू जी महाराज विवि कानपुर, केजीएमयू लखनऊ, एसजीपीजीआई लखनऊ, मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विवि गोरखपुर, कृषि विवि कुमारगंज अयोध्या, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी तथा चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कानपुर के साथ सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित जिलाधिकारी सुरेंद्र नगर गुजरात कयूर सी. संपत और राज्यपाल के ओएसडी अशोक देसाई द्वारा लिखित पुस्तक 'प्रतिबद्धता के पदचिह्न' का विमोचन किया। राज्यपाल ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश कैडर फार रैंकिंग एक्रीडियेशन मेंटरशिप' उपक्रम उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के लिए परिवर्तन की एक नई सुबह के उदय का मार्ग प्रशस्त करेगा। शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने और राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों की राष्ट्रीय और वैश्विक रैंकिंग को ऊपर उठाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एनआईडी फाउंडेशन के सहयोग से इस सेंटर की स्थापना की जाएगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में यह सेंटर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक कुशल इकोसिस्टम बनाने के अलावा राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों को बेहतर मान्यता तथा रैंकिंग प्राप्त करने के लिए अपने संस्थागत मानकों को ऊपर उठाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेगा। यह सेंटर सीखने की गुणवत्ता का आकलन करने, उसे बनाए रखने में मदद करेगा, वहीं उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों के निर्माण के लक्ष्य की पूर्ति के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि राजभवन उत्तर प्रदेश की हमेशा से यह अभिलाषा रही है कि उच्च षिक्षा से जुड़े सभी शिक्षण संस्थान उत्कृष्ट गुणवत्ता के हों और नई शिक्षा नीति 2020 के आने के बाद यह अपेक्षा और महत्वपूर्ण हो गयी है। राज्यपाल ने कहा कि इसी प्रतिबद्धता के दृष्टिगत सभी राज्य विश्वविद्यालयों ने नैक मूल्यांकन की तैयारियां आरम्भ की और राजभवन में सितम्बर/अक्टूबर 2021 से इनकी तैयारियों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठकों में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रस्तुतीकरण के दौरान जो अनुभव साझा किये गये वे दूसरे विश्वविद्यालयों के लिए लाभकारी रहे। राज्यपाल ने कहा कि हमारे शैक्षिक संस्थानों में पोटेंशियल है जरूरत है उन्हें प्रोत्साहन देने की।

## आपराधिक न्याय प्रणाली का पूर्णतया डिजिटलाइजेशन करने के प्रयास हुए तेज

**लखनऊ।** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत संचालित भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली का पूर्णतया डिजिटलाइजेशन किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में बुधवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय आईसीजेएस की बैठक वीडियों कान्फेन्सिंग के माध्यम से लोक भवन स्थित कमांड सेंटर में हुई। बैठक में पुलिस व्यवस्था, विवेचना, वादों के निस्तारण आदि को पारदर्शी तरीके से किए जाने संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। पॉक्सो मामले, आईटीएसएसओ पोर्टल पर भी प्रस्तुतीकरण किया गया, जो मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए पूर्णतया लाभदायक होगा। बैठक में भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) के तहत उप्र में पुलिस, कारागार, अभियोजन, विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं न्यायपालिका के डेटाबेस के आपसी समन्वय के लिए आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों एवं तकनीकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनके निराकरण के प्रयास किए गए। वीडियो कान्फ्रेंसिग में किसी भी अपराधी का पूर्ण विवरण सम्बन्धित एजेंसियों को आनलाइन उपलब्ध कराए जाने पर विस्तार से चर्चा की गयी। प्रिजनर क्राइम नेटवर्क मामलों के डिजिटलाइजेशन, ई सर्टिफि केट, ई-पैरौल, ई-मुलाकात एवं आम आदमी को उपलब्ध विधिक सहायता आदि के संदर्भ में किए गए विस्तृत प्रस्तुतीकरण में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

# मंकीपाक्स संक्रमण के बढ़ते केस को देखते हुए सीएम ने दिए सावधानी बरतने के निर्देश

## कोविड अस्पतालों में न्यूनतम 10 बेड मंकीपाक्स के लिए आरक्षित किया जाए

**● कांवड़ यात्रा के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं: सीएम**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में कोविड की समीक्षा करते हुए लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के कुछ हिस्सों में मंकीपॉक्स संक्रमण के बढ़ते केस को देखते हुए प्रदेश में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंकीपॉक्स के लक्षण, उपचार और बचाव आदि के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आमजन को सही और समुचित जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति से परामर्श किया जाए। उन्होंने कोविड अस्पतालों में न्यूनतम 10 बेड मंकीपॉक्स से प्रभावित मरीजों के लिए आरक्षित रखे जाने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग दो वर्ष के अन्तराल के बाद इस बार कांवड़ यात्रा हो रही है। बड़ी संख्या में लोग जलाभिषेक के लिए आवागमन कर रहे हैं। यह सुखद है कि कांवड़ यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा अंतिम चरण में है। अब पूर्वी उत्तर प्रदेश में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा के लिए निकलेंगे। इसके दृष्टिगत सभी जरूरी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण के नए चरण में टीके की अमृत डोज प्रिकॉशन डोज दी जा रही है। प्रिकॉशन डोज निःशुल्क है। अब तक 55 लाख 82 हजार से अधिक लोगों ने प्रिकॉशन डोज लगवा ली है। उन्होंने 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लिए 75 दिनों के निःशुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए मिशन मोड में प्रयास किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र प्रदेशवासी को मुफ्त प्रिकॉशन डोज अवश्य लग जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी तथा कर्मचारी प्रिकॉशन डोज लगवाएं। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आम जन को इस सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। प्रिकॉशन डोज के महत्व और प्रिकॉशन डोज के लिए निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों के बारे में आमजन को उपयोगी जानकारी दी जाए। इसके लिए विविध मीडिया माध्यमों का सहयोग लेते हुए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का अधिकाधिक उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ दिनों में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू संक्रमण से सुअर की मौत की घटनाएं सामने आई हैं। संक्रमण का प्रसार न हो, इसके लिए कन्टेन्मेन्ट ज़ोन की व्यवस्था लागू की जाए। संक्रमित सूअरों की अंतिम क्रिया मेडिकल प्रोटोकॉल के साथ हो। यह नदियों, जलाशयों में बिल्कुल न बहाये जाएं। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किये जाएं। उन्होंने कहा कि सुअर पालन बहुत से लोगों के लिए आजीविका का माध्यम हैं। ऐसे में जिन सुअर पालकों के यहां अफ्रीकन स्वाइन फ्लू से पशुहानि हुई है उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने के संबंध में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए प्रस्ताव तैयार किया जाए।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की राजनैतिक दलों के साथ बैठक

# वोटर आईडी को आधार से जोड़ने का अभियान पहली से



**● आधार नम्बर एकत्रीकरण के लिए 7 व 21 अगस्त को लगेगा विशेष शिविर**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने मतदाता पंजीकरण फार्मों में हुए संशोधन, अर्हक तिथियों एवं मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने के संबंध में राजनैतिक दलों के बैठक की। बैठक में मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रत्येक बूथों 1 अगस्तसे किये जाने के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गयी। राजनैतिक दलों को बताया गया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं से आधार नम्बर स्वैच्छिक रूप से अधिसूचित फार्म-6बी में लिया जाएगा। इस के लिए आफलाइन माध्यम से बीएलओ 1 अगस्त से घर-घर भ्रमण के दौरान सम्बन्धित मतदाताओं से प्राप्त करेगें। मतदाता ऑनलाइन माध्यम से भी अपना आधार नम्बर फार्म-6बी मे भर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आधार नम्बर एकत्रीकरण के लिए 7 व 21 अगस्त को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें मतदाता अपने पोलिंग स्टेशन पर जाकर आधार नम्बर फार्म-6बी में भरकर सम्बन्धित अधिकारी को जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जाएगा। यदि किसी नये मतदाता द्वारा मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए फार्म-6 के साथ आधार नम्बर नही दिया जा रहा है तो उसका नाम मतदाता सूची में इस आधार पर निरस्त नही किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर नही दिया गया है। बैठक में आयोग द्वारा निर्धारित की गयी चार तिथियों 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर के बारे में अवगत कराया गया। इन अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है। आयोग द्वारा परिवर्धन, संशोधन इत्यादि से संबंधित फार्मों को परिवर्तित किये जाने, परिवर्तित फार्मों में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति के लिए तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने के लिए फार्म-7 तथा निवास परिवर्तन, नामावली में संशोधन, मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए फार्म-8 के विषय में विस्तृत रूप से राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया।

# जिलों के एसपी सीधे नहीं ट्रांसफर कर सकेंगे आईटी एक्ट के मुकदमों की विवेचना

**● साइबर क्राइम थानों में होगी पांच लाख व उससे अधिक की साइबर ठगी की एफआईआर व विवेचना**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में लगातार बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं और साइबर क्राइम थानों पर विवेचनाओं के बढ़ते बोझ को देखते हुए डीजीपी डीएस चौहान ने अहम निर्णय लिया है। उन्होंने आदेश जारी किए हैं कि अब जिलों के कप्तान आईटी एक्ट के मुकदमों की जांच सीधे साइबर क्राइम मुख्यालय को नहीं भेजेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आदेशित किया है कि पांच लाख व उससे अधिक की साइबर ठगी की रिपोर्ट अब साइबर क्राइम थाने में ही दर्ज होगी और विवेचना भी यहीं से होगी। यूपी में वर्तमान में आईजी साइबर क्राइम के पर्यवेक्षण और नियंत्रण में 16 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों मिर्जापुर, देवीपाटन, गोंडा, आजमगढ़, सहारनपुर, अलीगढ़, कानपुर, चित्रकूटधाम, आगरा, मुरादाबाद, वाराणसी, झांसी, प्रयागराज, अयोध्या, बरेली, बस्ती एवं गोरखपुर में साइबर क्राइम पुलिस थाने स्थापित हैं। प्रदेश में पूर्व से लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर में साइबर क्राइम पुलिस थाना स्थापित है। इस प्रकार प्रदेश के समस्त 18 परिक्षेत्रों में एक-एक साइबर अपराध थाना स्थापित करते हुए उनका अधिकार क्षेत्र भी निर्धारित है। आदेश में डीजीपी ने कहा है कि साइबर क्राइम थानों को संचालित किए जाने के लिए पूर्व में निर्धारित एसओपी में उन्होंने आंशिक संशोधन कर दिया है। जिसके तहत आईटी एक्ट की ऐसी विवेचनाएं जिनमें धोखाधड़ी की धनराशि पांच लाख रुपए या उससे अधिक हों वह विवेचनाएं साइबर काइम थाना में पंजीकृत अथवा स्थानान्तरित की जाएंगीं। डीजीपी ने आदेशित किया है कि आईटी एक्ट की विवेचनाओं को साइबर क्राइम थानों में स्थानान्तरण के लिए जनपदों द्वारा सीधे साइबर काइम मुख्यालय प्रेषित न करते हुए रेंज व जोन स्तर के माध्यम से साइबर क्रगाइम मुख्यालय प्रेषित किया जाए। जिनको डीजीपी के अनुमोदन के बाद ही साइबर क्राइम थानों में स्थानान्तरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशत किया है कि विवेचना स्थानान्तरित होने के पश्चात ही मूल केस डायरी प्रेषित की जाएगी।

# भ्रष्टाचार में भाजपाई नेता, मंत्री अधिकारी डूबे हुए हैं: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि नीचे से लेकर ऊपर तक, नख से लेकर शिखर तक भ्रष्टाचार में भाजपाई नेता, मंत्री, अधिकारी डूबे हुए हैं और घूस के रेट हर विभाग. कार्यालय में निश्चित हैं। हर फाइल में भ्रष्टाचार शामिल है। यही भाजपा का रामराज है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह गोरखपुर में बांसगांव से भाजपा सांसद के ऊपर बुजुर्ग अधिवक्ता की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लग रहा है। गंगा एक्सप्रेस वे के नाम पर किसानों का उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार में किसानों की जमीन का बैनामा कराए बगैर ही एक्सप्रेस वे के नाम पर काम शुरू करवा दिया गया। खब़र है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश की सीमा पर परिवहन की आवाजाही में वसूली की जा रही है। इसमें मंत्री, विधायक, अधिकारी और स्थानीय पुलिस सभी शामिल हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके मंत्रीगण बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे पर इतरा रहे थे और इसे बड़ी उपलब्धि बता रहे थे। प्रधानमंत्री ने खुद इससे जनता को लाभ मिलने का बयान दिया था। 15 हजार करोड़ की लागत से बना ये एक्सप्रेस वे 15 दिन भी नहीं चल पाया और रोजाना जगह-जगह धंसता जा रहा है। रोजाना हो रही दुर्घटनाएं चिंताजनक है। भाजपा सरकार के निम्नस्तर के निर्माण कार्यों की वजह से जनता की जान जोखिम में है। और वह प्रतिदिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। सभी विभागों में ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल खेला जा रहा है। जनता इस खेल में पिस रही है। जांच की आंच में बड़े-बड़े नाम आ रहे हैं। नमामि गंगे योजना में करोड़ों रूपये खर्च हो चुके हैं लेकिन गंगा अविरल, निर्मल नहीं हुई। यमुना स्वच्छ नहीं हुई।

# इंटीग्रेटेड ट्रामा व इमरजेंसी सेंटर की स्थापना सभी जिलों में हो

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के फेज-2 के अंतर्गत 6 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति एवं ट्रामा व इमरजेन्सी मेडिकल सुविधाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित एंबुलेंस का सुदृढ़ीकरण, जीपीएस ट्रैक सिस्टम और प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ में वृद्धि की जाए। साथ ही इंटीग्रेटेड ट्रामा और इमरजेंसी सेंटर की स्थापना सभी जिलों में हो। सभी मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी ट्रेनिंग सेंटर बनवाये जाएं। ट्रामा सेंटर में जो बेड की कमियां हैं उनको जल्द से जल्द दूर किया जाए। साथ ही उन्होंने ट्रामा सेंटरों में स्टाफ की नियुक्ति पूरी करने और अस्पतालों में एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूरा करें। निर्माण राशि के उपयोग में अनियमितता तथा निर्माण कार्य में ढिलाई करने पर विभागीय कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई होगी।

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में फेज-2 के अन्तर्गत 6 स्वशासी राज्य चिकित्सा विवि में कार्य कराये जा रहे हैं। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (हरदोई) का 81 प्रतिशत, मां विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मिर्जापुर) का 72 प्रतिशत, महर्षि विश्वामित्र स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (गाजीपुर) का 81 प्रतिशत, माधव प्रसाद त्रिपाठी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (सिद्धार्थनगर) का 96 प्रतिशत, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (देवरिया) का 97 प्रतिशत और डॉ सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (प्रतापगढ़) का 88 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस पर मुख्य सचिव ने चिकित्सा महाविद्यालयों का अवशेष निर्माण कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिये।

# अब देश भारत की 10 भाषाओं में होगा ओडीओपी का प्रमोशन

**● एमएसएमई विभाग ने माइक्रो ब्लागिंग ऐप 'कू' के साथ किया एमओयू**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) से जुड़े प्रोडक्ट के बारे में अब पूरी जानकारी विभिन्न भारतीय भाषाओं में भी मिलेगी। इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने माइक्रो ब्लागिंग ऐप 'कू' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इससे अब उत्तर प्रदेश के उत्पादों को प्रमोट करने में मदद मिलेगी। एसीएस एमएसएमई नवनीत सहगल और 'कू' के सह.संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अप्रमेय राधाकृष्ण ने बुधवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया और एमओयू का आदान-प्रदान किया। इसके तहत 'कू' अपने यूजर्स के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए ओडीओपी से जुड़ी सामग्री और उत्पादों का 10 भाषाओं में प्रचार-प्रसार का मंच प्रदान करेगा। इसके अलावा, कू कॉर्पोरेट सेक्टर में उपहार देने के लिए भी ओडीओपी के उत्पाद भी खरीदेगा। इस समझौता ज्ञापन से गैर-अंग्रेजी भाषी कारीगरों एवं लोगों तक ओडीओपी से जुड़े कार्यक्रमों और योजनाओं तक पहुंच हो जाएगी। साथ ही उत्तर प्रदेश के स्थानीय कारीगरों के पास और बड़ा बाजार उपलब्ध हो जाएगा। इससे उन्हें अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिलेगी। 'कू' ऐप पर उपलब्ध ओडीओपी हैंडल पर जाकर इसके बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। नवनीत सहगल ने कहा कि 'कू' के साथ यह जुड़ाव हमारे ओडीओपी उत्पादों को बड़े यूजर्स तक पहुंचाने में मदद करेगा और कई क्षेत्रीय भाषाओं में ओडीओपी के विषय में बातचीत को बढ़ावा देगा। कू' के सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा कि हमारे लिए स्थानीय कारीगरों एवं उनके शिल्प को विभिन्न भाषाओं में शेष भारत में बढ़ावा देने में मदद करना खुशी की बात है।

# बुन्देलखण्ड के लिए पर्यटन विभाग तैयार कर रहा है 'टूरिज्म मास्टर प्लान'



**लखनऊ।** बुन्देलखण्ड क्षेत्र में स्थित पुराने किलों तथा महलों का जीर्णोद्धार करके उन्हें पर्यटन के नवीन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा वृहद स्तर पर टूरिज्म मास्टर प्लान तैयार करने का काम शुरू हो गया है। इसके तहत सेप्ट विवि अहमदाबाद, स्कूल आफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्ट नई दिल्ली, फैकल्टी आफ आर्किटेक्ट लविवि तथा पर्यटन विभाग में इन्पैनल्ड जाने माने आर्किटेक्टों से विस्तृत डीपीआर तैयार कराये जा रहे हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बुन्देलखण्ड में स्थित 31 किलों, महलों, फोर्ट एवं गढ़ी आदि की अद्यतन स्थिति के बारे में सम्बन्धित जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मंगाई गई है। उन्होंने बताया कि बुन्देलखण्ड के 7 जनपदों में स्थित ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा प्राचीन गौरवगाथा को समेटे हुए झांसी के 8, बांदा के 4, जालौन के 2, ललितपुर के 7, हमीरपुर के 3, महोबा के 5 तथा चित्रकूट के 2 किलों को हेरिटेज स्थल के रूप में विकसित किया जाना है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारियों के रिपोर्ट के अनुसार ये प्राचीन धरोहरें भारतीय पुरातत्व संस्थान, स्थानीय प्रशासन, निजी स्वामित्व, राज्य पुरातत्व विभाग, ग्राम पंचायतों वन विभाग की सीमा के अन्तर्गत तथा स्थानीय प्रशासन की देख-रेख में है। इनमें से अधिकांश की स्थिति ठीक नहीं है और उपयोग के लायक नहीं है। कुछ किलों/महलों में सम्पर्क मार्ग की स्थिति अत्यन्त दयनीय है। इसमें बिजली की भी व्यवस्था की जानी है। इसके अलावा बुनियादी सुविधाओं से युक्त भी करना है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जीर्णोद्धार के लिए तैयार की जा रही। मास्टर प्लान में सम्बन्धित विभागों की भूमिका तथा समयबद्धता निर्धारित की जायेगी। इनमें से तालबेहट दुर्ग की स्थिति बहुत अच्छी है। यहां पर वर्षभर पर्यटकों का आना.जाना लगा रहता है। कलिंजर के किला में पीपीपी माडल से लाइट एण्ड साउण्ड शो कैम्पिंग ट्रैकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और फसाड लाइटिंग के कार्य कराये जायेंगे। इसके अलावा लैण्ड स्केपिंग, सड़क निर्माण पेयजल आदि की सुविधा सुलभ करायी जायेगी।

## स्वनिधि महोत्सव में पथ विक्रेताओं को किया गया प्रेरित

**लखनऊ।** महानगर के कल्याण मंडप में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। स्वनिधि मेला में 100 स्टॉल लगाये गये जिसमें से 70 स्टॉल पथ विक्रेताओं के, 21 स्टॉल स्वयं सहायता समूहो के और कोविड वैक्सीन, हैल्थ कैम्प और ऋण के लिए बैंको के स्टॉल भी लगाये गये। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा, महापौर संयुक्ता भाटिया, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार मौजूद रहे। स्वनिधि मेला में 100 स्टॉल लगाये गये जिसमें से 70 स्टॉल पथ विक्रेताओं के, 21 स्टॉल स्वयं सहायता समूहो के एवं कोविड वैक्सीन, हैल्थ कैम्प और ऋण के लिए बैंको के स्टॉल भी लगाये गये। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कत्थक नृत्य, शिव तांडव, लघु फिल्म पटरी दुकानदारो के जीवन के सम्बन्ध में एवं फोक डांस एवं स्वयं सहायता समूहों की बीच मेंहदी, रंगोली, कलश डेकोरेशन की प्रतियोगिता करायी गयी।

## एसीएस ऊर्जा ने बिलिंग व राजस्व वसूली की वर्चुअल समीक्षा की

# 31 तक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली न होने पर होगी सख्त कार्रवाई

**● राजस्व वसूली में पश्चिमांचल डिस्काम के एमडी की हुई तारीफ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसीएस** ऊर्जा अवनीश कुमार अवस्थी ने सभी डिस्काम के एमडी एवं मुख्य अभियन्ताओं तथा बिलिंग एजेंसियों के कार्यकारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्युत उपभोक्ताओं को समय से बिल दिया जाए सही बिल दिया जाए तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बिलिंग की जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष राजस्व वसूली भी की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं कार्यो में शिथिलता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने 31 जुलाई तक शत-प्रतिशत बिलिंग एवं राजस्व वसूली के निर्देश दिए। एसीएस ऊर्जा ने कम बिलिंग करने व खराब परफॉर्मेंस पर पूर्वांचल की बिलिंग एजेंसी क्वैश को नोटिस निर्गत करने के निर्देश एमडी पूर्वांचल को दिए। साथ ही पूर्वांचल की एजेंसी क्वैस एवं स्टार्लिन के कार्यों में खराब परफारमेंस पर फटकार लगाई। उन्होंने 31 जुलाई तक लक्ष्य के अनुरूप बिलिंग न करने वाली एजेंसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि विलिंग एजेंसी अपनी कार्यशैली में शीघ्र सुधार करें तथा कार्यों को गंभीरता से करे। इस मामले में एजेंसियों के जोनल हेड को भी सख्त संदेश दिया जाए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं पर भी बिलिंग करने तथा राजस्व वसूली में समस्या आ रही हो तो संबंधित जिलाधिकारी से भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने गोरखपुर, औरैया में बिलिंग की खराब स्थिति पर संबंधित जिलाधिकारियों को स्थिति में सुधार के लिए निर्देशित किया तथा गोरखपुर के मुख्य अभियंता एके सिंह, अलीगढ़, बांदा, औरैया, सहारनपुर तथा प्रयागराज के मुख्य अभियंता को बिलिंग की खराब स्थिति पर फटकार लगाई। श्री अवस्थी ने निर्देशित किया कि आगामी माह से 20 तारीख से पहले ही शत प्रतिशत बिलिंग कर ली जाए इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी मुख्य अभियंताओं को कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में मीटर रीडर के कार्यों पर ध्यान दें। साथ ही उनको मिल रहे मानदेय का शीघ्र भुगतान भी कराया जाए। उन्होंने मध्यांचल के प्रबंध निदेशक को राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए तथा 4 दिन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 50 करोड़ प्रतिदिन राजस्व प्राप्त करने को कहा। उन्होंने बिलिंग एवं राजस्व वसूली में अच्छा प्रदर्शन करने पर पश्चिमांचल के प्रबंध निदेशक की तारीफ भी की।

सीतापुर की आबादी रही बढ़, जिला अस्पताल होता जा रहा जर्जर

# नेता जी ! पावर लगा दीजिए, जर्जर जिला अस्पताल को नया भवन दिला दीजिए

संवाददाता। सीतापुर

**136 साल में** देश कहां से कहां पहुंच गया, लोगो का कितना विकास हो गया, आबादी कितनी बढ़ गई, कितनी सरकारे आयी और चली गई, सीतापुर के न जाने कितने जनप्रतिनिधि प्रदेश और देश में मंत्री पद पर आसीन हो गए, मगर सीतापुर के इस जिला अस्पताल की सुधि किसी ने नहीं ली, जिसने न जाने कितनों की जिन्दगी को बचाने का काम किया। आज उसकी जर्जर हालत को कोई जानने वाला नहीं है। वह बरसात में टपकता है, मरीजों को परेशानी पहुंचाता है, एक बार जर्जर बिल्डिंग गिर भी चुकी है, बची जर्जर बिल्डिंग कब गिर जाए, कहा नहीं जा सकता है। आबादी के हिसाब से कम बेड वाले इस जिला अस्पताल में एक-एक बेड पर दो-दो मरीजों को इलाज कराना पड़ता है। लेकिन 1886 के सीतापुर के जिला अस्पताल को नया बनाने के लिए डबल इंजन की

**● सीएमएस ने 400 बेड वाले नए जिला अस्पताल का शासन को भेजा प्रस्ताव**

**●1886 में बना था सीतापुर जिला अस्पताल, 213 बेड वाले जिला अस्पताल में 265 मरीज होते हैं भर्ती**

सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक आगे नहीं आ रहे है। सीएमएस ने करीब 40 करोड़ की लागत से 400 बेड का नया अस्पताल बनाने के लिए शासन को अबतक दो बार लिखा पढ़ी की है। शासन की ओर से उस पर नजरे इनायत नहीं हुई है, ऐसी स्थिति में सीतापुर की आवाम की ओर से आई इंडिया यह मांग




करता है, कि नेताजी पावर लगा दीजिए, जर्जर जिला अस्पताल को नया भवन दिला दीजिए। करीब 50 लाख आबादी वाले सीतापुर जनपद के जिला अस्पताल का हाल, आज आई इंडिया आपको दिखाने जा रहा है, एक-एक बेड पर दो-दो मरीजों को भर्तीकर उनका इलाज किया जा रहा है। आखिर यह नौबत क्यों आयी, यह हम आपको बताने जा रहे है। दरअसल सीतापुर का जिला अस्पताल 136 साल पुराना है, 1886 में बने इस जिला अस्पताल में 213 बेड है, जबकि हर रोज जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 265 के आसपास रहती है, कोविड के समय में यह समस्या इसलिए और गहरा गई थी, क्योंकि कई बेड आरक्षित हो गए थे, इस समय भी मंकी पाक्स के लिए दस और डेंगू मरीजों के लिए 5 बेड आरक्षित कर दिए गए है। इसके बाद अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीजों को अपना इलाज कराने के लिए दूसरे मरीजों के साथ भर्ती होने के बजाय कोई दूसरा रास्ता नहीं है। जब भी बरसात होती है, जर्जर जिला अस्पताल का पानी टपकने से मरीजों की बीमारी और बढ़ जाती है। डेढ़ दशक पूर्व जिला अस्पताल की जर्जर बिल्डिंग का कुछ हिस्सा भरभराकर गिर भी चुका है, तब की सरकारों ने सिर्फ मरम्मत कराने का कार्य किया। सपा सरकार में जिला अस्पताल परिसर में दो मंजिला एक नई बिल्डिंग जरूर बनी थी, लेकिन न उससे पहले और न अब कोई नई बिल्डिंग बनी है। डबल इंजन की सरकार में सीतापुर के जनप्रतिनिधि प्रदेश और केन्द्र में मंत्री है, बावजूद इसके 136 साल पुराने जर्जर जिला अस्पताल को नया बनवाने की दिशा में कोई खास प्रयास उनके द्वारा नहीं किए जा रहे है। जबकि जिला अस्पताल के सीएमएस डा. आर.के. सिंह द्वारा 40 करोड़ की लागत से 400 बेड का नया जिला अस्पताल बनाने के लिए दो बार शासन को पत्र लिखा गया है। आई इंडिया को इस आशय की जानकारी देते हुए सीएमएस ने उम्मीद जताई कि बहुत जल्द सीतापुर को नया जिला अस्पताल मिलेगा, पुराने जिला अस्पताल के भवन को गिराकर 6 मंजिला इमारत बनाई जाएगी। सीतापुर जिला अस्पताल की बिल्डिंग ही नहीं पुरानी और जर्जर हुई है बल्कि डाक्टरों की लगातार जबरदस्त कमी होती जा रही है। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि जिला अस्पताल में सृजित पदों के आधे की संख्या में भी चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। जिला अस्पताल में 38 पद चिकित्सको के लिए सृजित है, अभी तक 21 चिकित्सक काम कर रहे थे, जिनमें से 7 चिकित्सको का तबादला हो जाने के बाद 4 चिकित्सको को आना था, लेकिन सिर्फ तीन ही चिकित्सक आए है, ऐसे में सिर्फ 17 चिकित्सको के सहारे जिला अस्पताल को चलाया जा रहा है। मगर अफसोस जनता का हितैषी बताने वाले जनप्रतिनिधि या तो कुछ कर नहीं रहे है या तो करने के बाद उनकी सुनी नहीं जा रही है, तभी तो सीतापुर का जिला अस्पताल का यह हाल हो गया है। मरीजों पर क्या बीत रही होगी यह वही जाने।

## प्रधान पर कार्रवाई की मांग को लेकर महिलाओं ने दिया धरना



**सीतापुर।** क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बेनीपुर वाइजपुर के प्रधान के आपत्तिजनक व्यवहार से आजिज महिलाएं न्याय की आस में जिला मुख्यालय पंहुच गयीं। जहाँ पीड़ित महिलाओं को कामरेड नेता, अर्जुन लाल एवं सरोजनी देवी का साथ मिला। न्याय की आस में पीड़ित महिलाएं विकास भवन के प्रांगण में धरना प्रदर्शन करने लगीं। पीड़ित महिला देवी पत्नी जयराम ने प्रधान पति ओमकार के विरुद्ध कार्रवाई कराये जाने की मांग जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से की है। देवी ने प्रधान पर छेड़छाड़ सहित कई गंभीर आरोप प्रधान पर लगाए हैँ।पीड़ित का यह भी आरोप है की दबँग प्रधान के आगे बेबस थाना पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही है।जिससे उनको जिला मुख्यालय पर आकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

## समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम प्रधान संघ ने सौंपा ज्ञापन



**संडीला( हरदोई )।** विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए ग्राम प्रधान संघ ने क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान संघ के प्रदेश पदाधिकारी डॉ0 उमेश सूर्या के नेतृत्व में धर्मवीर सिंह, उपेन्द्र सिंह, चंद्रवीर सिंह, श्रीपाल अर्कवंशी, श्रीप्रकाश अवस्थी, कृष्णपाल सिंह, अभिमन्यू, जगतपाल, श्रवणकुमार पाल आदि ने क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी भेंट की और उनको एक मांग पत्र सौंपा जिसमें अतरौली से भटपुर होते हुए लखनऊ तक के लिए एसी बस चलाने तथा शिवपुरी से तुलसीपुर तक डामर रोड बनवाने की मांग करते हुए विज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्राप्त करके विधायक अलका जी ने कहा कि वे दोनों समस्याओं के निराकरण में अपनी पूरी ताकत लगाएंगी और जिस प्रकार उन्होंनें संडीला तथा भरावन से एसी बस चलाने की शुरूआत कराई है उसी तरह से इस बस सेवा को भी शीघ्र शुरू कराने का वे भरपूर प्रयास करेंगी। इसके अलावा मार्ग निर्माण की भी महती आवश्यकता है। इसका निर्माण भी स्वीकृत कराने में वे अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं उठा रखेंगी।

### कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह

**संडीला(हरदोई)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को कथित रूप से झूठे मामले में फंसाकर उन्हें परेशान करने का विरोध करते हुए कांग्रसियों ने सत्याग्रह किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में इस इ सत्याग्रह में लगभग तमाम कांग्रेस नेतागण सत्याग्रह पर बैठे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी को मोदी सरकार के इशारे पर ईडी द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है जबकि सोनिया गांधी के त्याग, बलिदान एवं देश सेवा को भुलाया नहीं जा सकता। यह उस परिवार से आती हैं जिसमें उनकी सास श्रीमती इंदिरा गांधी तथा उनके पति राजीव गांधी ने अपने प्राणों का बलिदान किया है। उन्होंनें कहा कि सत्ता के अहंकार में हम भी बेरोजगारी, जीएसटी, अग्निवीर तथा तमाम जनविरोधी कार्य करने वाली सरकार का विरोध किया जाता रहेगा। हरदोई नगर अध्यक्ष जमील अंसारी ने कहा कि मोदी सरकार को संसद में सवालों से डर लगता है। यह सरकार देश को महंगाई की भट्ठी में झोंकने और युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता तानाशाहों और अंग्रेजों के पिट्ठुओं से निपटना खूब जानते हैं। उन्होंनें प्रश्न किया किया सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स, नारकोटिक्स ब्यूरों को छापेमारी केवल विपक्षी नेताओं पर ही क्यों होती है। इस सत्याग्रह में जिला उपाधयक्ष नेतम भारतीय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीएल रावत, शिव कुमार राठौर, महताब अहमद, भूनेश प्रताप सिंह समेत तमाम नेतागण मौजूद रहे।

विकासखंड रामपुर मथुरा के 187 विद्यालयों में से 160 विद्यालय का किया निरीक्षण. .

## बीएसए ने विद्यालयों का निरीक्षण कर परखी स्कूलों की हकीकत

**● 21 सदस्यीय टीम के साथ 2 जिला समन्वयक, 18 बीईओ ने किया निरीक्षण**

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर के** शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों की हकीकत को जानने के लिए औचक निरीक्षण किया। जिसमे 21 सदस्यीय टीम के साथ रामपुर मथुरा विकासखंड के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। टीम में बीएसए अजीत कुमार, 2 जिला समन्वयक, 18 खंड शिक्षा अधिकारी शामिल रहे। बताते चले कि रामपुर मथुरा में शिक्षा विभाग का चाबुक चला। बुधवार को शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड रामपुर मथुरा के 187 विद्यालयों में से 160 विद्यालय चेक किए गए जिसमें प्राथमिक विद्यालय तिवारीपुर में जिला समन्वयक ने एक अध्यापक को अनुपस्थिति पाए जाने पर एक दिन का वेतन कटौती का आदेश दिया। साथ ही साथ सभी विद्यालयों में औचक निरीक्षण हुआ। औचक निरीक्षण में जिले के जिला समन्वयक आर्य दीक्षित ने प्राथमिक विद्यालय रमईपुर, रामपुर मथुरा फर्स्ट-सेकंड, कनरखी, बहादुरगंज, सोहरिया आदि व बीएसए अजीत कुमार,ने प्राथमिक विद्यालय गडरिया पुरवा, सेमरी, बसावनपुर, अल्हन्ना पुर, सुकाली पुर आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया। 18 खंड शिक्षा अधिकारी ने मिलकर विकासखंड रामपुर मथुरा के विद्यालयों को चेक किया। विद्यालयों के निरिक्षण की खबर क्षेत्र में फैलते ही सभी विद्यालय अलर्ट मोड़ में आ गए और सब कुछ ठीक ठाक कर व्यवस्तिथ करने लगे तथा जो शिक्षक छुट्टी पर चले गए थे वह अभी विद्यालय पहुंच गए। बताते चले कि निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों में कानाफूसी है कि जो शिक्षकों को कभी नहीं देखा गया था वह भी आज देखने को मिल रहे है।

## नहीं रहे पूर्व प्रधानाचार्य एस.एन.मिश्रा



संवाददाता। सीतापुर

**आरएमपी इंटर** कॉलेज सीतापुर के पूर्व प्रधानाचार्य एस.एन मिश्रा अब हम सबके बीच नहीं रहे। जैसे ही यह मनहूस खबर आयी उनके अंतिम दर्शन करने वालों का लोहारबाग स्थित उनके घर पर तांता लग गया। एस.एन. मिश्रा सीतापुर नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन और अधिवक्ता आशीष मिश्रा के पिता थे। लम्बी बीमारी के चलते पहले उनका इलाज मेंदाता में हुआ और फिर राममनोहर लोहिया अस्पताल में। बुधवार को हृदयगति रूक जाने से उनका गोलोक गमन हो गया। पूर्व प्रधानाचार्य एस.एन मिश्रा कॉमर्स के प्रवक्ता थे, शहर के अधिकांश छात्रों को उन्होंने कॉमर्स पढ़ाया। सेवानिवृत्त हो जाने के बावजूद वह शहर के बहुत सारे लोगो को योगा सिखाने का काम करते थे। गुरूजी के चिरनिंद्रा में लीन हो जाने की खबर सुनकर व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक, नेता, पत्रकार उनके अन्तिम दर्शन करने से लेकर गोपाल घाट में अन्तिम संस्कार में शामिल हुए।

### मोटरसाइकिल फिसली चार कावड़िए घायल

**बरेली ।** दो मोटर साइकिल फिसलने से चार कावड़िए घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया भीकमपुर निवासी अभिषेक पुत्र दयाशंकर यहीं के रहने वाले उसके दोस्त अंकित कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बिहारी पुर निवासी अमन कश्यप और उसके दोस्त अमन कुमार को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां घायल कांवरियों ने बताया कि वह सभी कल गंगाजल लेने के लिए कछला गए थे जहां से आज सुबह घर वापस लौट रहे थे लेकिन रास्ते में जब उनकी बाई के भमोरा थाना इलाके में पहुंची तो बेकाबू होकर सड़क पर फिसल गई जिससे वह सभी घायल हो गए ।

## समाज सेवा ही धर्म है प्रदीप गुप्ता



**निघासन खीरी।** नगर के गांव प्रीतम पुरवा के राजू काफी दिनों से बीमार चल रहा था। यह पता नगर के व्यवसाई समाज सेवी प्रदीप गुप्ता को पता चला तो तुरंत पीड़ित के घर पहुंच कर आर्थिक मदद की। आश्वासन दिया कि कोई जरूरत हो तो हमसे कह सकते हैं। भरपूर मदद करने का आश्वासन दिया। राजू के पत्नी समेत चार बच्चे हैं। प्रीतम पुरवा निवासी राजू एक राजगीर मिस्त्री है। बीमारी के चलते एक साल से बिस्तर पर पड़े हैं। इलाज की खातिर सरकारी, प्राइवेट हॉस्पिटल के एक साल से चक्कर काट रहे आर्थिक तंगी के कारण ढंग से इलाज नहीं मिल पा रहा। बीमारी के चलते घर की स्थिति काफी खराब हुई। बच्चों की पढ़ाई बंद हो गई। घर में खाने पीने को हुई दिक्कत। पत्नी शांति लोगों से संपर्क करते समाजसेवी प्रदीप गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंची। आप बीती सुनाई। प्रदीप गुप्ता ने पीड़िता की बात सुनी। उसको आश्वासन दिया। उसके घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। काफी दयनीय स्थिति देखकर प्रदीप गुप्ता भावुक हो गए। परिवार की आर्थिक मदद भी की बच्चों को स्कूल भेजने को कहा और आगे हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया।

### ईडी के छापे से गांधी परिवार को किया जा रहा है परेशान ,

**बरेली ।** बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय की अनावश्यक, राजनीति से प्रेरित कार्यवाही के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में चौकी चौराहे स्थित सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना दिया। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि भाजपा सरकार के इशारे पर ईडी कार्य कर रही है ईडी तथा भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त प्रयास से पिछले लंबे समय से लगातार गाँधी परिवार को बेवजह परेशान किया जा रहा है।इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लंबे समय ईडी द्वारा परेशान किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगर किसी से डरते हैं तो सिर्फ गाँधी परिवार से यही कारण है कि लगातार गाँधी परिवार को परेशान किया जा रहा है।

## बाणासुर संग्राम की कथा का हुआ वाचन

**निघासन खीरी।** देवीदीन पुरवा में चल रहे ग्यारह दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को पंडित उत्तम कुमार द्वारा वाणासुर संग्राम कथा का बखान करते हुए कहा कि महाभारत का युद्ध समाप्त होने के बाद भगवान श्रीकृष्ण परिवार सहित द्वारिका रहने लगे। श्रीकृष्ण के पुत्र थे। प्रद्युम्न और प्रद्युम्न के पुत्र थे अनिरुद्ध। इसलिए अनिरुद्ध को श्रीकृष्ण का पौत्र कहा जाता है। प्रद्युम्न की पत्नी का नाम उषा था। श्रीकृष्ण और शिवजी के बीच युद्ध की नींव यहीं से तैयार होती है। पौराणिक कथा के अनुसार उषा और अनिरुद्ध एक दूसरे से प्रेम करते थे उषा शोणितपुर के राजा बाणासुर की कन्या थी। बाणासुर को शिवजी का वरदान प्राप्त था कि जब भी कोई संकट आएगा तो वह उसकी रक्षा करेंगे। एक दिन उषा ने अनिरुद्ध से मिलने की इच्छा में अनिरुद्ध का अपहरण कर लिया और ओखीमठ जो वर्तमान सयम में केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के पास मौजूद वहां पर सुरक्षित कर दिया। माना जाता है कि



यहीं पर दोनों ने गंधर्व विवाह कर लिया था। बाणासुर को शिवजी का वरदान प्राप्त था कि जब भी कोई संकट आएगा तो वह उसकी रक्षा करेंगे। एक दिन उषा ने अनिरुद्ध से मिलने की इच्छा में अनिरुद्ध का अपहरण कर लिया और ओखीमठ जो वर्तमान सयम में केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के पास मौजूद वहां पर सुरक्षित कर दिया। माना जाता है कि यहीं पर दोनों ने गंधर्व विवाह कर लिया था। इस दौरान जजमान आयोजक रामकुमार उर्फ रामू, राम कृपाल, सोहन मौर्य, चित्र कुमार मौर्य, कृष्णा, रतीराम लोधी, राम लखन, रामचन्द्र, राममूर्ति, हीरा लाल, हरपाल, सेवक राम आदि काफी क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## पंचायत के मुख्य मार्ग पर दलदल

**मोहम्मदी-खीरी।** लखीमपुर जनपद के विकासखंड मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहादुर नगर में मोहम्मदी संपर्क मार्ग से शिवनगरा मार्ग के रास्ते के बीच में गांव के उत्तर मुख्य मार्ग पर नाली न होना और रास्ते में अतिक्रमण की वजह से मुख्य मार्ग पर दलदल से लोगों को वर्षों से गुजारना पड़ रहा है। कई वर्षों से 'महीना दो महीना-महीना दो महीना' का ट-ठ-ड-ढ अधिकारियों द्वारा पढ़ाया जा रहा है। पंचायत के लोग ही नहीं बल्कि अन्य राहगीर भी परेशान हैं। जिम्मेदारों तक कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया। जनसुनवाई पर प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन अधिकारियों के कानों तक आवाज ही नहीं पहुंची। पता नहीं सिस्टम नहीं ठीक है या फिर अधिकारी सिस्टम को सही समझ नहीं पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुखिया के दिशा-निर्देशों पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है। अगर पंचायत के स्थिति को देखा जाए तो पंचायत में पंचायत भवन कई महीनों से बन रहा है। अभी तक नहीं पूरा हो पाया। पंचायत की कई पुलिया सड़क और



खराब है। एक और शीर्ष अधिकारी मंत्री स्वच्छता की बात करते हैं। दूसरी ओर विकासखंड के अधिकारी स्वच्छता अभियान पर पलीता लगा रहे हैं। इतने भयंकर दलदल में बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है जिससे ग्रामीण भयभीत भी बने रहते हैं। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार और कितना समय सड़क बनाने में लेते हैं। एक और सरकार अम्रत महोत्सव बना रही है दूसरी और दलदल पंचायत में दलदल अधिक होने से भयंकर बीमारी का सामना करना पड़ सकता है।

# पेज एक का शेष

### ईडी को...

माना जा सकता। वर्ष 2002 अधिनियम की धारा 50 द्वारा उल्लेखित प्रक्रिया अपराध की आय के खिलाफ जांच की प्रकृति में है और 2002 के अधिनियम (धारा 48 में संदर्भित) के तहत अधिकारी पुलिस अधिकारी नहीं हैं। धारा 50 सम्मन, दस्तावेजों को प्रस्तुत करने और साक्ष्य देने के संबंध में प्राधिकारियों की शक्तियों से संबंधित है। पीठ ने कहा कि 2002 के अधिनियम के तहत अधिकारियों द्वारा दर्ज किए गए बयान संविधान के अनुच्छेद 20 (3) या अनुच्छेद 21 से प्रभावित नहीं हैं।

### नोएडा और...

को दे दी। विभाग ने सैंपल लेकर जांच को नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलाजी एनआइवी पुणे भेजा दिया है। इससे पहले दिल्ली में मंकीपॉक्स के एक मरीज की पुष्टि हो चुकी है। पहले उसने अपनी ट्रेवल हिस्ट्री छुपाते हुए कहा था कि वह विदेश नहीं गया, लेकिन उसने बुधवार को खुलासा किया कि उसने विदेश यात्रा की है।

### अमेरिका ने...

बुधवार को एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में पावर ने कहा कि चीन श्रीलंका के सबसे बड़े लेनदारों में से एक बन गया है, जो अक्सर अन्य उधारदाताओं की तुलना में उच्च ब्याज दरों पर भ्रामक सौदों की पेशकश करता है। पावर 25 से 27 जुलाई तक भारत के दौरे पर है। यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) विश्व स्तर पर अग्रणी सहायता एजेंसियों में से एक है। यूएसएआईडी प्रशासक ने कहा कि भारत ने श्रीलंका को 3.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर (एक बिलियन-100 करोड़) की ऋण सहायता देकर देश की अर्थव्यवस्था को दिवालिया होने से बाहर निकालने और संभालने के लिए की गई सहायता का उल्लेख किया।

### कर्नाटक भाजपा...

करने के बाद घर जा रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। उसने बचकर भागने की कोशिश की लेकिन सिर पर वार किए जाने के कारण वह जमीन पर गिर गया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और खून से लथपथ नेत्तारू को अस्पताल लेकर गई, जहां चिकित्सकों ने बताया कि अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मौत हो गई है। इस बीच, भाजपा के मृतक कार्यकर्ता का शव एक एम्बुलेंस में उसके पैतृक स्थान नेत्तारू ले जाया गया। उसका अंतिम संस्कार नेत्तारू में होगा। विभिन्न हिंदू संगठनों के सैकड़ों युवा कार्यकर्ता हम न्याय चाहते हैं के नारे लगाते हुए बेल्लारे में एकत्रित हो गए। पुलिस को पथराव की घटनाओं के बाद उग्र भीड़ को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। दक्षिण कन्नड़ के जिला प्रभारी सुनील कुमार, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कतील और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता कल्लादका प्रभाकर भट घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इस हत्या के बाद साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने दोषियों को पकड़ने के लिए चार दल गठित किए हैं। इस घटना के साम्प्रदायिक रंग लेने का खतरा है। दक्षिणपंथी संगठनों ने संदेह जताया है कि यह हत्या हाल में इसी इलाके में अल्पसंख्यक समुदाय के एक अन्य युवक की हत्या का प्रतिशोध है।

### ईडी ने...

11 बजे मध्य दिल्ली में संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचीं। जांचकर्ताओं के एक दल ने सोनिया गांधी (75) से पूर्वाह्न करीब सवा 11 बजे पूछताछ शुरू की। जांचकर्ताओं में मुख्य जांच अधिकारी और गांधी द्वारा दिए गए बयानों को कम्प्यूटर पर दर्ज करने वाला एक व्यक्ति शामिल है। कांग्रेस अध्यक्ष दोपहर करीब दो बजे बेटी प्रियंका के साथ ईडी दफ्तर से रवाना हुईं। प्रियंका पूछताछ के दौरान अपनी मां को कोई सहायता या चिकित्सा देखभाल के लिए प्रवर्तन भवन (ईडी मुख्यालय) में ही रहीं। सोनिया गांधी से कांग्रेस द्वारा प्रोत्साहित यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड में कथित अनियमितता से जुड़े आरोप को लेकर सवाल पूछे गए। इसी कंपनी के पास नेशनल हेराल्ड अखबार का स्वामित्व है। माना जा रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी के रुख पर कायम रहीं कि एसोसिएट जर्नल लिमिटेड (एजेएल)- यंग इंडियन करार में कोई निजी संपत्ति नहीं बनाई गई और इसके दिन-प्रतिदिन का काम दिवंगत मोतीलाल वोहरा सहित पार्टी पदाधिकारी देखते थे। कांग्रेस नेता पवन बंसल और मल्लिकार्जुन खड़के से इस मामले में ईडी पहले ही पूछताछ कर चुकी है। कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की निंदा की है और इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई और उत्पीड़न करार दिया है।

### निलंबित सांसदों...

सुरेश रेड्डी (टीआरएस) और वाइको (एमडीएमके) शामिल थे। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, सदन के नेता पीयूष गोयल और राज्यमंत्री (संसदीय मामलों) मुरलीधरन भी नायडू के कक्ष में बैठक में मौजूद रहे। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि यदि विपक्षी सांसद माफी मांग लेते हैं और आश्वासन दें कि वे सदन में तख्तियां नहीं दिखाएंगे, तो उनका निलंबन रद्द किया जा सकता है। संसद में हंगामे के दौरान कदाचार के लिए 20 राज्यसभा और चार लोकसभा सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। मंगलवार को 19 सांसदों को निलंबित किया गया था, जबकि आप के संजय सिंह को बुधवार को राज्यसभा की बैठकों से पूरे सप्ताह के लिए निलंबित किया गया। समझा जाता है कि नायडू ने विपक्षी नेताओं से कहा कि लोकसभा के 63 सदस्यों को 1989 में और अन्य 25 को 2015 में सदन के नियमों के लगातार उल्लंघन के लिए निलंबित किया गया था। बाद में अध्यक्ष ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ भी बैठक की और उनके स्वास्थ्य एवं मूल्य वृद्धि के मुद्दे पर बहस का जवाब देने के लिए उनकी तैयारी के बारे में जानकारी ली। सांसदों को 50 घंटे लंबा विरोध प्रदर्शन संसद परिसर के अंदर गांधी प्रतिमा के पास शुरू हुआ। पिछले दो दिनों में निलंबित किए गए सांसदों में टीएमसी के सात, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के छह, तेलंगाना राष्ट्र समिति के तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के दो और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व आप के एक-एक सांसद शामिल हैं।

### मिथुन चक्रवर्ती...

से मेरे संपर्क में हैं। जब मैं मुंबई में था, मैंने एक सुबह अखबार में पढ़ा कि शिवसेना और भाजपा ने महाराष्ट्र में सरकार बनाई है। तृणमूल ने उनके आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिनेता झूठे दावे करके लोगों को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। चक्रवर्ती ने कहा कि भाजपा 18 राज्यों में सत्ता में है और पार्टी का झंडा बहुत जल्द कुछ अन्य राज्यों में भी फहराएगा। उन्होंने कहा, भाजपा पश्चिम बंगाल में अपनी लड़ाई नहीं रोकेगी। अगर आज राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होते हैं, तो पार्टी अगली सरकार बना सकती है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा, इस तरह के बयान से जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश की जा रही है। इसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यों वाली विधानसभा में फिलहाल भाजपा के 75 विधायक हैं।

### संभलें नहीं...

को तुरंत अपनाकर शून्य कार्बन फुटप्रिंट का लक्ष्य हासिल कर सकता है। पृथ्वी के संसाधनों की अधिक खपत का मतलब है कि 28 जुलाई के बाद उपभोग किया जाना वाला कोई भी संसाधन पृथ्वी के भविष्य के संसाधनों से उधार लिया गया होगा। अगर यह रोका नहीं गया तो मनुष्य का अस्तित्व खतरे मे पड़ जाएगा। ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर हम अब से 2050 तक हर साल ओवरशूट डे पांच दिन बाद मनाते हैं तो पृथ्वी द्वारा पैदा किए जाने वाले संसाधन मानव उपभोग के लिए पर्याप्त होंगे।

### पार्थ चटर्जी...

उनकी चाबी नहीं मिली। अधिकारी से जब पीटीआई-भाषा ने संपर्क किया तो उन्होंने बताया, हमें हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में दो में से एक फ्लैट में बड़ी मात्रा में नकदी मिली है। हमने रुपयों की गिनती के लिए तीन मशीनें मंगवाई हैं, ताकि पता चले कि वास्तव में कितनी राशि है। उन्होंने बताया कि फ्लैटों की तलाशी के दौरान कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। मुखर्जी ने पूछताछ के दौरान ईडी को कोलकाता के आसपास की अपनी संपत्ति की जानकारी दी थी। अधिकारी ने बताया कि बुधवार सुबह से ही इन संपत्तियों पर छापेमारी की कार्वाई की जा रही है। मंत्री और मुखर्जी से पूछताछ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुखर्जी जांच में सहयोग कर रही हैं, लेकिन मंत्री का रवैया असहयोगात्मक है। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की अनुशंसा पर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में समूह ग और घ वर्ग के कर्मचारियों और शिक्षकों की भर्ती में हुई कथित अनियमितता की जांच कर रही है। वहीं, ईडी घोटाले में धनशोधन के कोण से जांच कर रहा है। उल्लेखनीय है कि जब यह कथित घोटाला हुआ था, उस समय पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षामंत्री थे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 28 जुलाई, 2022



# हथियारों की निर्माण क्षमता से किसी देश की आर्थिक प्रगति परिलक्षित होती है: राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि गोलाबारूद के क्षेत्र में देश की आर्थिक कुशलता झलकती है और भारत को इस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास बढ़ाने तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने पर ध्यान देना चाहिए। सिंह ने भारतीय वाणिज्य और उद्योग चैंबर महासंघ (फिक्की) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान कहा, हम उस समय से बहुत आगे निकल चुके हैं जब बम का आकार और उसकी विस्फोटक क्षमता ही महत्व रखती थी। अब उनका स्मार्ट होना भी मायने रखता है।

उन्होंने कहा कि अगर उन्नत गोलाबारूद नए जमाने के युद्ध की वास्तविकता है तो देश को अपना ध्यान इस क्षेत्र में होने वाले अनुसंधान और विकास, स्वदेशी क्षमता और उत्पादन क्षमता पर केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किसी देश की प्रगति और आर्थिक विकास, हथियारों तथा गोलाबारूद निर्माण की उसकी क्षमता से अपने आप परिलक्षित होते हैं।

सिंह ने कहा कि भविष्य में नए रास्ते बनाने के लिए व्यक्ति को इतिहास से सही सबक लेना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा, इतिहास हमें बताता है कि जब भी किसी ने दुनिया पर अपना प्रभुत्व कायम किया तो वह इसलिए कर सका क्योंकि उसने गोलाबारूद के क्षेत्र में विभिन्न प्रयोग और अनुसंधान किया था।

उन्होंने कहा कि मुन्थो ढालो बेस पर सटीकता से निशाना लगाने वाले गोलाबारूद के इस्तेमाल ने कारगिल युद्ध के दौरान अहम भूमिका निभाई थी। सिंह ने कहा, इसके चलते, हमें इस युद्ध में बड़ी जीत मिली थी और कल ही (मंगलवार) हमने कारगिल युद्ध की 23वीं वर्षगांठ मनाई। उन्होंने कहा कि 2019 में पुलवामा हमले के बाद भारत ने एक बार फिर इन गोलाबारूद की सटीकता को देखा जिसने हमारे सशस्त्र बलों को अपने अभियान में सफलता दिलाई। सिंह के अनुसार, यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि बदलती विशेषताओं के साथ भविष्य में भी गोलाबारूद युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर की लड़ाइयों में गोलबारूद नए अवतार में सामने आ रहे हैं।

## 2020 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.31 लाख लोगों की मौत हुई : गडकरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि 2020 में देश में 3,66,138 सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1,31,714 लोगों की मौत हो गई। इन हादसों में 3,48,279 लोग घायल भी हो गए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। 2019 में 4,49,002 सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1,51,113 लोगों की मौत हो गई जबकि 4,51,361 लोग घायल हो गए। उनके मंत्रालय ने सुरक्षा मुद्दे के समाधान के लिए शिक्षा, इंजीनियरिंग (सड़क एवं वाहन दोनों), प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल के आधार पर एक बहु-आयामी रणनीति तैयार की है। गडकरी ने एक अन्य सवाल के लिखित जवाब में कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्माण कार्यों में कुछ हद तक देरी हुई है और परियोजना के मापदंडों के आधार पर समय की हानि आमतौर पर तीन से नौ महीने तक होने का अनुमान लगाया गया है।

# जांच एजेंसियों को गुमराह करने का प्रयास कर रही कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

● **सड़कों पर प्रदर्शनों को लेकर केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना**



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सड़कों पर प्रदर्शनों के माध्यम से वह केन्द्रीय जांच एजेंसियों को भ्रमित करने और उन पर दबाव बनाने का प्रयास कर रही है। ठाकुर ने यहां पत्रकारों से कहा, कांग्रेस जांच से भाग क्यों रही है ? उनके पास छुपाने को क्या है? क्या गांधी परिवार कानून से ऊपर है? क्या गांधी परिवार के लिए अलग से कानून होना चाहिए? वे (जांच) एजेंसियों से क्यों भाग रहे हैं? उन्हें भी जांच का सामना करना चाहिए। अखबार नेशनल हेराल्ड से जुड़े धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय बुधवार को लगातार तीसरे दिन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ कर रहा है, जिसके विरोध में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इन्हीं प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में ठाकुर ने उक्त टिप्पणी की है। संसद भवन के बाहर ठाकुर ने कहा, बलात्कार, हत्या और अन्य अपराधों के मामलों में तेजी आ रही है और राज्यों में प्रशासनिक कमियां हैं। राजस्थान में हालात चिंताजनक हैं, लेकिन मुख्यमंत्री यहां समय बिता रहे हैं। ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस नेताओं द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन जांच एजेंसियों को भ्रमित करने और उन पर दबाव बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन उचित नहीं है क्योंकि उसका (सरकार) एजेंसियों द्वारा की जा रही स्वतंत्र जांच से कोई लेना-देना नहीं है। ठाकुर ने कहा, लोकतंत्र पर हमला करने से कांग्रेस कभी पीछे नहीं हटी है। उसने संवैधानिक पदों पर मौजूद लोगों पर भी सवाल उठाए हैं और सत्ता में रहते हुए उसने अध्यादेशों को भी फाड़ा है। मंत्री ने कहा, कांग्रेस को लगता है कि एक परिवार, देश के कानून से ऊपर है। क्या गांधी परिवार कानून से ऊपर है? क्या गांधी परिवार और कांग्रेस के भ्रष्टाचार की जांच नहीं की जानी चाहिए? क्या देश को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त रहेंगे और जांच एजेंसियां उनकी जांच नहीं करेंगी।

# मुसलमानों के ऊपर पुष्प वर्षा नहीं होती, उनके घरों पर बुलडोजर चलाते हैं: ओवैसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में कावंड़ियों पर पुष्प वर्षा करने को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यही गर्मजोशी मुस्लिमों के प्रति नहीं दिखाई जाती, उनके घरों पर बुलडोजर चलाए जाते हैं। संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने कहा कि सभी समुदायों के साथ एक समान व्यवहार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, भाजपा नीत उत्तर प्रदेश सरकार सरकारी धन का इस्तेमाल कर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर रही है। हम चाहते हैं कि वे सभी के साथ एक समान व्यवहार करें। वे हमपर (मुसलमानों पर) पुष्प वर्षा नहीं करते, बल्कि वे हमारे घरों पर बुलडोजर चलाते हैं। ओवैसी ने कहा, अगर आप एक समुदाय से प्रेम करते हैं, तो आप दूसरे से नफरत नहीं कर सकते...अगर आप की आस्था है, तो अन्य की भी आस्था है।

एआईएमआईएम अध्यक्ष ओवैसी ने मंगलवार को कांवड़ यात्रा संबंधी कई खबरों को ट्विटर पर साझा करते हुए कहा था, अगर मुस्लिम भले कुछ मिनट के लिए ही खुले में नमाज अता करें,तो विवाद हो जाता है। मुस्लिम पुलिस की गोली, हिरासत में झड़प, रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून), यूएपीए, भीड़ हिंसा और बुलडोजर का सामना केवल मुस्लिम होने के नाते कर रहे हैं। इस महीने के शुरुआत में अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के मेरठ में कावंडियों पर पुष्प वर्षा की थी। भगवान शिव के भक्त कांवड़िए कांवड़ यात्रा के दौरान उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा से जल ले कर अपने अपने इलाकों में जाते हैं और शिव मंदिरों में अर्पित करते हैं।

# गुजरात में ज़हरीली शराब से जान गंवाने वालों की संख्या हुई 40, अब तक दस लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के बोटाद जिले में कथित तौर पर ज़हरीली शराब पीने से पिछले 12 घंटे में सात और लोगों की मौत होने के बाद इस त्रासदी में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 40 हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बोटाद पुलिस नियंत्रण कक्ष के अधिकारी ने बताया कि मृतकों में से 31 बोटाद के विभिन्न गांवों के निवासी थे जबकि नौ अहमदाबाद जिले के धंधुका तालुका के मूल निवासी थे। उन्होंने कहा कि भावनगर, बोटाद और अहमदाबाद के अस्पतालों में अब भी करीब 50 लोग भर्ती हैं।

बोटाद और अहमदाबाद पुलिस ने मंगलवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या), 328 (ज़हर से चोट पहुंचाना) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत लगभग 20 लोगों के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की। मामले के संबंध में अब तक कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि वडोदरा ग्रामीण पुलिस ने बुधवार को बोटाद में बरवाला पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में नामित आरोपी जतुभा राठौड़ को गिरफ्तार कर लिया जो मामला दर्ज होने के बाद से फरार हो गया था।

ज़हरीली शराब का यह मामला सोमवार को सुबह तब सामने आया, जब बोटाद के रोजिड गांव और आसपास के अन्य गांवों में रहने वाले कुछ लोगों को उनकी हालत बिगड़ने पर बरवाला क्षेत्र और बोटाद के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बोटाद के अलग-अलग गांवों के कुछ छोटे शराब विक्रताओं ने मिथाइल अल्कोहल (मेथेनॉल) में पानी मिलाकर नकली शराब बनाई थी, जो बेहद जहरीली होती है। वे 20 रुपए पाउच के दाम पर उसे गांववालों को बेचते थे। पुलिस के अनुसार, फॉरेंसिक विश्लेषण में पता चला है कि पीड़ितों ने मिथाइल अल्कोहल का सेवन किया था। राज्य सरकार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि गुजरात के गृह विभाग ने मामले की विस्तृत जांच के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सुभाष त्रिवेदी की अध्यक्षता में तीन सदस्ईय एक समिति का गठन किया है। समिति तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। समिति के अन्य दो सदस्य मद्य निषेध एवं उत्पाद शुल्क निदेशक एम. ए. गांधी और गुजरात फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एच. पी. सांघवी हैं।

अब तक पुलिस की जांच में सामने आया है कि जएश उर्फ राजू नामक एक व्यक्ति ने अहमदाबाद में एक गोदाम से 600 लीटर मिथाइल अल्कोहल चोरी किया था। राजू उस गोदाम में बतौर प्रबंधक काम करता था। उसने चुराया गया मिथाइल अल्कोहल बोटाद में रहने वाले अपने एक रिश्ते के भाई संजय को 25 जुलाई को 40 हजार रुपए में बेच दिया था।

# कोई दोषी पाया जाता है तो उसे दंडित किया जाना चाहिए, मीडिया ट्रायल अस्वीकार्य: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्कूल भर्ती घोटाले के सिलसिले में अपने कैबिनेट सहयोगी एवं टीएमसी के वरिष्ठ नेता पार्थ चटर्जी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद बुधवार को मीडिया को पार्टी के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान शुरू करने के लिए आड़े हाथ लिया। बनर्जी ने साथ ही इस बात पर जोर भी दिया कि अदालत द्वारा किसी को दोषी ठहराए जाने के बाद दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक दलों को बदनाम करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

टीटागढ़ वैगन्स के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने घोटाले में मीडिया ट्रायल की निंदा की। उन्होंने कहा, जब आप एक बड़ा संस्थान चलाते हैं, तो गलतियां हो सकती हैं। यदि किसी ने कोई गलती की है और वह कानूनी रूप से साबित हो गया है, तो उसे दंडित किया जाना चाहिए लेकिन मैं किसी भी दुर्भावनापूर्ण मीडिया अभियान के खिलाफ हूं। मीडिया कंगारू (अदालत) की भूमिका निभा रहा है। एक वरिष्ठ न्यायाधीश ने भी हाल ही में यह कहा था।

राजस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण ने मीडिया पर कंगारू अदालत वाली टिप्पणी की थी। बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र में विपक्षी नेताओं के साथ-साथ उद्योगपतियों को भी सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर एजेंसियों द्वारा धमकाया जा रहा है। यदि एजेंसियां निष्पक्ष रूप से काम करती हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं है। इनका इस्तेमाल पार्टियों को बदनाम करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। मंगलवार को राज्यसभा से विपक्षी दलों के 19 सदस्यों के निलंबन की ओर परोक्ष तौर पर इशारा करते हुए बनर्जी ने कहा, इन दिनों, यदि आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो आप निलंबित हो जाते हैं।

## अगर विपक्षी सांसद माफी मांगे तो निलंबन वापस लिया जा सकता है: प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कहा कि अगर निलंबित विपक्षी सांसद माफी मांग लें और आश्वासन दें कि वे सदन में तख्तियां नहीं दिखाएंगे तो आसन उनके निलंबन को वापस ले सकता है। संसद में अशोभनीय व्यवहार करने और आसन की अवमानना करने के मामले में राज्यसभा के 20 और लोकसभा के चार सदस्यों को निलंबित किया गया है। जोशी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, हम कहते आ रहे हैं कि सरकार महंगाई पर चर्चा को तैयार है और आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोविड से उबरने के बाद कामकाज फिर से संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष चाहे तो आज से ही चर्चा शुरू करा सकते हैं। सांसदों के निलंबन के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, अगर वे माफी मांग लें और आश्वासन दें कि वे दोबारा सदन में तख्तियां नहीं लाएंगे तो आसन उनके निलंबन को समाप्त कर सकता है।

## सैन्यकर्मियों को उपहास का पात्र दिखाने वाले विज्ञापनों पर रोक लगे: भाजपा सांसद

**नई दिल्ली।** टेलीविजन पर एक विज्ञापन में सेना के एक अधिकारी का कथित उपहास किए जाने के विषय को लोकसभा में उठाते हुए भाजपा के एक सदस्य ने इस तरह के विज्ञापनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। भाजपा के राजेंद्र अगवाल ने सदन में नियम 377 के तहत इस विषय को उठाते हुए कहा कि टीवी पर एक मसाला कंपनी के विज्ञापन में सेना के एक अधिकारी को विदूषक की तरह दिखाया जाता है। सैन्यकर्मियों को इस तरह उपहास का पात्र बनाना बिल्कुल उचित नहीं है और सरकार को इस पर संज्ञान लेना चाहिए तथा इस तरह के विज्ञापनों पर रोक लगाई जानी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने सरकार से अग्निपथ योजना को वापस लिए जाने की मांग की। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए कहा कि अग्निपथ योजना में चार साल की सेवा के बाद केवल 25 प्रतिशत जवानों को नियमित किया जाएगा और बाकी को सेवामुक्त कर दिया जाएगा।



लद्दाख में 12000 फिट की ऊंचाई पर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगा फहराते हुए आईटीबीपी के जवान

# अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण से कोर्ट द्वारा निर्धारित सीमा प्रभावित नहीं होगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार के संसद में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल के पदों पर भर्ती में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने से उच्चतम न्यायालय द्वारा रखी गई 50 प्रतिशत की सीमा प्रभावित नहीं होगी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) व राइफलमैन के पद की भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित रखने का संवैधानिक अनुमोदन प्रदान किया गया है।

यह आरक्षण क्षैतिज होगा जो उच्च न्यायालय द्वारा रखी गई 50 प्रतिशत सीमा को प्रभावित नहीं करेगा। राय ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि जनवरी, 2016 में यह निर्णय लिया गया था कि आरंभ में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में कांस्टेबल स्तर पर 33 प्रतिशत पदों और सीमा रक्षक बलों अर्थात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में कांस्टेबल स्तर पर 14-15 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स में महिला कर्मियों की मौजूदा संख्या 34,151 है। उन्होंने कहा कि भर्ती एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और सीएपीएफ तथा असम राइफल्स में महिला कर्मियों की भर्ती को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

## क्विक न्यूज

### 6,514 कश्मीरी पंडित अब भी रह रहे हैं घाटी में

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को बताया कि कुल मिलाकर 6,514 कश्मीरी पंडित अब भी घाटी में रह रहे हैं और इनमें सर्वाधिक 2,639 कश्मीरी पंडित कुलगाम जिले में रह रहे हैं। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में राय ने कहा कि वर्ष 2022 में एक भी कश्मीरी पंडित ने घाटी नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई की स्थिति के अनुसार घाटी में 6,514 कश्मीरी पंडित रह रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सबसे अधिक कश्मीरी पंडित कुलगाम (2,639) में रह रहें जबकि बडगाम में 1204, अनंतनाग में 808, पुलवामा में 579, श्रीनगर में 455, शोपियां में 320 और बारामुला में 294 कश्मीरी पंडित रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 से 2022 के बीच आतंकवादियों द्वारा जम्मू एवं कश्मीर में 12 कश्मीरी पंडितों की हत्या की गई है। एक अन्य सवाल के जवाब में राय ने कहा कि सरकार आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की नीति को अपना कर काम कर रही है और केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार आया है। उन्होंने कहा कि यहां आतंकवादी हमलों में भी कमी आई है। उनके मुताबिक 2018 में जहां 417 आतंकी घटनाएं हुई थीं वहीं 2021 में 229 घटनाएं हुई हैं। राय ने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद सुरक्षा बलों से इतर नौ सरकारी कर्मचारियों की आतंकवादी घटनाओं में जान गई है।

### एएसआई ने एलोरा गुफाओं के प्रवेश बिंदु से स्तंभ हटाने को कहा

**औरंगाबाद ( महाराष्ट्र )।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने औरंगाबाद जिला प्रशासन को एक पत्र लिखकर एलोरा गुफाओं के प्रवेश बिंदु पर स्थित 48 वर्ष पुराने जैन स्तंभ को स्थानांतरित करने को कहा है क्योंकि यह इस विश्व प्रसिद्ध स्मारक की दृश्यता को प्रभावित करता है। इससे पहले, जैन समुदाय के स्थानीय सदस्यों ने यहां एएसआई अधिकारियों से मुलाकात कर स्तंभ को स्थानांतरित करने का विरोध किया था। जिला कलेक्टर कार्यालय ने एक बार फिर इसपर एएसआई का रुख जानना चाहा जिसके जवाब में एएसआई ने 22 जुलाई को एक पत्र में दोहराया कि वह संरचना को स्थानांतरित करना चाहता है। पत्र में एएसआई के क्षेत्र अधीक्षक पुरातत्वविद मिलन कुमार चौले ने कहा कि जैन कीर्ति स्तम्भ तब बनाया गया था जब एलोरा गुफाओं को विश्व धरोहर स्थल घोषित नहीं किया गया था, लेकिन अब यह स्मारक की दृश्यता को प्रभावित करता है और इसके चारों ओर विक्रेताओं के इकट्ठा होने से भी समस्या पैदा होती है। पुरी में, कुछ संरचनाएं जो 200 से 300 साल पुरानी थीं, उन्हें भी जगन्नाथ मंदिर के सौंदईकरण और पर्यटकों की सुविधा के लिए ध्वस्त कर दिया गया था। एक अधिकारी ने कहा कि इस पत्र की एक-एक प्रति महाराष्ट्र के संस्कृति और पर्यटन विभागों को भी भेजी गई है।

### केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 84,405 पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में 84,405 पद रिक्त हैं और उन्हें दिसंबर, 2023 तक भरने का निर्णय लिया गया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न सीएपीएफ में कुल 10,05,779 पद स्वीकृत हैं जिनमें 84,405 पद रिक्त हैं। राय ने कहा कि सबसे अधिक 29,985 पद सीआरपीएफ में खाली हैं जबकि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 19,254 पद और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में 11,402 पद खाली हैं। इसके अलावा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में 10,918, असम राइफल्स में 9,659 और भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में 3,187 रिक्तियां हैं। सरकार ने सीएपीएफ में मौजूदा रिक्तियों को दिसंबर, 2023 तक भरने का निर्णय लिया है और कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के 25,271 पदों को भरने के लिए पहले ही परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। राय ने कहा कि सरकार ने सीएपीएफ में रिक्तियों को शीघ्र भरने के लिए कई अतिरिक्त उपाय भी किए हैं जिनमें कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पद हेतु वार्षिक भर्ती के लिए कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

# भ्रष्टाचार मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए चर्च ऑफ साउथ इंडिया के बिशप

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम/कोच्चि

**चर्च ऑफ** साउथ इंडिया (सीएसआई) के बिशप ए. धर्मराज रसलाम चर्च के कारकोणम मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के सिलसिले में बुधवार को कोच्चि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। बिशप मंगलवार को ईडी द्वारा उनके समक्ष पेश होने के लिए जारी किए गए नोटिस के बाद बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे कोच्चि में ईडी कार्यालय पहुंचे। बिशप मंगलवार को इंग्लैंड में आयोजित होने वाले लैम्बेथ सम्मेलन में भाग लेने के लिए जा रहे थे किन्तु उन्हें हवाई अड्डे पर ही रोक दिया गया। चर्च से जुड़े सूत्रों ने बुधवार सुबह पीटीआई-भाषा को बताया कि बिशप दिन में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए पहले ही कोच्चि पहुंच चुके हैं। मंगलवार को चर्च के एक अधिकारी ने कहा था कि बिशप लैम्बेथ सम्मेलन में भाग लेने वाले थे जिसे कैंटरबरी के आर्कबिशप द्वारा बुलाया गया था। यह एंग्लिकन कम्युनियन के बिशपों का एक संगठन है। अधिकारी ने कहा, बिशप को बिना किसी पूर्व सूचना के हवाई अड्डे पर रोक दिया गया था। ईडी ने कल निरीक्षण किया था, लेकिन उन्होंने यह चेतावनी नहीं दी कि बिशप को सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश नहीं छोड़ना चाहिए। ईडी ने कारकोणम मेडिकल कॉलेज से संबंधित मामले में सोमवार को चर्च से जुड़े संस्थानों पर छापेमारी की थी। मामला, कारकोणम में चर्च द्वारा संचालित डॉ सोमेरवेल मेमोरियल सीएसआई मेडिकल कॉलेज में छात्रों को सीट दिलाने का वादा कर उनसे कथित तौर पर भारी रकम लेने से जुड़ा है।हालांकि, क्रिश्चियन एजुकेशन बोर्ड के निदेशक फादर सी. आर. गॉडविन ने मीडिया से कहा है कि इस मामले में अपराध शाखा पहले ही जांच कर चुकी है। इससे पहले फरवरी में उच्च न्यायालय ने कारकोणम मामले में चर्च के अधिकारियों को क्लीन चिट देने पर अपराध शाखा की रिपोर्ट खारिज कर दी थी।

## असम के जाने माने साहित्यकार अतुलानंद गोस्वामी का निधन

**गुवाहाटी।** साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार अतुलानंद गोस्वामी का बुधवार को गुवाहाटी के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। यह जानकारी पारिवारिक सूत्रों ने दी। गोस्वामी को उनके उपन्यासों और लघु कथाओं के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने साहित्यकार के निधन पर दुख जताया। गोस्वामी करीब 10 दिनों तक गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रहे, जहां बुधवार सुबह उनका निधन हो गया। गोस्वामी की बेटी ने कहा, हम उन्हें जीएमसीएच ले गए थे क्योंकि उन्हें बुखार था। उन्हें तुरंत आईसीयू में भर्ती किया गया। वह कई वर्षों से डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) से पीड़ित थे। बाद में उन्हें सेप्सिस हो गया। गोस्वामी का अंतिम संस्कार उनके बेटे ने यहां नवगृह श्मशान घाट में किया।

# जहां हिंदू पंचांग के अनुसार 19 दिन पहले ही मना लिया गया स्वतंत्रता दिवस

**भाषा।** इंदौर

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत देश भर में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ का जश्न 15 अगस्त को जोर-शोर से मनाने की तैयारियां जारी हैं, लेकिन आपको जानकर अचंभा हो सकता है कि उज्जैन और मंदसौर के दो प्रसिद्ध मंदिरों में यह राष्ट्रीय पर्व ग्रेगोरियन कैलेण्डर की इस तारीख से 19 दिन पहले बुधवार को मना लिया गया। दरअसल, दोनों मंदिरों में पिछले कई सालों से चली आ रही अनूठी परंपरा के तहत हिन्दू पंचांग के आधार पर श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। इस साल यह तिथि 27 जुलाई (बुधवार) को पड़ी।

उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के पास स्थित बड़ा गणेश मंदिर के प्रमुख आनंद शंकर व्यास ने देश 15 अगस्त 1947 को जब अंग्रेजी राज से आजाद हुआ, तब हिंदू पंचांग के मुताबिक श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी थी। हम पिछले 45 सालों से इसी तिथि के अनुसार विशेष पूजा-पाठ कर स्वतंत्रता दिवस मनाते आ रहे हैं ताकि भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिले। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के वार्षिक आयोजन के तहत बुधवार को लोग झांझ-मंजीरे, डमरू, शंख और घंटे-घड़ियाल जैसे पारम्परिक वाद्य बजाते हुए तिरंगे झंडे के साथ बड़ा गणेश मंदिर पहुंचे। व्यास ने बताया कि मंदिर में भगवान गणेश तथा तिरंगे की पूजा की गई और भोग-आरती के बाद राष्ट्रध्वज को मंदिर पर पूरे सम्मान के साथ लगा दिया गया।

इसी तरह, इंदौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर मंदसौर में शिवना नदी के किनारे स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में भी बुधवार को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। पशुपतिनाथ मन्दिर के पुरोहितों और यजमानों की संस्था "ज्योतिष एवं कर्मकांड परिषदै के अध्यक्ष उमेश जोशी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान अष्टमुखी शिवलिंग का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई।

जोशी ने कहा, हमने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच दूर्वा (पूजा में इस्तेमाल होने वाली खास तरह की घास) के जल से शिवलिंग का अभिषेक किया और देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से कोविड-19 के प्रकोप के कारण पशुपतिनाथ मंदिर में स्वतंत्रता दिवस सीमित स्वरूप में मनाया जा रहा था, लेकिन इस बार इसके आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जोशी के मुताबिक, मंदसौर के इस प्राचीन मंदिर में श्रावण कृष्ण चतुर्दशी को स्वतंत्रता दिवस मनाने की परंपरा वर्ष 1985 से जारी है।

# ताइवान पर तनाव के बीच बाइडन, शी की वार्ता आज




**एपी। वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के उनके समकक्ष शी चिनफिंग ताइवान को लेकर तनाव के बीच बृहस्पतिवार को बातचीत करेंगे। एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। बाइडन और चिनफिंग चार महीने बाद पहली बार बातचीत करेंगे। दोनों नेताओं के बीच बातचीत की कई हफ्तों से योजना बनाई जा रही थी, लेकिन सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी और कांग्रेस के शीर्ष डेमोक्रेट की ताइवान यात्रा की संभावना ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को और जटिल बना दिया है। बीजिंग चेतावनी दे रहा है कि अगर पेलोसी स्वशासित ताइवान की यात्रा करती है तो वह बलपूर्वक कदम उठाएगा।

बहरहाल, पेलोसी ने अभी ताइवान की यात्रा करने की योजनाओं की पुष्टि नहीं की है, लेकिन बाइडन ने पिछले सप्ताह पत्रकारों से कहा था कि अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का मानना है कि अभी अध्यक्ष के लिए ताइवान की यात्रा करना अच्छा विचार नहीं है। बाइडन ने ए टिप्पणियां तब की हैं जब फाइनेंशियल टाइम्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि पेलोसी की अगस्त में ताइवान की यात्रा करने की योजना है। पहले यह यात्रा अप्रैल में होनी थी, लेकिन उनके कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के कारण इसे टाल दिया गया था। वहीं, चीनी अधिकारियों का कहना है कि पेलोसी की यात्रा को अमेरिका की नीति में बदलाव के तौर पर देखा जाएगा और इसे उकसावा माना जाएगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, अगर अमेरिका अपने रास्ते पर चलते रहने पर जोर देता है तो चीन इसका बलपूर्वक जवाब देगा और हम जो कहते हैं वही करेंगे। बाइडन और शी के बीच मुलाकात में उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम, यूक्रेन में रूस के युद्ध पर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच मतभेदों, ईरान परमाणु समझौते को फिर से बहाल करने की बाइडन प्रशासन की कोशिशों और ट्रंप प्रशासन द्वारा चीन पर लगाए कड़े करों की अमेरिकी सरकार की समीक्षा की स्थिति पर भी चर्चा हो सकती है।

## पेलोसी की ताइवान यात्रा के मद्देनजर अमेरिकी सेना बना रही सुरक्षा योजनाएं

**सिडनी।** अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें इस बात की बहुत कम आशंका है कि अगर संसद अध्यक्ष नैंसी पेलोसी आगामी दिनों में ताइवान की यात्रा पर जाती हैं, तो चीन उनके विमान पर हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि पेंटागन किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए योजनाएं बना रहा है। उन्होंने कहा कि पेलोसी की ताइवान यात्रा के दौरान किसी भी हादसे, गलत कदम या गलतफहमी से उनकी सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है, इसलिए पेंटागन संभावित आकस्मिक स्थिति के लिए योजनाएं बना रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अगर पेलोसी ताइवान की यात्रा करती हैं तो सेना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी गतिविधियां बढ़ा देगी। उन्होंने विस्तृत जानकारी देने से इनकार किया, लेकिन कहा कि ताइवान यात्रा के दौरान उनके विमान को सुरक्षा देने में लड़ाकू विमानों, पोतों, निगरानी उपकरणों और अन्य सैन्य प्रणालियों का इस्तेमाल किए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि किसी भी वरिष्ठ अमेरिकी नेता की विदेश यात्रा के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा की जरूरत होती है। पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर सैन्य तैयारी के बारे में अमेरिका के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टॉफ के प्रमुख जनरल मार्क मिले ने बुधवार को कहा कि किसी विशेष यात्रा पर चर्चा करना बहुत जल्दबाजी होगी।

# पूर्वी कांगो में संरा-विरोधी प्रदर्शनों में 15 लोगों की मौत, 50 घायल



**एपी। किंशासा**

**पूर्वी** कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन के खिलाफ दो दिनों से चल रहे प्रदर्शनों में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है तथा कई घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की कि नॉर्थ कीवु प्रांत के बुटेम्बो में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा बल के साथ काम कर रहे एक शांति रक्षक तथा दो अंतरराष्ट्रीय पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है तथा एक अन्य घायल हो गया है। उसने बताया कि हिंसक हमलावरों ने कांगो के पुलिसकर्मियों से हथियार छीने और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर गोलियां चला दीं। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों समेत असैन्य नागरिकों के मारे जाने की खबरों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सैकड़ों हमलावरों ने गोमा के साथ ही नॉर्थ कीवु के अन्य हिस्सों में संयुक्त राष्ट्र बल के अड्डों पर फिर से हमला किया। हक ने कहा, भीड़ पथराव कर रही है और पेट्रोल बम फेंक रही है, संयुक्त राष्ट्र बल के अड्डों में घुस रही है, लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी कर रही है। हम त्वरित प्रतिक्रिया बलों को भेजकर स्थिति संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हिंसा के खत्म होने का कोई संकेत नहीं मिला है। कांगो पुलिस ने बताया कि गोमा में कम से कम छह लोगों और बुटेम्बो में आठ नागरिकों की मौत हुई है। इससे पहले, सरकार के प्रवक्ता पैट्रिक मुयाया ने बताया था कि सोमवार तक कम से कम पांच लोग मारे गए हैं और करीब 50 घायल हुए हैं। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने इन मौतों के लिए शांतिरक्षकों द्वारा गोलियां चलाए जाने को जिम्मेदार ठहराया है।

# उत्तरी फिलीपीन में भूकंप के जोरदार झटके, पांच लोगों की मौत, कई घायल




**एपी। मनीला**

**उत्तरी** फिलीपीन में बुधवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। भूकंप के झटके इतने जोरदार थे कि उसके प्रभाव से छोटे-छोटे भूस्खलन हुए और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं, राजधानी मनीला में भय के कारण लोग अपने घरों और मरीज अस्पतालों से बाहर निकल आए।

फिलीपीन के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान के प्रमुख रेनातो सोलिडम ने बताया कि सात तीव्रता के भूकंप का केंद्र अब्रा प्रांत में किसी पर्वतीय इलाके में था। अब्रा के लगांगिलांग शहर के एक सुरक्षा अधिकारी माइकल ब्रिलैंट्स ने बताया, जमीन ऐसे हिली जैसे मैं झूला झूल रहा हूं और अचानक बिजली चली गई। हम कार्यालय से बाहर भागे तथा मैंने अपने कुछ साथियों के चीखने और रोने की आवाजें सुनी। ए अब तक के सबसे जोरदार भूकंप के झटके थे और मुझे लगा कि धरती फट जाएगी। उल्लेखनीय है कि लगांगिलांग भूकंप के केंद्र के नजदीक का शहर है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है जिनमें अधिकतर मौतें ढांचे गिरने से हुई हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में अब्रा में एक मकान में सीमेंट से बनी पट्टी गिरने के कारण मारा गया एक ग्रामीण भी शामिल है। वहीं दर्जनों अन्य घायल हुए हैं। बेंगुएट प्रांत में पर्वतीय शहर ला त्रिनिदाद में एक मजदूर की निर्माणाधीन इमारत गिरने से उसके मलबे में दबकर मौत हो गई। अब्रा में कई मकान और इमारतों की दीवारों में दरारें आ गईं। शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 7.3 मापी गई थी, लेकिन बाद में विश्लेषण के बाद इसकी तीव्रता सात मापी गई। भूकंप का केंद्र सतह से 17 किलोमीटर नीचे था और बाद में आने वाले अन्य झटकों से और नुकसान की आशंका जताई गई है।

# फिलीपीन ने रूस से हेलीकॉप्टर खरीदने का सौदा रद्द किया

**भाषा। मनीला**

**फिलीपीन** सरकार ने अमेरिका से प्रतिबंध लगने की आशंका के मद्देनजर रूस से 16 सैन्य परिवहन हेलीकॉप्टर खरीदने का सौदा रद्द कर दिया है। पूर्व रक्षा मंत्री डेल्फिन लोरेनज़ाना ने मंगलवार रात को बताया कि रूस से एमआई-17 हेलीकॉप्टर खरीदने के 22.7 करोड़ डॉलर का सौदा रद्द कर दिया गया है। पिछले महीने तत्कालीन राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने 30 जून को अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले इस सौदे को मंजूरी दी थी। लोरेनज़ाना ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया, हम पर प्रतिबंध लग सकते थे। उन्होंने कहा कि अगर फिलीपीन सौदे पर आगे बढ़ता तो इससे वाशिंगटन नाराज़ हो सकता था, क्योंकि रूस के साथ उसके संबंध काफी खराब हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी सौदा करने के मनीला के फैसले से वाकिफ हैं और फिलीपीन की सेना के लिए ऐसे ही हेलीकॉप्टर सौदे की पेशकश कर सकते हैं। दुतेर्ते के शासनकाल में लोरेनज़ाना रक्षा प्रमुख थे। नए राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने उन्हें पूर्व सैन्य अड्डों को व्यापारिक केंद्रों में बदलने के लिए जिम्मेदार सरकारी एजेंसी का प्रमुख बनाया है।

वाशिंगटन में फिलीपीन के राजदूत जोस मैनुएल रोमुएलडेज़ ने एपी से कहा कि सौदे को इसलिए रद्द किया गया है, क्योंकि मनीला पर अमेरिकी संघीय कानून काउंटरिंग अमेरिकाज़ एडवर्सरीज़ थ्रू सेंक्शन्स एक्ट के तहत प्रतिबंध लगने का खतरा था। फिलीपीन के एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि सौदे को रद्द करने के फैसले के बाद इसे समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि सौदे को रद्द करने के खिलाफ रूस अपील कर सकता है, लेकिन इस बात की बहुत कम गुंजाइश है कि फिलीपीन की सरकार उसकी अपील पर पुनर्विचार करे।

# सरकार लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग सुनने को तैयार : गुणवर्धने

**भाषा। कोलंबो**

**श्रीलंका** के नवनियुक्त प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने बुधवार को कहा कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग सुनने को तैयार है। उन्होंने आतंकवादी कृत्यों की भर्त्सना की और इसे लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। गुणवर्धने (73) राजपक्षे परिवार के सहयोगी रहे हैं और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के स्कूल के समय से दोस्त हैं। देश में अभूतपूर्व आर्थिक और राजनीतिक संकट के बीच पिछले सप्ताह गुणवर्धने को श्रीलंका के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई। उन्होंने संसद में बुधवार को कहा कि श्रीलंका सरकार लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने वालों की बात सुनने के लिए तैयार है लेकिन वह आतंकवादी कृत्यों को स्वीकार नहीं करेगी। डेली मिरर की खबर के अनुसार, गुणवर्धने ने कहा, आतंकवाद, लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है और संसद आतंकवादी कृत्यों का समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, विभिन्न राजनीतिक विचारधाराएं हो सकती हैं लेकिन लोगों की समस्याएं सुलझाने के लिए संसद को एक होकर काम करना होगा। श्रीलंका के सुरक्षा बलों ने राष्ट्रपति विक्रमसंघे के आदेश पर शुक्रवार को तड़के कोलंबो में राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर डेरा डाले, सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को वहां से बलपूर्वक हटा दिया। इस कार्वाई मे 50 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों पर कार्वाई की व्यापक आलोचना की गई। आलोचना करने वालों में कोलंबों में मौजूद विदेशी दूत भी शामिल थे।

### श्रीलंका की संसद ने आपातकाल को मंजूरी दी

**कोलंबा।** श्रीलंका की संसद ने बुधवार को तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़ने के बाद 13 जुलाई से लागू आपातकाल को मंजूरी दे दी। इसके तहत सुरक्षाबलों के अधिकारों में भारी वृद्धि की गई है, जिनमें लोगों को गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने के अधिकार शामिल हैं। देश में तत्कालीन कार्यकारी राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने आपातकाल लगाने की घोषणा की थी और नियमों के तहत 14 दिनों के भीतर इस फैसले की पुष्टि संसद द्वारा की जानी थी। श्रीलंका की 225 सदस्ईय संसद में बुधवार को 63 के मुकाबले 120 सदस्यों के समर्थन से आपातकाल के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। संसद ने 20 जुलाई को रानिल विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति चुना था। मुख्य विपक्षी एसजेबी और मुख्य तमिल पार्टी टीएनए ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया जबकि सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के कम से कम चार सदस्यों ने भी आपातकाल लगाने का विरोध किया। संसद द्वारा बुधवार को मंजूरी दिए जाने के बाद आपातकाल 14 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। संसद में आपातकाल पर बहस के दौरान विपक्षी सदस्यों ने विक्रमसिंघे पर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर आपातकाल के प्रावधानों का उपयोग कर बल प्रयोग का आदेश देने का आरोप लगाया।

**NOTICE**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि अब्दुल वाहिद सोफी का एक आईडी कार्ड आईसी आईसी आई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी किया गया है जिसमें आईडी कार्ड नंबर है-2225343 को 6 जुलाई 2022 को सुबह 10:00 बजे लापता और/या खोया हुआ पाया गया है। जो कोई भी उक्त आईडी कार्ड पाता है, उससे उक्त आईडी कार्ड वापस करने का अनुरोध किया जाता है, उससे अनुरोध है कि उक्त आईडी कार्ड प्रबंधक ऋण सेवा और प्रबंधन समूह, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडी शॉपर्स आर्केड, प्लॉट नंबर 1, सामुदायिक केंद्र को वापस कर दिया जाए। सेक्टर-9, रोहिणी, नई दिल्ली, दिल्ली 110085 इसलिए, आईसी आईसी आई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर-2225343 रखने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें। कृपया आगे ध्यान दें कि कोई भी व्यक्ति उक्त आईडी कार्ड रखने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 548 अंक चढ़ा

**भाषा। मुंबई**

**यूरोपीय** बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजारों के दोनों प्रमुख सूचकांकों में बुधवार को करीब एक प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। आईटी और बैंकिंग शेयरों की खरीदारी से बाजार को समर्थन मिला और दो दिन से जारी गिरावट थम गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 547.83 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 55,816.32 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय इसने 584.6 अंक तक की बढ़त भी हासिल कर ली थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 157.95 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,641.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मा ने सर्वाधिक 3.39 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। एसबीआई, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस और इंडसइंड बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों को 1.32 प्रतिशत तक का नुकसान झेलना पड़ा।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों पर भारतीय बाजार प्रतिक्रिया देंगे। पिछले डेढ़ महीने से हम तेजी के दौर में हैं और यह मानकर चल रहे हैं कि ब्याज दर में वृद्धि के पिछले असर को आत्मसात कर लिया गया है। हालांकि, बाजार ने मंदी की आशंका को अभी आत्मसात नहीं किया है क्योंकि मूल्यांकन अब भी दीर्घकालिक रुझान से थोड़ा अधिक ही है। मंदी का जोखिम कम होने तक मूल्यवान खरीदारी ही निवेश का सार होना चाहिए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति सुजुकी और टाटा स्टील जैसी बड़ी कंपनियों के बढ़िया नतीजों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाने का काम किया है। अब फेडरल रिजर्व के फैसले पर नजरें रहेंगी। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.90 प्रतिशत तक उछल गया जबकि स्मॉलकैप में 0.38 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट आई। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में काफी हद तक सकारात्मक कारोबार करते हुए दिखाई दिए। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के ऐन पहले निफ्टी ने दो दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला तोड़ दिया। इस दौरान निफ्टी एशियाई क्षेत्रों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले सूचकांकों में से एक रहा। निवेशकों का अनुमान है कि फेडरल रिजर्व नीतिगत ब्याज दर में 0.75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकता है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.53 प्रतिशत बढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# अब गूगल मैप्स पर दिखेगी भारत में सड़कों की वास्तविक तस्वीरें

**भाषा। नई दिल्ली**

**गूगल** मैप्स पर अब भारत के 10 शहरों में सड़कों और गलियों की वास्तविक तस्वीरें देखी जा सकेंगी। प्रौद्योगिकी कंपनी ने इसके लिए दो स्थानीय कंपनियों के साथ भागीदारी की है। सरकार ने पूर्व में सुरक्षा कारणों से सड़कों और अन्य जगहों की व्यापक फलक वाली तस्वीरें दिखाने की अनुमति नहीं दी थी। अबतक गूगल मैप्स पर उपग्रह से ली गई तस्वीरें होती थीं, लेकिन अब उसपर वास्तविक तस्वीरें होंगी। गूगल ने बुधवार को बयान में कहा कि जेनेसिस इंटरनेशनल और टेक महिंद्रा की भागीदारी के साथ सड़कों, गलियों की वास्तविक तस्वीर देखने की सेवा शुरू की गई है। बयान के अनुसार, गूगल मैप्स पर आज से सड़क की तस्वीर उपलब्ध होगी। यह सेवा बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, पुणे, नासिक, वडोदरा, अहमदनगर और अमृतसर में होगी। गूगल, जेनेसिस इंटरनेशनल और टेक महिंद्रा की 2022 तक इस सेवा का 50 से अधिक शहरों में विस्तार करने की योजना है। इसके साथ गूगल मैप्स यातायात प्राधिकरणों की तरफ से जारी गति सीमा के आंकड़े भी दिखाएगी। गूगल ने ट्रैफिक लाइट के समय को बेहतर ढंग से बनाने के मॉडल को लेकर बेंगलुरु यातायात पुलिस के साथ अपनी साझेदारी की भी घोषणा की है। बयान में कहा गया है, यह स्थानीय यातायात प्राधिकरण को प्रमुख चौराहों पर सड़क की भीड़ का प्रबंधन करने में मदद कर रहा है... इस व्यवस्था का पूरे शहर में विस्तार किया जाएगा। गूगल स्थानीय यातायात अधिकारियों के साथ साझेदारी में कोलकाता और हैदराबाद में भी इसका विस्तार करेगी। इसके अलावा, वैश्विक कंपनी ने वायु की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देने के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के साथ भी गठजोड़ की घोषणा की है।

### भारत के साथ व्यापार, निवेश के लिए ब्रिटिश सांसदों ने बनाया समूह

**लंदन।** भारत के साथ व्यापार एवं निवेश के अलावा लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटेन के सांसदो का एक नया बहुदलीय समूह गठित किया गया है। भारत की आजादी के 75वे साल के मौके पर आयोजित होने वाले समारोहो के क्रम मे ब्रिटिश संसद के 25 सदस्यो ने मिलकर इस समूह के गठन पर सहमति जताई थी। पिछले हफ्ते इस समूह को औपचारिक रूप से पंजीकृत करा दिया गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विचारों के लोग शामिल है। भारत (व्यापार एवं निवेश) सर्वदलीय संसदीय समूह (एपीपीजी) का घोषित उद्देश्य दोनो देशों के नागरिकों की बेहतरी के लिए व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यह समूह भारत एवं ब्रिटेन के बीच एक समावेशी सजीव पुल बनाने के लिए भी काम करेगा।

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवनीत पांचाल** और **श्रीमती अमिता** की ओर से एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है, जो फ्रीहोल्ड प्लॉट नंबर 43 (भाग) को खरीदने का इरादा रखते हैं, जिसका क्षेत्रफल 33.5 वर्ग मीटर (28.01 वर्ग मीटर) है, जो खसरा नंबर 257, पूर्वी जवाहर नगर, ग्राम बहाटा हाजीपुर, लोनी, परगना और तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद (यूपी) में स्थित हैं, **श्री प्रमोद कुमार** जो बिक्री विलेख दिनांक **18.04.2022** के आधार पर उक्त संपत्ति के मालिक हैं, जो डॉक्यूमेन्ट संख्या 6124 सब रजिस्ट्रार– लोनी, गाजियाबाद के कार्यालय में पंजीकृत है। और उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से वित्तीय सहायता के लिए गिरवी रखना चाहते हैं। एवं स्वर्गीय श्रीमती राम किशनी का जीवित सदस्य प्रमाण पत्र (एसएमसी) उपलब्ध नहीं है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व या गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतद्द्वारा 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है। **लुसेम लीगल एलएलपी**
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली–110049, संपर्क # 011- 40046316

**PUBLIC NOTICE**

The Public at large is hereby notified that my clients are intending to an Immovable property at Second Floor Portion of Property No.8, Measuring Area 152.50 Sq.Yds. Situated in the Layout Plan of the D.N.R. Account Employees Co-operative House Building Society Ltd. Known as Shankar Vihar, Vikas Marg, Delhi-110092, from Smt. Anju Malik W/o Shri Hemant Kumar, she represent himself as owner of the said property on the basis of Gift Deed dated 12.10.2011, duly regd. As Document No.17129, in Book No. 1 Volume No.5778, on Pages 192 to 197, Dated 13.10.2011 in the office of Sub-Registrar VIII Delhi executed by Shri Hemant Kumar S/o Shri Ram Prakash Malik.

It is therefore notified that anybody claiming any rights, share, claim, title, interest or lien over the aforesaid property may file such claim or objection to the undersigned within a period of 15 days from the date of Publication of this Notice, otherwise it will be presumed that the said property is free from all encumbrances, charges and/or lien etc. and my. clients are free to sell/transfer the said property.

**Sd/Rakesh N.D.,**
**Advocate #Office No.107, First Floor, M.S. Chamber, C-1/A. Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092**

**सार्वजनिक सूचना : आईडी कार्ड खोने के संबंध में**

समस्त जन साधारण को सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी कृष्ण कुमार चौरसिया का एक आईडी कार्ड : आईडी कार्ड नंबर 2225342 दिनांक 16-07-2022 को पूर्वा. 10.47 बजे कहीं खो गया/गुम हो गया है। किसी भी व्यक्ति, जिसको उक्त आईडी कार्ड मिले, उससे उक्त आईडी कार्ड मैनेजर डेट सर्विसेज ऐंड मैनेजमेंट ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड मैनेजर डेट सर्विसेज ऐंड मैनेजमेंट ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड – एसडी शॉपर्स आर्केड प्लॉट नंबर 1 कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-9, रोहिणी – नई दिल्ली-दिल्ली 110085 को लौटाने का अनुरोध किया जाता है।
अतएव, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे उक्त आईडी कार्ड नंबर 2225342 धारक किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान नही करें। कृपया आगे सूचित हों कि उक्त आईडी कार्ड धारक किसी भी व्यक्ति को कोई भुगतान करने वाला व्यक्ति ऐसा अपनी स्वयं की लागत, जोखिम और खतरे पर ऐसा करेगा तथा आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य नहीं होगा तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
तिथि : 28-07-2022
स्थान : दिल्ली

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड,करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या 777705790029 एवं 015405007308, कर्जदार का नाम प्रोजेन एसएएस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, संजय रावत, संदीप रावत, पूजा रावत, सुशील कौशिक, भावना कौशिक के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत मांग सूचना समाचार पत्र दि पायनियर (अंग्रेजी) तथा दि पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 02 दिसम्बर, 2021 में धारा 13.2 सूचना के रूप में और दिनांकित 15 जनवरी, 2022 में धारा 13.2 सूचना के रूप में और दिनांकित 08 मई, 2022 में धारा 13.4 के तहत सूचना के रूप में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त मांग सूचना और सांकेतिक कब्जा के प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा इसका प्रकाशन वर्णन बीक्यू-58, प्रथम तल, शालीमार बाग, सरस्वती विहार, दिल्ली-110088 के स्थान पर बीक्यू-58, शालीमार बाग, सरस्वती विहार, दिल्ली-110088 वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको बीक्यू-58, प्रथम तल, शालीमार बाग, सरस्वती विहार, दिल्ली-110088 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं
दिनांकित : 28-07-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी के दूसरे दिन 1.49 लाख करोड़ रुपए की बोलियां मिलीं

**भाषा। नई दिल्ली**

**देश** में पांचवीं पीढ़ी (5जी) के स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए बुधवार को दूसरे दिन 1.49 लाख करोड़ रुपए की बोलियां आईं। बिक्री बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी। मुकेश अंबानी, सुनील भारती मित्तल और गौतम अडाणी की कंपनियों के साथ-साथ वोडाफोन आइडिया ने बोली के पहले दिन मंगलवार को 1.45 लाख करोड़ रुपए की बोली लगाई थी। बुधवार को पांच दौर की नीलामी में रेडियो तरंगों की अतिरिक्त मांग आई। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दूसरे दिन की नीलामी समाप्त हो गई है और यह बृहस्पतिवार को जारी रहेगी।

उन्होंने कहा, नीलामी में बोली में रखे गए सभी बैंड के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली...नौवें दौर की बोली की समाप्ति पर 1,49,454 करोड़ रुपए की बोलियां आईं। विश्लेषकों ने कहा कि बोली में शामिल कंपनियों में अंबानी की रिलायंस जियो सबसे आक्रमक तरीके से बोली लगा सकती है। मंत्री ने कहा कि सभी बैंड के स्पेक्ट्रम की अच्छी मांग देखने को मिल रही है। हालांकि अभी बोलियों के ब्योरे की घोषणा नहीं हुई है, पर आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने कहा कि उसके विश्लेषण के अनुसार जियो सबसे अधिक 80,100 करोड़ रुपए मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगा सकती है। कंपनी प्रीमियम 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में 10 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम का चयन कर सकती है। भारती एयरटेल 1800 मेगाहर्ट्ज और 2100 मेगाहर्ट्ज बैंड में संभवत: 45,000 करोड़ रुपए मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगा सकती है। यह उम्मीद से 20 प्रतिशत अधिक है। वोडाफोन आइडिया लि. 18,400 करोड़ रुपए मूल्य के स्पेक्ट्रम तथा अडाणी डाटा नेटवर्क्स पूरे देश में 26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगा सकती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने कहा, ऐसा लगता है कि अडाणी ने दिल्ली और कोलकाता को छोड़कर 20 सर्किल में 26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई है।

# कर्मचारियों की हड़ताल से लुफ्थांसा की 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द



कर्मचारियों की हड़ताल के चलते फैंकफर्ट के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परेशान यात्री

**एपी। बर्लिन**

**जर्मन** एयरलाइन लुफ्थांसा के लॉजिस्टिक एवं टिकटिंग कर्मचारियों के एक दिन की हड़ताल पर चले जाने से बुधवार को एयरलाइन की 1,000 से अधिक उड़ानों को रद्द करना पड़ा। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लुफ्थांसा की उड़ानों के इतने बड़े पैमाने पर रद्द होने से करीब 1.34 लाख यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी है। उन्हें या तो अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी या फिर नए सिरे से योजना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।
इसके पहले मंगलवार को भी एयरलाइन की 47 उड़ानें रद्द की गई थीं। जर्मनी की इस अग्रणी एयरलाइन के फ्रैंकफर्ट एवं म्यूनिख में स्थित प्रमुख केंद्रों के अलावा डसेलडॉर्फ, हैम्बर्ग, बर्लिन, ब्रेमन, हनोवर, स्टटगार्ट और कोलोन से संचालित होने वाली उड़ानों को भी रद्द कर दिया गया। एयरलाइन ने ग्राउंड स्टाफ की हड़ताल को देखते हुए विमान यात्रियों से हवाईअड्डे पर न आने का अनुरोध करते हुए कहा है कि अधिकांश काउंटर खाली पड़े हुए हैं। हवाईअड्डों पर एयरलाइन की टिकटिंग एवं लॉजिस्टिक सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के संगठन ने सोमवार को ही हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी थी। वेतन एवं पारिश्रमिक संबंधी मुद्दों पर एयरलाइन प्रबंधन के साथ बातचीत नाकाम रहने के बाद यह हड़ताल की गई है।

### ब्रिटेन में रेल कर्मचारियों की हड़ताल से ट्रेन सेवाएं प्रभावित

लंदन। ब्रिटेन मे बुधवार को रेलवे के 40,000 कर्मचारियो के हड़ताल पर जाने से ट्रेन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई है। कर्मचारी नौकरी की सुरक्षा, वेतन बढ़ाए जाने और कामकाज की बेहतर स्थिति की मांग को लेकर एक दिन की हड़ताल पर गए है। ट्रेन कंपनियो ने कहा कि हड़ताल के कारण करीब 20 प्रतिशत सेवाएं ही बहाल है। ब्रिटेन मे रेल कर्मचारियो की तीन दशक मे यह सबसे बड़ी हड़ताल है। सफाईकर्मियों, सिग्नल कार्यो, रखरखाव से जुड़े और स्टेशन कर्मचारियो की 24 घंटे की हड़ताल से गर्मियो की छुट्टियो की शुरुआत मे पूरे ब्रिटेन मे ट्रेन के परिचालन पर असर पड़ा रहा है। कर्मचारी वेतन, काम की बेहतर स्थिति और नौकरी की सुरक्षा को लेकर हड़ताल पर है। हड़ताल मे शामिल श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियो के साथ बातचीत का अभी कोई नतीजा नही निकला है।

**सार्वजनिक सूचना : आईडी कार्ड खोने के संबंध में**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 7, कम्युनिटी सेंटर, एस.डी. टावर, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली-110085

समस्त जन साधारण को सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी श्री पुनीत कश्यप का एक आईडी कार्ड : आईडी कार्ड नंबर 2211356 दिनांक 07-07-2022 को कहीं खो गया/गुम हो गया है। किसी भी व्यक्ति, जिसको उक्त आईडी कार्ड मिले, उससे उक्त आईडी कार्ड मैनेजर डेट सर्विसेज ऐंड मैनेजमेंट ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 7, कम्युनिटी सेंटर, एस.डी. टावर, सेक्टर-8, रोहिणी नई दिल्ली-110085 को लौटाने का अनुरोध किया जाता है।
अतएव, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे उक्त आईडी कार्ड नंबर 2211356 धारक किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान नही करें। कृपया आगे सूचित हों कि उक्त आईडी कार्ड धारक किसी भी व्यक्ति को कोई भुगतान करने वाला व्यक्ति ऐसा अपनी स्वयं की लागत, जोखिम और खतरे पर ऐसा करेगा तथा आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य नहीं होगा तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
तिथि : 28-07-2022 हस्ता./-
स्थान : दिल्ली वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# दुर्घटना में बाल-बाल बचे डीएम

## ●नेशनल हाइवे पर जिलाधिकारी की गाड़ी को रोडवेज बस ने मार दी टक्कर, चालक को हिरासत में लेकर कराया गया मेडिकल

आलोक निगम। बाँदा




**बुधवार** को डीएम के काफिले को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी जिसमें वह बाल बाल बचे। बताया जा रहा डीएम अनुराग पटेल अपनी सरकारी गाड़ी इनोवा से दफ्तर से सरकारी कार्यक्रम में जा रहे थेए तभी रास्ते मे झांसी मिर्जापुर नेशनल हाइवे में शहर कोतवाली क्षेत्र के नवाब टैंक इलाके में हादसे का शिकार हो गए। सामने से आ रही रोडवेज बस टक्कर मार दी। बस कंडक्टर ने बताया की ड्राइवर चलती बस में शराब पीने के बाद अचानक स्टेयरिंग पर सो गयाए जिससे सामने से आ रही डीएम की गाड़ी से एक्सीडेंट हो गया। मौके पर पंहुचे जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। डीएम की गाड़ी दाहिनी तरफ क्षतिग्रस्त है जो बनने के लिए गैरिज भेज दी गयी है। बस प्रयागराज से महोबा जा रही थी और जीरोरोड डिपो की है। जानकारी मिली है कि थाना कोतवाली क्षेत्र के अवंति नगर अतर्रा चुंगी से 200 मीटर की दूरी पर नर्सरी के पास जिलाधिकारी बड़ोखर कार्यक्रम में जा रहे थे, इसी दौरानं रोडवेज बस ने इनोवा कार को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि डीएम बाल-बाल बच गए। दुघ4टना में गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल बांदा भेजा है क्योंकि चालक ने शराब पी रखी थी। इस बात की पुष्टि पुलिस उपाधीक्षक नगरराकेश सिंह ने भी की है। डीएम ने बताया कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीऔर योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर अमृत महोत्सव के एक ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहा था। इस दौरानं अतर्रा चुंगी चौकी से लगभग 2किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 76 में बड़ोखर ग्राम जा रहा था अचानक सामने से जीरो रोड डिपो की रोडवेज बस चालक द्वारा लहराते हुए चला रहा था जिसमें उससे पहले गाड़ी को टक्कर मारा फिर मेरी एस्कॉर्ट टाटा सुमोको टक्कर मारा मैं बाल.बाल बचा फिर अपने राइट से सीधे एक मकान के दरवाजे में जा घुसी। इसमें लगभग 60 सवारियां थी मैंने तत्काल सवारियों को दूसरी व्यवस्था से बस स्टॉप भेजा। एआरएम रोडवेज को और पुलिसनगर मजिस्ट्रेट को बुलाकर विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

# फरियादियों के साथ हो अच्छा बर्ताव

## ●पुलिस अधीक्षक ने नगर कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर मंगलवार की देर शाम अचानक थाना कोतवाली नगर पहुंच गए। उनके औचक कोतवाली पहुंचते ही हड़कंप मच गया। इस मौके पर एसपी ने कोतवाली परिसर, कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क सेल, साइबर हेल्प डेस्क सेल, आरक्षी बैरक/आवास एवं भोजनालय आदि का गहनता से निरीक्षण किया। साथ उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनकी कार्यप्रणाली व कार्यव्यवहार के बावत वार्तालाप करते हुए पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि महिला संबंधी अपराधों एवं महिला फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। यह भी कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ पुलिस कार्यव्यवहार व बर्ताव अच्छा हो।निरीक्षण के दौरान एसपी श्री तोमर ने प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह को निर्देशित किया कि कार्यालय के अभिलेखों को अद्यतन करते हुए कोतवाली परिसर में साफ-सफाई व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि सभी आरक्षी अपने आवंटित बीट क्षेत्र में जाकर मिशन शक्ति अभियान के बावत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें महिला संबंधी अपराधों पर 1090, 181, 1076, 1098, डायल 112, 102 एवं 108 का प्रयोग करने हुतु प्रेरित करें। एसपी ने थाने के त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने हल्का इंचार्जो को निर्देशित किया कि आईजीआरएस तथा जनशिकायतों के मामलों में खुद मौके पर जाकर जांच कर शिकायतकर्ता को पूरी तरह संतुष्ट करते हुए ही शिकायतों का निस्तारण करें। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को रात्रि गश्त बढ़ाने, पैदल गस्त बढ़ाने एवं अपराधियों की धड़पकड़ हेतु वाहन चेकिंग अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

# लगाया स्टार और बोले-रखिए इसका मान



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने जिले में तैनात 14 उपनिरीक्षकों के निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर उनके कंधे पर स्टार लगाकर कर शुभकामनाएं देते हुए उनको पुलिसिंग को और बेहतर बनाने की अपील किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शासन द्वारा जारी प्रोन्नत सूची में जिले के 14 उपनिरीक्षकों के नाम शामिल जो निरीक्षक बने हैं। इसीक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को उनके कंधे पर स्टार लगाया गया है। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक पद से निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने वाले उपनिरीक्षकगणों में अखिलेश कुमार (कोतवाली देहात), अनिल कुमार मिश्रा (कोतवाली नगर), माधवी श्रीवास्तव (एलआईयू), अनन्त कुमार सिंह (थाना उमरी बेगमगंज), करूणाकर पाण्डेय (थानाध्यक्ष इटियाथोक), चितवन कुमार (थानाध्यक्ष कटराबाजार), अशोक सिंह (थाना तरबगंज), तेज प्रताप सिंह (थानाध्यक्ष नवाबगंज), राम प्रकाश यादव (थाना इटियाथोक), अरविन्द यादव (थाना तरबगंज), राकेश कुमार सिंह (पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक), महिमानाथ उपाध्याय (कोतवाली देहात) एवं वेद प्रकाश शुक्ला (थना करनैलगंज) शामिल हैं। जिन्हें स्टार लगाकर शुभकामनाएं देते हुए मिठाईयां खिलाई गईं। साथ ही साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जिले की पुलिसिंग को और बेहतर बनाने की अपील किया गया है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह व अन्य पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राजभर ने किया पलटवार, कहा

# हमने जिताईं सीटें, मौर्य ने कराया सूपड़ा साफ



**बस्ती।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी सपा (सपा) नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि सपा-गठबंधन में शामिल होकर सुभासपा जिस क्षेत्र से चुनाव लड़ी, वहां गठबंधन को जीत मिली, जबकि मौर्य तो गठजोड़ को पूरा जिला ही हरा बैठे। राजभर ने बस्ती और देवीपाटन के मण्डल कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शिरकत से इतर संवाददाताओं से बातचीत में स्वामी प्रसाद मौर्य पर पलटवार करते हुए कहा, मौर्य हमें अपरिपक्व बता रहे हैं, मगर वो जहां से चुनाव लड़े वह जिला ही साफ हो गया। हम गाजीपुर से चुनाव लड़े तो पूरे जिले की सभी सीटें जीत ली। अब आप दोनों में तय कर लें कि परिपक्व कौन है और अपरिपक्व कौन। राजभर ने कहा, जब मैं भाजपा के साथ था तो पूर्वांचल में वह बड़े पैमाने पर चुनाव जीती। हमने उसका साथ छोड़ दिया तो विधानसभा चुनाव में पूर्वांचल के चार जिलों में उसका खाता तक नहीं खुल सका। इस तरह से हमने परिणाम दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य को एहसास होना चाहिए कि जब तक मैं सपा में नहीं गया था तब तक वो भी भाजपा छोड़ कर सपा में नहीं आए थे। गौरतलब है कि इस साल के शुरू में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ऐन पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने राजभर की अगुवाई वाली सुभासपा को विचार शून्य पार्टी करार देते हुए मंगलवार को कहा था कि सुभासपा मुखिया ओमप्रकाश राजभर हवा-हवाई राजनीति करके खुद ही हंसी का पात्र बन रहे हैं। उन्होंने कहा था' राजभर की कोई विचारधारा नहीं है और उनकी पार्टी विचार शून्य है। राजभर पिछले 20 वर्षों से राजनीति कर रहे थे लेकिन अपने दम पर एक भी विधायक नहीं जिता सके। उनकी पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी और चार सीटें जीती जबकि सपा के साथ गठजोड़ कर उसके छह विधायक चुनाव जीत गए।

# भदोही में करंट से पिता की मौत, बेटा झुलसा

**भदोही।** जिले के औराई क्षेत्र में बुधवार तड़के करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा उसका बेटा गम्भीर रूप से झुलस गया। औराई के तहसीलदार सुनील कुमार सरोज ने बताया कि मंगलवार देर रात औराई क्षेत्र के बाबूसराय गांव में तेज़ हवा और बारिश के चलते बिजली का तार पारस नाथ पटेल (54) नामक व्यक्ति के घर के सामने गिर गया था। सरोज ने बताया कि एक डंडे से हटाने की कोशिश करने के दौरान तार उछलकर उसके सीने से चिपक गया और उसे करंट लग गया। उन्होंने बताया कि करंट से तड़पता देख पटेल के बेटे शिव कुमार (24) ने उसे बचाने की कोशिश की, जिससे वह वह भी झुलस गया। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों ने गम्भीर रूप से झुलसे पिता-पुत्र को पास के अस्पताल पहुंचाया जहां पारस नाथ की मौत हो गई, शिव कुमार को वाराणसी के शिव प्रसाद गुप्त राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है। सरोज ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

## करंट लगने से युवती समेत दो लोगों की जान गई

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के चांदा क्षेत्र में बुधवार को करंट की चपेट में आने से एक युवती तथा एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चांदा थाना क्षेत्र के कसईपुर गांव में मुस्कान (19) नामक युवती खेत में धान की रोपाई कर रही थी। इसी दौरान छुट्टा पशुओं से बचाव के लिए लगाए गए तार का करंट लगने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार चांदा थाना क्षेत्र के ग्राम तमरसेपुर में भी ऐसी ही घटना में राम अनुज तिवारी (60) नामक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# मुठभेड़ में अंतरजनपदीय बदमाश गिरफ्तार

## शातिर के पैर में लगी गोली, अवैध असलहा व बाइक बरामद



**गोंडा।** अपराधियों के लिये देवदूत बने पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के अगुवाई वाली पुलिस की मंगलवार की देर रात्रि में एक बार एक शातिर व अंतरजनपदीय बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की घेराबंदी देखकर शातिर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जिस पर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई और पुलिस द्वारा उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अभिरक्षा में उसे जिला अस्पताल इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा एवं मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि थाना देहात कोतवाली पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुठभेड़ के दौरान शातिर व अंतरजनपदीय बदमाश सुरेंद्र गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अब इसके गैंग के सदस्यों की तलाश में जुट गई है। एसपी ने बताया कि इसका एक बड़ा अपराधिक इतिहास है। कई जनपदों में आतंक का पर्याय बने इस बदमाश के विरुद्ध गोंडा, बहराइच बस्ती, मऊ सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में लूट व गैंगस्टर एक्ट सहित कई संगीन धाराओं के मामले दर्ज हैं। बीते दो सालों से पुलिस इसके गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। जल्द ही इसके पूरे गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

## नगर पंचायत कप्तानगंज कार्यालय को मिली जमीन

**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन नें कप्तानगंज नगर पंचायत के कार्यालय भवन का निर्माण के लिए 646 एयर जमीन एलाट किया है। उन्होंने निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को दिया है। उन्होने खरीफ गोष्ठी के बाद कार्यालय के लिए भूमि का निरीक्षण किया। नगर पंचायत कार्यालय लगभग 646 एयर भूमि पर बनेगा। कप्तानगंज नगर के पास ही लगभग 200 मीटर की दूरी पर गांव की बंजर भूमि उपलब्ध हो गई है। कार्यालय भवन निर्माण के लिए शासन से धन भी पास हो गया है, जिसमें से 73 लाख रुपया कार्यदाई संस्था सीएनडीएस को उपलब्ध करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, तहसीलदार हर्रैया इंद्रमणि तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत संजय कुमार राव तथा राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# बच्चे के अपहरण में महिला को उम्रकैद

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की एक अदालत ने फिरौती के लिए एक बच्चे का अपहरण करने के मामले में एक महिला को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार दूबे ने बुधवार को बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के झौव्वारा गांव के रहने वाले उमाशंकर चौबे ने आरोप लगाया था कि गोपालापुर निवासी बृजेश शुक्ला रिश्तेदारी का फायदा उठाकर उसके घर आया और उसके नाती रूपेश कुमार को बहलाकर अपने साथ ले गया। बच्चे के काफी देर तक नहीं लौटने पर उन्होंने बृजेश से संपर्क किया, जिसने कई घंटों तक उन्हें गुमराह किया। बाद में संदेह होने पर परिजन ने बृजेश शुक्ला, उसकी पत्नी शालिनी शुक्ला और एक अन्य सुजाता थापा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामला 2016 का है। उन्होंने बताया कि बच्चे को छोड़ने के लिए परिजन से पांच लाख रुपए की फिरौती भी मांगी गई थी।

# नए साहब ने भी बजाई पुरानी मंडली जैसी डफली!

## ●चार्ज लेते ही सीएमओ ने पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी के कारनामों पर लगा दी मुहर ●सांय छह बजे ज्वाइन किया और कुछ ही घटों में नियम विरुद्व आदेश देकर अवकाश पर चले गए●जो गलत कामों का विरोध कर रहे थे, सबसे पहले उन्हीं पर ही किया वार●साजिश के तहत आते ही दो विरोधी एसीएमओ को कर दिया रिलीव●सीएमओ का चार्ज जूनियर को दे गए और वित्तीय अधिकार भी सौंप दिया

**बस्ती।** भ्रष्टाचार की परम्परा को किस तरह आगे बढ़ाया जाता है, अगर इसका सच देखना हो तो सीएमओ कार्यालय चले आइए। जिस तरह सारे नियम कानून तोड़कर पूर्व सीएमओ ने तीन-तीन सीनियर के रहते एक जूनियर को सीएमओ का प्रभार दिया था, और जिसके चलते अफरातफरी का माहौल हो गया था, और जिसकी शिकायत शासन तक हुई, उसी परम्परा को अप्रत्याशित तरीके से नए सीएमओ ने निभाना शुरु कर दिया। यानि जिसे शासन नियम विरुद्व मानता हो, उसी काम को नये सीएमओ डा. हरिदास अग्रवाल ने किया। पहले तो लोगों को लगा कि अब विभाग का बोलबाला नहीं रहेगा, और जितने भी कार्य होगें वे नियमानुसार ही होगें, मगर लोगों का सोचना गलत साबित हुआ, आठ घंटे भी नहीं बीते थे, कि सच सामने आ गया। कहा भी जा रहा था, कि नए सीएमओ के आने के बाद नियमानुसार काम होगा, और जूनियर का प्रभार समाप्त हो जाएगा, मगर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, जिसकी उम्मीद जिले के लोग लगा रहे थे, बल्कि ठीक उल्टा हुआ। अब जरा भ्रष्टाचारियों के साजिश को देखिए। नए सीएमओ सांय छह बजे ज्वाइन करते हैं, और कुछ ही घंटों में पूर्व के सीएमओ के आदेश को बहाल करते हुए न सिर्फ जूनियर डा. जय सिंह को सीएमओ का प्रभार देकर अवकाश पर चले जाते हैं, बल्कि जो काम पूर्व सीएमओ अधूरा छोड़कर गए, उसे भी इन्होंने नियम विरुद्व पूरा कर दिया, यानि एक जूनियर को सीएमओ का वित्तीय अधिकार देने वाला आदेष भी जारी कर दिया। इतना ही नहीं जिन तीन सीनियर एसीएमओ डा. जय सिंह और पूर्व सीएमओ डा. चंद्रशेखर के भ्रष्टाचार का विरोध करते हुए शासन को पत्र लिखा था, उनमें से दो को आते ही रिलीव कर दिया, अब जूनियर सीएमओ और एडी हेल्थ के लिए पूरा मैदान खाली हो गया, कोई विरोध करने वाला तक नहीं रहा। एक-एक करके जिस तरह विरोधियों को रास्ते से हटाया जा रहा है, उससे आने वाले दिनों में विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई आवाज उठाने वाला नहीं रहेगा।

**साजिश का केंद्र बना सीएमएसडी, सिंगल विंडो सिस्टम ने लिया जन्म:** जिले के हेल्थ विभाग को वैसे तो भ्रष्टाचार के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता हैं, मगर यह जिला एक और मामले में सबसे अलग पहचान बनाए हुए है। यानि प्रदेष का यह पहला ऐसा जिला है, जहां पर पूर्व सीएमओ डा. चंद्रशेखर ने सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया। यानि अगर किसी को एक पन्ना कागज भी खरीदना हो तो उसे सीएमएसडी का मोहताज होना पड़ेगा। कोई भी खरीदारी बिना सीएमएसडी के नहीं कार्यक्रम अधिकारी नहीं खरीद सकते। यह सिंगल विंडो सिस्टम सिर्फ नीजि लाभ के लिए बनाया गया, ताकि एक ही स्थान पर कमीषन का खेल होता रहे। अब जरा डीएमओ यानि जिला मलेरिया अधिकारी डा. आईए अंसारी की पीड़ा सुनिए। कहते हैं, कि सिंगल विंडो सिस्टम के लागू होने से मलेरिया के कार्यक्रम प्रभावित हो रहे है। कहते हैं, कि अगर उन्हें एक पन्ना कागज भी लेना होता हैं, तो इसके लिए सीएमएसडी पर निर्भर रहना पड़ता है। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार तक प्रभावित हो रहे है। कहते हैं, कि आज तक उनकी यह समझ में नहीं आएगा, कि आखिर इसे सेंटलाइज करने की क्या आवष्यकता था, क्यों कि इस तरह की व्यवस्था पूरे प्रदेष में नहीं है। कहा भी यह भी जा रहा है, कि एक तरह से सीएमएसडी भ्रष्टाचार और साजिश का केंद्र बन गया हैं, यही पर निर्धारित होता है, कि किस ठेकेदार को भुगतान करना है, और किसे सीएमओ का प्रभार देना है। इस सीएमएसडी पर इससे पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं, मगर हर बार बचकर निकल जाते है। सीएमएसडी भी सीएमओ आवास के सामने है, जहां पर एक साथ तीन अधिकारी रहते है, और इन्हीं तीनों की मर्जी से पत्ता हिलता है।

# भाजपा उपाध्यक्ष को हिरासत में लेकर गई मेघालय पुलिस

**हापुड़।** मेघालय पुलिस ने बुधवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बर्नार्ड एन मराक को अपनी हिरासत में ले लिया और उन्हें अपने साथ राज्य ले गई। मराक को मेघालय में अपने फार्म हाउस पर कथित रूप से वेश्यालय चलाने को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के हापुड़ से गिरफ्तार किया गया था। स्थानीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस टीम मेघालय से पिलखुआ पुलिस स्टेशन पहुंची और भाजपा नेता मराक को अपने साथ तुरा ले गई।मेघालय पुलिस ने शनिवार को पश्चिम गारो पर्वतीय जिले में पूर्व उग्रवादी नेता मराक के फार्म हाउस पर छापा मारा था जहां से उसने छह नाबालिगों को मुक्त कराया था एवं 73 लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया था। तब से मराक फरार चल रहे थे।हापुड़ पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि मंगलवार को मेघालय पुलिस ने सूचना दी थी जिसके बाद वांरट के आधार पर एसओजी और पिलखुवा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि बुधवार को मेघालय पुलिस यहां पहुंची और भाजपा नेता को लेकर मेघालय लौट गई। मेघालय में तूरा की एक अदालत ने सोमवार को भाजपा नेता की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट जारी किया था। भाजपा, राज्य में मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ मेघालय लोकतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है।मेघालय पुलिस ने पहले कहा था कि भाजपा उपाध्यक्ष को जांच में सहयोग करने एवं शिलांग सदर थाने में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था लेकिन वह गिरफ्तारी से बचते फिर रहे थे। उग्रवादी से नेता बने मराक ने दावा किया है कि वह बेगुनाह हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वह मुख्यमंत्री की बदले की राजनीति के शिकार हैं तथा उन्हें अपनी जान का भय है। प्रदेश भाजपा ने भी उनके दावे का समर्थन किया था।आरोप का खंडन करते हुए उपमुख्यमंत्री प्रिस्टोन टिनसोंग ने मंगलवार को कहा कि सरकार पुलिस को कानून के अनुसार काम करने की छूट देती है। मराक अब अस्तित्व में नहीं रहे सशस्त्र विद्रोही संगठन एएनवीसी (बी) के अध्यक्ष रह चुके हैं। एएनवीसी (बी) आचिक नेशनल वोलंटियर काउंसिल का पृथक धड़ा रहा है। बाद में मराक ने भाजपा का दामन थाम लिया और तूरा से जनजातीय परिषद चुनाव जीता।

# छात्राओं और वकीलों की याचिका पर 5 को सुनवाई

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमिशाही मस्जिद ईदगाह मामले में लखनऊ की विधि छात्राओं एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ के अधिवक्ताओं द्वारा वाद दर्ज कराने के लिए मथुरा जिला जज की अदालत में दाखिल किए गए मामले की सुनवाई अब 16 अगस्त के स्थान पर पांच अगस्त को की जाएगी। मामले के पैरोकार अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया हम लोगों ने विगत 18 मई को मथुरा जिला जज की अदालत में एक प्रार्थना पत्र देकर श्रीकृष्ण जन्मभूमिशाही मस्जिद ईदगाह विवाद में अपनी ओर से एक दावा दाखिल करने के लिए अनुमति मांगी थी। इसकी सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सप्तम) संजय चौधरी की अदालत में हो रही है। उन्होंने कहा हमारा मत है कि वर्ष 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी के बीच हुआ समझौता पूरी तरह से अवैध था, इसलिए हमारा आग्रह है कि अदालत इस संबंध में जारी किए गए डिक्री आदेश को निरस्त कर ईदगाह को अतिक्रमण मानते हुए उसे वहां से हटाने के आदेश जारी करे। सिंह ने बताया कि पिछली सुनवाई के दौरान अगली सुनवाई की तारीख 16 अगस्त नियत की गई थी, मगर उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्देश के अनुसार अगले तीन माह में प्रकरण तय करने की समयबद्धता के चलते अब यह सुनवाई भी पांच अगस्त को करना तय किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अदालत उनका पक्ष सुन चुकी है और अगली सुनवाई पर प्रतिवादियों का पक्ष सुना जाना है। गौरतलब है कि इन्हीं वादियों द्वारा सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में ईदगाह का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराए जाने के लिए दाखिल एक अन्य याचिका पर भी पांच अगस्त को ही सुनवाई होगी।


श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर से ईदगाह को हटवाने का अनुरोध करने वाले याचिकाकर्ता ने जिला न्यायाधीश की अदालत में एक पुनरीक्षण याचिका दाखिल की है।याचिकाकर्ता ने दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत में अपनी मूल याचिका का निस्तारण नहीं होने से क्षुब्ध होकर यह याचिका दाखिल की है। न्यायाधीश ने नई याचिका को स्वीकार करते हुए उसे अतिरिक्त जिला न्यायाधीश संजय चौधरी के पास भेज दिया। न्यायाधीश चौधरी ने याचिका पर सुनवाई के लिए एक अगस्त की तारीख तय की है। याची के अधिवक्ता दीपक डीएन शर्मा ने कहा कि दीवानी न्यायाधीश को इस मामले पर निर्णय देने का पूरा अधिकार था, लेकिन वह सुनवाई टालती रहीं। उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप हमें जिला अदालत का रूख करना पड़ा।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 28 जुलाई, 2022



# राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की ध्वजवाहक होंगी सिंधू

**भाषा**। बर्मिंघम



**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए बुधवार को भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाया गया। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा को ध्वजवाहक बनाने की उम्मीद थी लेकिन विश्व चैम्पियनशिप में लगी ग्रोइन चोट के कारण उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों से हटने के लिए बाध्य होना पड़ा। चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा ने विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने फिर तीन खिलाड़ियों की सूची में से सिंधु का चयन किया। इसमें दो अन्य खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक पदक विजेता-भारोत्तोलक मीराबाई चानू और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन थीं। आईओए ने फैसला करने से पहले इन दोनों के नाम पर भी विचार किया था। आईओए के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खन्ना ने विज्ञप्ति में कहा, यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि सिंधु टीम इंडिया की ध्वजवाहक होंगी। सिंधु गोल्ड कोस्ट में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भी ध्वजवाहक थीं। इसमें कहा गया, दो अन्य एथलीट चानू और बोरगोहेन भी इसके लिए योग्य थीं लेकिन सिंधु दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं तो उन्हें तरजीह दी गई। हम सिंधु से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के इस 2022 चरण में खेलों के इतिहास में महिला खिलाड़ियों का सबसे दल हिस्सा ले रहा है। खन्ना ने कहा, इसलिए आईओए को लगा कि भारत के ध्वजवाहक की भूमिका के लिए तीन महिला खिलाड़ियों को शार्टलिस्ट करके हम ओलंपिक चार्टर की भावना का पालन करते हुए लैंगिक समानता की अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हैं। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सिंधू जब उद्घाटन समारोह में भारतीय तिरंगा लेकर टीम इंडिया की अगुआई करेंगी तो इसे देखकर भारत में लाखों लड़कियां खेलों में आने के लिए प्रेरित होंगी। आईओए, की चार सदस्रीय समिति ने ध्वजवाहक का चयन किया जिसमें महासचिव राजीव मेहता, कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे और दल प्रमुख राजेश भंडारी भी शामिल थे। मेहता ने कहा, हम उन्हें बधाई देते हैं और उन्हें व टीम इंडिया के अन्य खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। भारतीय दल प्रमुख भंडारी ने कहा कि गुरुवार को होने वाले उद्घाटन समारोह में देश के दल के अधिकतम 164 प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने कहा, 164 में खिलाड़ी और टीम अधिकारी शामिल होंगे। अंतिम सूची आज शाम को तैयार हो जाएगी जो खिलाड़ियों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। भारत के कुल 215 खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे हैं। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू बर्मिंघम में महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल दावेदारों में से एक हैं।

## ध्वजवाहक बनने का मौका गंवाने से निराश हैं चोपड़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के गुरुवार को होने वाले उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक के तौर पर देश का नेतृत्व करने का मौका गंवाने पर निराशा व्यक्त की है। भाला फेंक का यह एथलीट हाल ही में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के अभियान के दौरान चोटिल हो गया था। यह 24 वर्षीय सुपरस्टार बर्मिंघम में अपने खिताब का बचाव करने के लिए पूरी तरह तैयार था, लेकिन एमआरआई स्कैन में मामूली चोट का पता चलने के बाद उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों से नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, मुझे इस बात का अफसोस है कि मैं बर्मिंघम में देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाऊंगा। मुझे विशेषकर उद्घाटन समारोह में भारतीय टीम का ध्वजवाहक बनने का मौका गंवाने से निराशा है।

## निशानेबाजी स्पर्धा न होने से अब भारत को अन्य खेलों से उम्मीदें

**बर्मिंघम (भाषा)।** निशानेबाजी स्पर्धा के नहीं होने से भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच में जगह बनाना मुश्किल होगा लेकिन बर्मिंघम 2022 के आयोजक चुनौतीपूर्ण तैयारियों के बाद सफल खेल टूर्नामेंट आयोजित करने की कोशिश करेंगे। गुरुवार की शाम को एलेक्जेंडर स्टेडियम में होने वाले उद्घाटन समारोह से इन खेलों की शुरुआत होगी। ए खेल बड़े स्तर पर आयोजित किए जाते हैं लेकिन प्रासंगिक बने रहने के लिए जूझ रहे हैं। ब्रिटेन पिछले 20 वर्षों में तीसरी बार इस बहु-स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) खेलों से जुड़े खर्चे की बाधाओं के कारण 56 देशों में से नए बोली लगाने वाले देशों को आकर्षित नहीं कर पा रहा है। ए देश ही खेल संस्था का हिस्सा हैं। सीजीएफ में हालांकि 72 सदस्य हैं लेकिन ए इन 56 देशों के ही हैं। बर्मिंघम भी 2022 चरण के लिए बोली में देर में शामिल हुआ और ऐसा तब हुआ जब दक्षिण अफ्रीका ने 2017 में इसे आयोजित करने में असमर्थता व्यक्त की थी।

बर्मिंघम 2022 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इयान रीड ने कहा, हमें इन खेलों को और कम लागत का करने की जरूरत है और उन शहरों में ले जाने की जरूरत है जिन्होंने अब तक इनकी मेजबानी नहीं की है। वर्ष 2012 लंदन ओलंपिक के बाद ए ब्रिटेन में सबसे बड़े और सबसे खर्चीला खेल टूर्नामेंट होने वाले हैं। हालांकि कोविड-19 महामारी के विपरीत प्रभाव से निपटने के बावजूद इन खेलों का बजट अब तक 778 मिलियन पाउंड बना हुआ है। आयोजन के लिए बोली लगाने में दिलचस्पी रखने वाले छोटे देशों के लिए इस राशि को कम करने की जरूरत है।

## पुरुषों की तुलना में महिलाओं को मिलेंगे अधिक स्वर्ण पदक



**बर्मिंघम (एपी)।** इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में कुछ नया होगा। बर्मिंघम में गुरुवार से शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेल पहले ऐसे खेल बन जाएंगे जहां पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक स्वर्ण पदक मिलेंगे। इस बार 11 दिन तक चलने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं को 136 स्वर्ण पदक जबकि पुरुषों को 134 स्वर्ण पदक मिलेंगे। मिश्रित स्पर्धाओं में कुल 10 स्वर्ण पदक दांव पर लगे होंगे। इस तरह की कई खेल वाली प्रतियोगिता में पहली बार ऐसा होगा जबकि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक स्वर्ण पदक हासिल करने का मौका मिलेगा।

इस बार राष्ट्रमंडल खेलों का आकर्षण महिला क्रिकेट भी होगा जिसे पहली बार इन खेलों में शामिल किया गया है। क्रिकेट में विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारत भी दावेदारों में शामिल है। भारतीय टीम पिछले टी20 विश्व कप में उपविजेता रही थी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमारे लिए यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है। हम पदक को लक्ष्य बनाकर मैदान पर उतरेंगे। हम इन खेलों को देखते हुए बड़े हुए हैं और इस बार हमें भी इस बड़ी प्रतियोगिता का हिस्सा बनने का मौका मिला है।

# अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं : किदांबी श्रीकांत



**भाषा**। नई दिल्ली

**पिछली** बार गोल्ड कोस्ट में रजत पदक जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत बर्मिंघम में गुरुवार से शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। अब अधिक परिपक्व और अनुभवी श्रीकांत ने कहा कि जब भी वह कोर्ट पर उतरते हैं तो बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। श्रीकांत ने पीटीआई से कहा, अब मैं अधिक अनुभवी और परिपक्व हो गया हूं। मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं राष्ट्रमंडल खेल 2018 में बहुत अच्छी स्थिति में था और मैं बर्मिंघम में अच्छे प्रदर्शन के प्रति आश्वस्त हूं। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रमंडल खेलों को एशियाई खेलों या विश्व चैंपियनशिप के बराबर मानता हूं। यह ऐसी प्रतियोगिता है जो हर चार साल में होती है और हमें देश के लिए पदक जीतने का मौका मिलता है। मैंने पिछले साल अच्छा प्रदर्शन किया था तथा मैं हमेशा अपनी गलतियों से सीखने और बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं। श्रीकांत ने कहा, मैं खुद की तुलना 2018 के अपने प्रदर्शन से नहीं कर सकता हूं। यदि मुझे बर्मिंघम में अच्छा प्रदर्शन करना है तो प्रत्एक दिन अपना बेहतर खेल दिखाना होगा। राष्ट्रमंडल खेल 2018 के बाद श्रीकांत को घुटने की चोट से जूझना पड़ा जिसका असर उनके खेल पर भी देखने को मिला। इससे उनकी रैंकिंग पर भी असर पड़ा लेकिन कोविड-19 के कारण विश्राम के दिनों में उन्होंने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। इसके बाद वापसी करने पर उन्होंने बेहतर परिणाम हासिल किए लेकिन तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। श्रीकांत ने कहा, कोविड-19 के कारण मैंने दो साल गंवाए क्योंकि 2020-21 में कुछ खास प्रतियोगिताएं नहीं हुई। मैं 2019 से 2021 तक चोटिल रहा लेकिन बाद में चोटों से उबर गया। उन्होंने कहा, यदि कोविड-19 नहीं होता तो चीजें भिन्न हो सकती थी। मुझे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए 5000 अंकों की जरूरत थी जिन्हें हासिल करना मुश्किल नहीं था लेकिन कई प्रतियोगिताएं रद्द कर दी गई थी। श्रीकांत ने कहा, यदि प्रतियोगिताएं नहीं होंगी तो फिर मैं क्या कर सकता हूं। मैंने ओलंपिक में नहीं खेल पाने के बारे में अधिक नहीं सोचा। एक बार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट शुरू होने पर श्रीकांत ने धीरे-धीरे लय हासिल कर दी थी। वह पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने और उन्होंने रजत पदक जीता। इस साल मई में उन्होंने भारत की थॉमस कप की जीत में अहम भूमिका निभाई थी और वह बर्मिंघम में भी इसी प्रदर्शन की पुनरावृति करना चाहते हैं।

## क्विक न्यूज

### एफसी गोवा ने डिफेंडर मार्क वालिएंटे से करार किया

**पणजी**। इंडियन सुपर लीग फ्रेंचाइजी एफसी गोवा ने बुधवार को डिफेंडर मार्क वालिएंटे से अनुबंध करने की घोषणा की। स्पेन के इस खिलाड़ी ने क्लब से एक साल का करार किया है जिससे वह 2023 की गर्मियों तक क्लब का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। एफसी गोवा के फुटबॉल निदेशक रवि पुष्कर ने कहा कि वालिएंटे एफसी गोवा की फुटबॉल शैली के लिए आदर्श साबित होंगे। स्पेन का यह डिफेंडर ला लिगा में करीब 5000 मिनट खेल चुका है और स्पेन की शीर्ष स्तरीय लीग मे काफी अच्छा प्रदर्शन कर चुका है। यह अनुभवी खिलाड़ी रियाल वालाडोलिड का हिस्सा रहा था जिसने 2013-14 सत्र में बार्सिलोना को हराया था और रियाल मैड्रिड से ड्रा खेला था।

### स्टीफन कोन्सटेनटाइन ईस्ट बंगाल के मुख्य कोच बने

**कोलकाता**। भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कोन्सटेनटाइन इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आगामी टूर्नामेंट के दौरान ईस्ट बंगाल के कोच की भूमिका निभाएंगे। क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी। दो बार भारतीय राष्ट्रीय टीम के कोच रह चुके 59 साल के कोन्सटेनटाइन की इसके साथ ही भारत मे एक बार फिर वापसी होगी। कोन्सटेनटाइन की सबसे बड़ी उपलब्धि अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान भारत को फीफा रैंकिंग में 173वें से 97वें स्थान पर पहुंचाना रही। ईस्ट बंगाल की ओर से जारी बयान के अनुसार, इमामी समूह और ईस्ट बंगाल क्लब को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कोन्सटेनटाइन को 2022-23 फुटबॉल सत्र के लिए हमारा मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

### स्वीडन को करारी शिकस्त देकर इंग्लैंड यूरो 2022 के फाइनल में

**शेफील्ड**। इंग्लैंड की महिला टीम ने स्वीडन को 4-0 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना जर्मनी या फ्रांस से होगा। इंग्लैंड की पुरुष टीम ने पिछले साल यूरो 2020 के फाइनल में पहुंची थी लेकिन वेम्बले में खेले गए फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में इटली से हार गई थी। विश्व में दूसरे नंबर की टीम स्वीडन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही कर पाई जबकि इंग्लैंड ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। इंग्लैंड ने अपने तीन गोल दूसरे हॉफ मे किए। इंग्लैंड की तरफ से बेथ मीड (34वें), लूसी ब्रांज (48वें), एलिसा रूसो (68वें) और फ्रैन किर्बी (76वें मिनट) ने गोल किए।

### एफईआई विश्व चैम्पियनशिप के लिए तैयार भारतीय घुड़सवार

**नई दिल्ली**। नई ऊंचाईयां छूते हुए भारतीय शीर्ष राइडर फौवाद मिर्जा सहित तीन घुड़सवारों ने अगस्त और सितंबर में होने वाली ड्रेसेज और इवेंटिंग विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। अनुष अग्रवाल और श्रुति वोरा डेनमार्क के हर्निंग में पांच से 11 अगस्त तक होने वाली एफईआई (अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ) ड्रेसेज विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। मिर्जा 10 से 12 सितंबर तक इटली के प्रातोनी में होने वाली एफईआई विश्व चैम्पियनशिप में खेलेंगे। भारत की इवेंटिंग टीम ने जकार्ता 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। भारतीय घुड़सवारों ने 1982 में एशियाई खेलों में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# अभी आस्ट्रेलिया के बारे में नहीं सोच रहे, ध्यान ग्रुप मैचों पर: मनप्रीत

**बर्मिंघम (भाषा)।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम का लक्ष्य बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का है लेकिन कप्तान मनप्रीत सिंह का कहना है कि खिलाड़ी एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाएंगे क्योंकि उनका ध्यान अभी ग्रुप चरण के मैचों पर लगा है। छह बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया बर्मिंघम में प्रबल दावेदार है और भारतीय टीम को अगर स्वर्ण पदक जीतना है तो उन्हें किसी ना किसी चरण में उसे हराना होगा। लेकिन मनप्रीत ने कहा कि उनके खिलाड़ी अभी से आस्ट्रेलिया के खिलाफ संभावित भिड़ंत के बारे में नहीं सोच रहे हैं। मनप्रीत ने खेलों से पहले वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, इस समय, हम ग्रुप चरण के मैचों पर ध्यान लगाए हैं और आस्ट्रेलिया के बारे में बिलकुल नहीं सोच रहे हैं। हर किसी की यही राय है कि हमें इन मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए और फिर आस्ट्रेलिया की चुनौती के बारे में तब सोचना चाहिए जब हम उनसे भिड़ेंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत रविवार को घाना के खिलाफ ग्रुप मैच से करेगी। आस्ट्रेलिया ने अब तक राष्ट्रमंडल खेलों के छह हॉकी फाइनल में सभी में जीत दर्ज की है।



भारतीय कप्तान ने कहा, बतौर टीम हमने एक लक्ष्य बनाया है कि हम बर्मिंघम में एक पदक जीतें और हम उम्मीदों का बोझ भी महसूस कर सकते हैं। लेकिन उस चरण तक पहुंचने के लिए हमें प्रत्एक मैच में अपना बेहतरीन करना होगा और प्रतिद्वंद्वी टीम को हल्के में आंकने की गलती नहीं करनी होगी। घाना के खिलाफ 30 साल के मनप्रीत का भारतीय टीम के लिए 300वां मैच होगा। उन्होंने अपने करियर को उतार चढ़ाव भरा करार दिया। उन्होंने कहा, यह यात्रा बहुत ही विशेष रही है। इतने लंबे समय तक भारत के लिए खेलना बहुत सम्मान की बात है। इस खेल ने मुझे जिंदगी के बारे में काफी चीजें सीखाई हैं। उन्होंने कहा, मैंने 2011 में पदार्पण किया था जब भारत ने एशियाई चैम्पियंस ट्राफी जीती थी।

## भारतीय टीम में वापसी को लेकर उत्साहित हूं: अपटन

**नई दिल्ली (भाषा)।** मशहूर मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटप इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले अल्पकालिक अनुबंध के लिए भारतीय टीम से फिर से जुड़ने को लेकर उत्साहित हैं। विश्व कप 2011 की चैंपियन भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल रहे अपटन वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। वह आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप तक भारतीय टीम का हिस्सा रहेंगे। अपटन ने ट्वीट किया, भारतीय टीम में वापसी तथा लंबे समय तक मेरे साथी रहे, मेरे दोस्त और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं और खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। राजस्थान रॉयल्स का आभार जिसके साथ हम दोनों साथ में रहे थे। अपटन को पहली बार पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम से जुड़ा था जब उन्होंने 2008 में सीनियर राष्ट्रीय टीम का जिम्मा संभाला था। इन दोनों ने 2011 तक सफल जोड़ी बनाई थी। इसके बाद अपटन विभिन्न आईपीएल टीमों से जुड़े रहे और उन्होंने राजस्थान रॉयल्स में द्रविड़ के साथ काम किया था।

# बारिश के कारण खेल रुका, धवन और गिल के अर्द्धशतक से भारत के एक विकेट पर 115 रन


एकदिवसीय क्रिकेट मैच

**भाषा**। पोर्ट आफ स्पेन

**कप्तान** शिखर धवन और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के अर्धशतक से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां बारिश के कारण खेल रोके जाने तक 24 ओवर में एक विकेट पर 115 रन बनाए।

धवन और शुभमन ने पहले विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की जो इन दोनों की श्रृंखला में दूसरी शतकीय साझेदारी है। पहले मैच में 97 रन की पारी खेलने वाले धवन 74 गेंद में 58 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे।धवन ने अपनी पारी में सात चौके जड़े। वह हेडन वाल्श की गुगली पर वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन को मिड विकेट पर आसान कैच देकर पवेलियन लौटे। खेल रोके जाने के समय गिल 65 गेंद में 51 रन बनाकर क्रीज पर थे। वह अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का जड़ चुके हैं। श्रेयर अय्यर दो रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं।

# शतरंज ओलंपियाड में सभी की निगाहें भारत पर

**भाषा**। मामल्लापुरम



**कुछ शीर्ष** टीमों की अनुपस्थिति में भारत गुरुवार से यहां शुरू होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। शतरंज में चोटी की टीम रूस और चीन इस बार शतरंज ओलंपियाड में भाग नहीं ले रहे हैं। ऐसे में भारत ओपन और महिला वर्ग में तीन तीन टीमें उतारेगा। यहां शतरंज का बुखार अपने चरम पर है और सभी की निगाहें भारतीय टीमों पर टिकी हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन और दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने ओलंपियाड में नहीं खेलने का फैसला किया है। वह इस बार भारतीय टीमों के मार्गदर्शक (मेंटोर) के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। निश्चित तौर पर भारतीय टीम उनके अनुभव का पूरा लाभ उठाना चाहेंगी। भारत ए टीम को सितारों से सजे अमेरिका के बाद दूसरी वरीयता दी गई है। वह मैगनस कार्लसन की अगुवाई वाले नॉर्वे, अमेरिका और अजरबैजान के साथ खिताब के दावेदारों में शामिल है। भारत बी टीम में युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिनके कोच आर बी रमेश हैं। भारत भी टीम को 11वीं वरीयता दी गई है और उसे छुपा रुस्तम माना जा रहा है।


शतरंज ओलंपियाड में इस बार ओपन वर्ग में रिकॉर्ड 188 टीमें और महिला वर्ग में 162 टीमें भाग लेंगी। इनमें छह टीमें भारत की शामिल हैं। भारत को मेजबान होने के कारण अतिरिक्त टीमें उतारने का अवसर मिला। रूस और चीन की अनुपस्थिति में मुकाबला थोड़ा आसान हो गया है लेकिन इससे अन्य टीमों को अपनी चमक बिखेरने का मौका मिलेगा। जैसे कि अमेरिका की टीम है जिसमें फैबियो कारूआना, वेस्ले सो, लेवोन आरोनियन, सैम शैंकलैंड और लीनियर डोमिनिग्ज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इनकी औसत ईएलओ रेटिंग 2771 है जिससे वह खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। लेकिन ओलंपियाड जैसी टीम प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की फॉर्म के अलावा टीमवर्क भी महत्वपूर्ण होता है। भारत ने नॉर्वे के ट्रॉमसो में 2014 में खेले गए ओलंपियाड में ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता था जबकि 2020 के ऑनलाइन ओलंपियाड में वह रूस के साथ संयुक्त विजेता रहा था। भारत ने 2021 में कांस्य पदक हासिल किया था। भारत के पास अब फिर से सोने का तमगा जीतने का स्वर्णिम अवसर रहेगा।

दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ए जहां खिताब के दावेदारों में शामिल है वहीं भारत बी टीम में कई प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें डी गुकेश और आर प्रज्ञाननंदा के अलावा निहाल सरीन, रौनक साधवानी और अनुभवी बी अधिबान शामिल हैं। कोच रमेश के अनुसार वे किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं। इस लंबी अवधि की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पूरे 11 दौर तक खुद को प्रेरित रखना होगा और यह अंतिम परिणाम में अहम भूमिका निभाएगा। यहां तक कि मौजूदा विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ियों की काफी तारीफ की है और उनके अनुसार भारतीय टीम पदक के दावेदारों में शामिल हैं। भारत ए टीम में अनुभवी पी हरिकृष्णा और तेजी से उभरते अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, अनुभवी के शशिकिरन और एस एल नारायणन शामिल हैं। गुजराती तब कप्तान थे जब देश ने 2020 ऑनलाइन ओलंपियाड में रूस के साथ स्वर्ण साझा किया था।

# धवन, अय्यर आईसीसी वनडे रैंकिंग में आगे बढ़े

**भाषा**। दुबई





**भारत** के कार्यवाहक कप्तान शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज धवन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में 97 रन की मैच विजेता पारी खेली थी। भारत ने यह मैच तीन रन से जीता था। इस बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में अर्धशतक जड़ने वाले भारत के अन्य बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 20 पायदान की लंबी छलांग लगाकर बल्लेबाजों की सूची में 54वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अय्यर ने पहले दो वनडे में 54 और 63 रन की उपयोगी पारियां खेली थी।

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 100 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में 57 रन देकर दो विकेट लिए थे और वह रैंकिंग में अभी 97वें स्थान पर हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा को वेस्टइंडीज के खिलाफ इस श्रृंखला में विश्राम दिया गया है, जिसका असर उनकी रैंकिंग पर भी पड़ा।